रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹75,300 10 ग्राम

₹88,070 01 किलो

सेंसेक्स 80,004.06 −105.79 | डॉलर 84.294 +0.026

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 27 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 292, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 मेगा नीलामी में पांच सबसे महंगे...

## संविधान अंगीकरण की वर्षगांठ पर 'संविधान सदन' के केंद्रीय कक्ष में कार्यक्रम आयोजित

# जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है भारतीय संविधान : द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय संविधान को जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसके माध्यम से हमने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। राष्ट्रपति मुर्मू संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ के वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरुआत करने के लिए संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने देशवासियों से अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को शामिल करने, मौलिक कर्तव्यों का पालन करने और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। हमारे दूरदर्शी संविधान निर्माताओं ने बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुसार नए विचारों को अपनाने की व्यवस्था प्रदान की थी। हमने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। आज हमारा देश एक अग्रणी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ विश्व बंधु के रूप में भी अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान हमारे लोकतांत्रिक गणतंत्र की मजबूत आधारशिला है। हमारा संविधान हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत गरिमा सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर सभी देशवासियों ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाया। अगले वर्ष 26 जनवरी को हम अपने गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे।

उन्होंने कहा कि एक अर्थ में भारत का संविधान कुछ महानतम लोगों द्वारा लगभग तीन वर्षों के विचार-विमर्श का परिणाम था, लेकिन सही अर्थों में यह हमारे लंबे स्वतंत्रता संग्राम का परिणाम था। उस अतुलनीय राष्ट्रीय आंदोलन के आदर्शों को संविधान में शामिल किया गया। उन आदर्शों को संविधान की प्रस्तावना में संक्षेप में शामिल किया गया है। वे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता हैं। इन आदर्शों ने सदियों से भारत को परिभाषित किया है। संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित आदर्श एक-दूसरे के पूरक हैं। साथ मिलकर वे एक ऐसा वातावरण बनाते हैं, जिसमें प्रत्येक नागरिक को फलने-फूलने, समाज में योगदान देने और साथी नागरिकों की मदद करने का अवसर मिलता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे संवैधानिक आदर्शों को कार्यपालिका, विधायिका और शेष पेज 11 पर



**राष्ट्रपति ने कहा**

**अपने** आचरण में हम संवैधानिक आदर्शों को करें शामिल

**हमारे** गणतंत्र की मजबूत आधारशिला है हमारा संविधान

**हमने जो सबक सीखे हैं, उन्हें अगली पीढ़ियों तक पहुंचाएं :** राष्ट्रपति ने कहा कि लगभग तीन-चौथाई सदी की संवैधानिक यात्रा में राष्ट्र ने उन क्षमताओं को अर्जित करने और सार्थक परंपराओं को विकसित करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमने जो सबक सीखे हैं, उन्हें अगली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2015 से हर साल 'संविधान दिवस' के समारोहों से हमारे युवाओं में देश के बुनियादी दस्तावेज यानी संविधान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली है।

## संविधान व संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करता हूं : पीएम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह में शामिल हुए। पीएम मोदी ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के संविधान का यह 75वां साल पूरे देश के लिए एक असीम गौरव का दिवस है। मैं आज भारत के संविधान को, संविधान सभा के सभी सदस्यों को आदरपूर्वक नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व का जब हम स्मरण कर रहे हैं, तब ये भी नहीं भूल सकते कि आज के ही दिन मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। इस हमले में जिन व्यक्तियों का निधन हुआ, उन्हें मैं श्रद्धांजलि देता हूं। मैं देश का यह संकल्प भी दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे संविधान निमार्ता ये जानते थे कि भारत की आकांक्षाएं, भारत के सपने समय के साथ नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे। वे जानते थे कि आजाद भारत और भारत के नागरिकों की जरूरतें बदलेंगी, चुनौतियां बदलेंगी। इसलिए उन्होंने हमारे संविधान को महज कानून की एक किताब बनाकर नहीं छोड़ा, बल्कि इसे एक जीवंत, निरंतर प्रवाहमान धारा बनाया। शेष पेज 11 पर

## लातेहार में पुलिस-उग्रवादी मुठभेड़ में दो हुए गिरफ्तार

**लातेहार।** एसपी कुमार गौरव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर सोमवार की रात हुई मुठभेड़ की घटना की विस्तृत जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सोमवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हेरहंज थाना क्षेत्र में गत दिनों हाइवा जलाने वाले जेजेएमपी के उग्रवादी मनिका और हेरहंज थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित सिकित-बंदुआ गांव के बीच जमे हुए हैं और किसी हिंसक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम गठित की गई और उग्रवादियों के खिलाफ छापेमारी की गई। पुलिस की टीम जैसे ही घटनास्थल की ओर पहुंची वैसे ही उग्रवादियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। खुद को कमजोर पड़ता देख उग्रवादी जंगल की ओर भागने लगे, जिनमें दो उग्रवादियों को पुलिस ने पकड़ लिया। अन्य उग्रवादी भागने में सफल रहे। गिरफ्तार उग्रवादियों में बंदुआ हेरहंज निवासी अजय कुमार उर्फ अजय गंझू और मनिका निवासी उपेंद्र यादव शामिल हैं।

## अन्नपूर्णा देवी आज करेंगी 'बाल विवाह मुक्त भारत' का शुभारंभ



**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी बुधवार को भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय अभियान 'बाल विवाह मुक्त भारत' का शुभारंभ करेंगी। विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 'बाल विवाह मुक्त भारत' पोर्टल का अनावरण किया जाएगा।

## आरबीआई गवर्नर को अस्पताल से मिली छुट्टी



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वे एसिडिटी संबंधी शिकायतों के बाद सोमवार रात चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराए गए थे। अब उनका स्वास्थ्य ठीक है। आरबीआई के प्रवक्ता ने मंगलवार को मीडिया को दी जानकारी में बताया कि शक्तिकांत दास की हालत ठीक है।

## शशि रुइया का निधन पीएम ने जताया शोक



**नई दिल्ली।** एस्सार समूह के सह-संस्थापक 81 वर्षीय शशि रुइया का सोमवार की देर रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उद्योगपति रुइया ने अपने भाई रवि के साथ मिलकर एस्सार की स्थापना की थी। रुइया के परिवार में उनकी पत्नी मंजू और दो बेटे प्रशांत तथा अंशुमान हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुइया के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## ऐतिहासिक विजय के ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी में हेमंत सोरेन

# सीएम ने दिया पीएम को न्योता

### कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने दिल्ली में की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात

### साथ में थीं उनकी पत्नी गांडेय विस सीट से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन

नवीन मेल डेस्क

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी से 28 नवंबर (गुरुवार) को रांची में अपनी सरकार के प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी और गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को झारखंड के विधानसभा चुनाव में जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर की हैं।

हेमंत सोरेन ने भी इस मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, 'दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात कर उन्हें 28 नवंबर को 'अबुआ सरकार' के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में मिली ऐतिहासिक विजय की ऐतिहासिक शपथ ग्रहण की तैयारी में लगे हेमंत सोरेन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले। हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी थीं। इसके पहले, हेमंत सोरेन ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, वायनाड की नवविर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में उन्हें भी आमंत्रित किया है। ज्ञात हो कि झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे विगत 23 नवंबर को घोषित किए गए थे। इसमें हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन को 56 सीटें हासिल हुई हैं। झामुमो को 34, कांग्रेस को 16, राजद को चार और सीपीआई एमएल को दो सीटों पर जीत मिली है। राज्य में पहली बार कोई सरकार दो तिहाई बहुमत के साथ बनने जा रही है।



### शपथ ग्रहण की तैयारियां जोरों पर

**रांची ।** झामुमो नेता हेमंत सोरेन और मंत्रिपरिषद के सदस्यों के 28 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। शपथ ग्रहण को लेकर जिला प्रशासन और रांची पुलिस मोरहाबादी मैदान में सुरक्षा के साथ-साथ समारोह को भव्य बनाने की पूरी तैयारी कर रही है। वीवीआईपी और वीआईपी मेहमानों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राजधानी रांची में उनके समर्थकों का भारी हुजूम उमड़ने वाला है। राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोगों के आने का अनुमान है। कई बड़े राजनेता सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने वाले हैं। शेष पेज 11 पर

### कैबिनेट में जगह पाने की है होड़

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में आईएनडीआईए की जबरदस्त जीत के बाद हेमंत सोरेन 28 नवंबर को राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। वहीं, झामुमो, कांग्रेस और राजद के नवनिर्वाचित विधायकों में सोरेन की नई कैबिनेट में जगह पाने के लिए होड़-सी मची हुई है। सूत्रों के अनुसार, हेमंत सोरेन की सरकार में इस बार भी पुराने फॉर्मूले - छह, चार और एक - के आधार पर ही मंत्रिमंडल का गठन होगा। झामुमो से 6, कांग्रेस से 4 और राजद से एक मंत्री बनाए जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि नई सरकार की रूपरेखा पर हेमंत सोरेन की कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से बातचीत हुई है। इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को 34 सीटों पर जीत हासिल हुई है। शेष पेज 11 पर

## हेमंत सोरेन का बड़प्पन कितना काम आएगा?

ब्यूरो । नई दिल्ली

इस बार चुनाव जीतने के बाद शपथ ग्रहण करने से पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ भाजपा के सर्वोच्च सत्ताधारी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनके बाद दूसरे नंबर के सत्ताधारी नेता गृहमंत्री अमित शाह से आशीर्वाद लेने दिल्ली आए थे। पीएम मोदी से मिलने के बाद हेमंत सोरेन ने दिल्ली में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, आप सभी को नमस्कार। आने वाले दिनों में भी बैठकें होंगी। बहुत सारी बातें हैं। हमें अपनी सरकार बनानी है। हम यहां आशीर्वाद के लिए आए हैं।

शेष पेज 11 पर

## सोरेन सरकार ला रही नौकरियों की बहार

ब्यूरो । नई दिल्ली

इस बार सोरेन सरकार राज्य में नौकरियों की बहार लाने वाली है। युवकों को उम्मीद है कि झारखंड लोक सेवा आयोग व झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की लंबित पड़ी नियुक्तियां अब शुरू होंगी। झारखंड लोक सेवा आयोग में लगभग 1700 नियुक्ति की प्रक्रिया लंबित पड़ी है, जो कि नई सरकार के गठन के बाद शुरू हो जाएगी। आयोग को सबसे पहले 11वीं से 13वीं सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी करना है, जो जून 2024 से ही लंबित पड़ा है। मुख्य परीक्षा का परिणाम आना है। शेष पेज 11 पर

## 14वें मुख्यमंत्री के रूप में कल शपथ लेंगे हेमंत

**रांची।** झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन का शपथ ग्रहण समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर को आयोजित होगा। समारोह अपराह्न चार बजे आयोजित होगा। मुख्यमंत्री के साथ कुछ अन्य मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। ज्ञात हो कि विगत रविवार को हेमंत सोरेन को आईएनडीआईए के विधायकों ने औपचारिक तौर पर अपना नेता चुना था। झामुमो ने बताया है कि शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए राजद प्रमुख लालू प्रसाद, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल, सीपीआईएमएल के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य सहित तमिलनाडु, दिल्ली, पंजाब, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री को भी आमंत्रण भेजा गया है। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# संविधान खतरे में है या नहीं, समझने के लिए इसे जानना जरूरी है



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भारत निर्माण के 75 साल पूरे होने पर एक वक्तव्य बार-बार स्मरण हो आता है जब कुछ लोग राजनीतिक बयानबाजी की तरह बार-बार बोलते हैं कि संविधान खतरे में है आज दिल्ली के एक कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद, वरिष्ठ वकील और कांग्रेसी नेता अभिषेक मनु सिंघवी, पूर्व राज्यसभा सांसद और पूर्व राजदूत डॉ पवन वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने इस सवाल पर केंद्रित चर्चा में भाग लिया कि क्या विपक्षी दलों के कथनानुसार संविधान खतरे में है? राज्यसभा सांसद, वरिष्ठ वकील और कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने विपक्ष की और से संविधान के खतरे में होने की बात कहे जाने से जुड़े सवाल पर कहा कि जब हम कहते हैं कि हनन हो रहा है तो सरल बात है कि मूल्यों का हनन हो रहा है। संविधान के मूल तत्वों की कमी हो रही है। संविधान के मूल्यों वाले कई स्तंभ हैं, धर्म निरपेक्षता, पंथ निरपेक्षता, सौहार्द, संघीय ढांचा,संसदीय गणतंत्र, सीएजी, यदि आप इन स्तभों को कमजोर करते हैं, तो अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ चिंताजनक घटनाक्रम हैं। देश में दुराव, अविश्वास, विभाजन की राजनीति, संस्थाओं को कमजोर करना और ब्यूरोक्रेसी में वफादारी की कसौटी सबसे ऊपर है। चुनाव आयोग की जो विश्वसनीयता पहले थी वह अब नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने कहा , ''संविधान 75 साल में सिर्फ एक ही बार तोड़ा गया था, इमरजेंसी के समय। तब हम 14 महीने जेल में रहे थे, सत्याग्रह करके गए थे। देश में एक लाख 30 हजार लोग बंदी बनाए गए थे। यह देश को पता भी नहीं चला, सेंसरशिप थी। इमरजेंसी क्यों लगाई गई थी, क्योंकि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा जी को पद से हटाया था। उसको ठीक करने के लिए वे 39 अमेंडमेंट लाई थीं। इसमें कोर्ट के सारे अधिकार समाप्त कर दिए थे तो वह सुनवाई नहीं कर सकता था।'' उन्होंने कहा कि ''42वां संविधान संशोधन तो लोकतंत्र की भयंकर हत्या थी। तब के एटॉर्नी जनरल नीरेन डे ने कोर्ट से कहा था कि कितने भी समय तक सरकार को बंदी बनाकर रखने का अधिकार है, बिना जांच के, बिना सबूत के और बिना सुनवाई के ? कोर्ट ने कहा था कि क्या उन्हें जीने का अधिकार है तो नीरेन डे ने कहा था कि सरकार यदि चाहे तो किसी की जान भी ले सकती है। उस समय सारी अभिव्यक्ति की, संगठन की स्वतंत्रता समाप्त का दी गई थी, कार्यक्रम करने की, आंदोलन करने की आजादी नहीं थी। जो संविधान संशोधन किया जाएगा उसको कोई चैलेंज भी नहीं कर सकता था।'' पूर्व राज्यसभा सांसद और पूर्व राजदूत डॉ पवन वर्मा ने कहा, ''संविधान महज एक कागज का टुकड़ा है यदि उसकी आत्मा को जीवित न रखा जाए। इमरजेंसी में संविधान के कुछ मूल सिद्धांतों का हनन हुआ था। वह 1977 की बात है. पर ऐसा नहीं है कि सरकारें आज की हों या पहले की हों, संविधान की आड़ में संविधान की आत्मा पर प्रहार होता चला आया है। संविधान की आत्मा तब तक स्वस्थ रहती है जब तक उसके मूल स्तंभ कमजोर नहीं होते। न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और चौथा मीडिया। ब्यूरोक्रेसी स्वतंत्र राय देने के काबिल नहीं बची है। इससे संविधान को खतरा है।'' इस चर्चा से इतर बात करें तो संविधान भले लिखित रूप में 75 साल पहले आया पर भारत में प्राचीन काल से धर्म को ही संविधान की मान्यता मिली हुई थी और सम्मान भी । भारत की इस परंपरा का आज भी धर्मभीरु जनता पालन करती है कि ऐसा करना शास्त्र सम्मत नहीं और जैसा पहले राजाओं के सलाहकार चेतावनी के रूप में कहते थे कि राजन आप धर्म मार्ग से विमुख हो गए हैं उसी प्रकार आज भी धार्मिक आस्थावान परिवारों में बात बात पर राम चरित मानस की चौपाई,कहावतें या कबीर दास से लेकर रहीम तक के दोहे सुनाकर चरित्र निर्माण की बातें सिखाई जाती हैं और विशेष रूप से बच्चों या युवा पीढ़ी को प्रेरित किया जाता है पर आधुनिक पश्चिमी शिक्षा के अंधानुकरण ने भारतीय मूल्यों का न सिर्फ मज़ाक उड़ाया बल्कि कहावतें,मुहावरे तक आज अंग्रेजी साहित्य के सुनाए जाते हैं क्योंकि भारतीय साहित्य या हिंदी पढ़ने वालों को हेय दृष्टि से देखा जाने लगा है । यही हाल हमारे संविधान का है यदि ईमानदारी से सर्वे किया जाए अधिकांश जनप्रतिनिधि पंचायत से लेकर संसद तक संविधान के बारे में पूरी जानकारी नहीं रखते । पहले सरकारी स्कूलों में नीति शास्त्र और भारतीय संविधान के मूल तत्व सभी को पढ़ाए जाते थे जिस कारण बच्चे इनकी बुनियादी बातों को जानते थे । आज नौकरी दिलाने वाली पढ़ाई के दौर में सिर्फ सफल होना आवश्यक है जो उचित नहीं ।हमें मध्यममार्गी बनना चाहिए यदि संविधान का हनन हो रहा है तो कोर्ट उसके संरक्षक है और हमें स्वयं संवैधानिक संस्थाओं का राजनीति से परे सम्मान करना चाहिए।




### बरहेट में बोले बाबूलाल मरांडी

## लोकतंत्र के रक्षकों पर हमला कर रहे झामुमो-कांग्रेस के गुंडे



नवीन मेल डेस्क

**रांची/बरहेट।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मंगलवार को बरहेट (साहिबगंज) के दौरे पर थे। उन्होंने बरहेट के भाजपा प्रत्याशी गामालियन हेंब्रम के समर्थन में वोट करने वाले इमाम मिर्जा सहित अन्य से मुलाकात की तथा उनके घर पर झामुमो व कांग्रेस के गुंडों द्वारा किए गए पथराव की जानकारी ली। मरांडी ने घटना की तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा कि आज संविधान दिवस है। भारत का संविधान लोकतंत्र का सुरक्षा कवच है, लेकिन कांग्रेस और झामुमो सत्ता के अहंकार में लोकतंत्र के रखवालों पर हमला कर रहे हैं। इमाम मिर्जा के घर पर सिर्फ इसलिए पथराव किया गया, क्योंकि उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया। कहा कि आंखों को बंद करने से खतरा नहीं जाएगा, अरे वो देखना पड़ेगा जो देखा नहीं जाएगा।

शेष पेज 11 पर



## धरती आबा के वंशज का हो बेहतर इलाज : सीएम हेमंत

**रांची।** राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज के बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके बाद उपायुक्त खूंटी ने जानकारी दी है कि सिविल सर्जन के नेतृत्व में रिम्स में चिकित्सकों के जरिये उनका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के परामर्श पर एयर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा ने बताया कि खूंटी सिविल सर्जन के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक स्वास्थ्य टीम का गठन कर रिम्स भेजा गया है, जिससे उन्हें हर संभव स्वास्थ्य सुविधा दिया जा सके। मामले में सरकार एवं जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है, चिकित्सकों के परामर्श पर उच्च स्तरीय इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि सोमवार की रात्रि में भगवान बिरसा मुंडा के परिजन मंगल मुंडा खूंटी में सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए थे। उनका इलाज रिम्स में हो रहा है। मामले की जानकारी के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने उपायुक्त खूंटी को मंगल मुंडा के बेहतर इलाज का निर्देश दिया। फिलहाल, मंगल मुंडा की हालत स्थिर बनी हुई है।

## देश में उन्माद का वातावरण बना रही भाजपा : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अभी तक सदमे से बाहर नहीं आए हैं। जनता द्वारा नकारे जाने के बाद अपने हार के कारणो को ढूंढ़ने के बजाए महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को उन्मादी बता रहे हैं। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय द्वारा महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को जामताड़ा, बरहेट, पाकुड़, राजमहल, बहरागोड़ा आदि क्षेत्रों में अभद्रता




का दोषी ठहराए जाने पर उन्होंने कहा कि पूरे देश में उन्माद का वातावरण बनाने वाली भाजपा-आरएसएस को हर व्यक्ति उन्मादी नजर आता है। उन्होंने कहा कि हकीकत यह है कि भाजपा समाज में विषाक्त वातावरण बनाने के लिए माहौल और मौके की तलाश में रहती है। आलाकमान के सामने अपने नेतृत्व में हुई हार का रुख मोड़ने के लिए बाबूलाल मरांडी बरहेट का दौरा कर रहे हैं और भाजपा की असफलता को दबाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि रवींद्र राय कहते हैं कि जहां अल्पसंख्यक समुदाय की संख्या अधिक होती है, वहां अत्याचार होते हैं और दूसरी ओर कहते हैं कि बरहेट में भाजपा के अल्पसंख्यक समर्थकों पर हमले हुए, ऐसी दोहरी बातें भाजपा के नेता ही कर सकते हैं।

# झारखंड को बंगाल बनाने की भूल नहीं करें झामुमो: डॉ रवींद्र राय

## भाजपा कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतरने को मजबूर नहीं करें

- **बहरागोड़ा में नवनिर्वाचित विधायक के भतीजे और भांजा फैला रहे अराजकता**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने 26 नवंबर को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव को बहुत ही सहज ढंग से लेती है। पार्टी की पांच निष्ठा है, उसमें दूसरी सबसे महत्वपूर्ण निष्ठा लोकतंत्र है। इसलिए जब झारखंड के विधानसभा चुनाव परिणाम आया था, तब सहज ढंग से उसे परिणाम को स्वीकार किया था। उसके अनुसार पार्टी की भूमिका को आगे तय करने का ऐलान भी किया था। उन्होंने कहा कि पार्टी नहीं चाहती है कि लोकतंत्र में टकराहट हो। सकारात्मक सहयोग की भूमिका विपक्ष और सत्ता पक्ष से भी महसूस करते हैं, यह होना चाहिए। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की दो तिहाई बहुमत से सरकार बन रही है। पूरे देश के लोग महाराष्ट्र के चुनाव परिणाम से अचंभित है। हालांकि वहां सहज ढंग से सामाजिक जीवन




चल रहा है। दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के समर्थक चुनाव परिणाम आने के बाद अहंकार में चूर हो गए हैं और लोकतंत्र को कलंकित करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से खुशी के माहौल में दूसरे को अपमानित किया जा रहा है। भाजपा इंतजार में थी यह थम जाएगा, लेकिन लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा और उनके सहयोगी दलों के लोग प्रदेश में अलग-अलग जगह पर अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। डॉ राय ने कहा कि मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र बरहेट मैं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ने अच्छे ढंग से चुनाव लड़ा। करीब 60 हजार से अधिक वोट भी प्राप्त किया। वहां कई मुस्लिम परिवार के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में काम किया झंडा बांधा। उनके घरों में हमले किए गए। उन्हें भयभीत करने का काम किया गया। अराजकता पैदा करने की कोशिश हर जगह हो रही है। इसके मद्देनजर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को बरहेट का दौरा किया। इस तरह की घटना पाकुड़ में भी घटी है। राजमहल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को भयभीत करने और सामाजिक उत्पीड़न देने का काम किया जा रहा है। बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र में जीते झामुमो उम्मीदवार के समर्थक पिछले तीन दिनों से लगातार चाकुलिया, बहरागोड़ा में उत्पात मचा रहे हैं। भाजपा सांसद के कहने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सका है।

डॉ राय ने कहा कि सीता सोरेन चुनाव की गणना के बाद जब निकली, तब उनके कार्यकताओं द्वारा अभद्र शब्द का प्रयोग किया गया। जामताड़ा में उन्हें मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का काम किया गया। चुनाव के समय भी उनके खिलाफ गंदे शब्दों का प्रयोग किया गया था। जामताड़ा में हिंदू समाज के परिवार की शादी हो रही थी, वहां जुलूस निकालने वाले मुसलमान लोगों ने शादी में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। वहां थानेदार को माफी मांगनी पड़ी। चाहे राजमहल हो, पाकुड़ हो, जामताड़ा हो या मधुपुर हो। जहां-जहां अल्पसंख्यक समाज की बहुलता है, वहां समाज में तनाव पैदा करने का काम वे कर रहे हैं। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि पिछले दो दिनों से लगातार पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, प्रत्याशी, सत्र छोड़कर सांसद शांति स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को झारखंड में कमजोर समझने की गुस्ताखी इंडी गठबंधन के लोग नहीं करें।

## संविधान भारत की आत्मा व गौरव है : डॉ रवींद्र राय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा संविधान सभी देशवासियों को समान अधिकार एवं समान अवसर देता है। संविधान दिवस पर उन्होंने कहा कि संविधान सभी को मौलिक अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराम आंबेडकर ने संविधान को देश की आत्मा बताई थी।

भारतीय संविधान ने एक नये भारत के निर्माण की आधारशिला रखी है। आज हमारा देश एक विकसित, सशक्त और स्वाभिमानी भारत के निर्माण के मजबूत संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। संविधान दिवस के इस पवित्र अवसर पर मैं बाबा साहेब अंबेडकर समेत उन सभी महान विभूतियों को नमन करता हूँ जिन्होंने भारतीय संविधान की रचना में अपना योगदान दिया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा बाबा अंबेडकर साहब ने कहा था- हमारा संविधान एक ऐसा दस्तावेज होना चाहिए, जो न केवल हमारी देश की स्वतंत्रता और समानता की रक्षा करें बल्कि देश के लोगों को एक साथ लाने में मदद करें। भारत जैसे विशाल देश के लोकतंत्र की शक्ति हमारा संविधान ही है, जो हर व्यक्ति के लिए न्याय और समान अधिकार

### हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है : कर्मवीर सिंह



सुनिश्चित कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का मंत्र देता है। हमारा विश्वास है कि संविधान सिर्फ मंचों पर दिखाने की एक पुस्तक नहीं,बल्कि पूर्ण श्रद्धा से आत्मसात कर सार्वजनिक जीवन में अपना सर्वोच्च योगदान देने की कुंजी है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश प्रसाद, अविनेश कुमार,सीमा पासवान, पूर्व विधायक रामचंद्र नायक,हेमंत दास,जोगेंद्र लाल,शोभा यादव,खुदा राम,कमलेश राम,सुबोधकांत,राजीव राज लाल,संदीप कुमार,युवराज पासवान,कर्नल वी. के सिंह,गोविंदा बाल्मिकी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## परिसीमन कराना संवैधानिक प्रक्रिया सवाल उठाना गलत : राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि परिसीमन कराना संवैधानिक प्रक्रिया है। इसमें कोई राजनीतिक नहीं होना चाहिए। बिना किसी का नाम लिए कहा कुछ नेता ने परिसीमन को लेकर सवाल खड़े किए हैं जो कहीं से भी सही नहीं है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि कुछ लोग मूलवासी के नाम पर घड़ियाल आंसू बहाते हैं। मूलवासी की बात करने वालों से सवाल किया, कि मूलवासी कौन है? प्रसाद ने कहा कि मूलवासी को ही सदान कहा जाता है। जिनकी आबादी 65%है,सिर्फ लोग मूलवासी सदानों की बात कर सदानों की भावनाओं से खिलवाड़ करने का काम करते हैं।

## सुदेश अब खुद हो गए हैं बेरोजगार : झामुमो

रांची। झामुमो ने आजसू पर तंज कसा है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आजसू को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आजसू सुप्रीमो अब खुद बेरोजगार हो गए हैं। केला अब अकेला रह गया है। सुदेश महतो झारखंड में रोजगार देने वाली सरकार बनाने की बात कर रहे थे। अब मांडू के विधायक ने उन्हें रोजगार का ऑफर दिया है, जो स्वागत योग्य है। सुप्रियो मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बताते चलें कि आजसू ने 10 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें एक सीट ही आजसू बचा पाई।झारखंडी पर्यटन स्थल सुप्रियो भट्टाचार्य ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को फ्रंट में लाने की वकालत की है। उन्होंने यह भी कहा कि सुदेश महतो ने चंद्रप्रकाश को तवज्जो नहीं दी। उन्हें लगातार हाशिए पर रखा गया। चंद्रप्रकाश को मोदी सरकार में मंत्री बनाया जाना चाहिए। उन्हें आगे बढ़कर आजसू की कमान संभालनी चाहिए।



नई सरकार के गठन को लेकर सीएम दिल्ली पहुंचे। उन्होंने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को भी शपथ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को गले लग कर बधाई दी।

### कमलेश कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, कहा

# हार-जीत राजनीति का हिस्सा है जनता की सेवा करता रहूंगा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हुसैनाबाद से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की तमाम देवतुल्य जनता के वह आभारी हैं। उन्होंने गत चुनाव में जीत से भी अधिक मत दिया। उन्होंने कहा कि हार जीत राजनीति का एक हिस्सा है। उनसे जरूर कुछ कमी हुई होगी। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता ने उन्हें दो बार अपना प्रतिनिधि चुन कर उन्हें जो मान सम्मान दिया है उसे वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में भी जनता ने उन्हें सम्मान दिया। वोट कम या ज्यादा अलग बात है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता उनके परिवार की तरह है।

वह उनके सुख दुःख में हमेशा साथ हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा उनके लिए खड़े मिलेंगे। जनता की सेवा में निरंतर लगे हैं और लगे रहेंगे। उन्होंने जनादेश का सम्मान करते हुए मतदाताओं का आभार जताया है। कमलेश ने कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ वह हमेशा हैं और रहेंगे, राज्य की हेमंत सरकार ने चुनाव में राज कोष का दुरपयोग किया है।

## मुंबई हमले में शहीद जवानों को सीएम और बाबूलाल ने दी श्रद्धांजलि

**रांची ।** मुंबई आतंकी हमले में शहीद जवानों को सीएम हेमंत सोरेन और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने श्रद्धांजलि दी है। सीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि मुंबई 26/11 कायराना आतंकी हमले में शहीद होने वाले अमर वीर जवानों, पुलिसकर्मियों और नागरिकों के शहादत को शत-शत नमन। ये शहादत देश कभी नहीं भूलेगा। वहीं बाबूलाल ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है मुंबई हमले में शहीद हुए समस्त सुरक्षाकर्मियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। आपके अद्भुत साहस और पराक्रम की गाथा अमिट है, देश की सुरक्षा के लिए आपके दिए गए बलिदान का देश सदैव ऋणी रहेगा।

## सीएम से मिले लायंस क्लब के पदाधिकारी



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के पदाधिकारियों ने राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान राज्य में सामाजिक और आर्थिक विकास के मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने क्लब के सदस्यों को निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतिनिधिमंडल में क्लब के प्रेसिडेंट अमित शर्मा, चार्टर प्रेसिडेंट शैलेश अग्रवाल, सचिव मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, मोनिका गोयंका, पीयूष कुमार समेत अन्य शामिल थे।

### शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कोषांगों का गठन, डीसी ने कहा

# टीम समन्वय के साथ दिए गए कार्य को पूरा करें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त वरुण रंजन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद् के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह को लेकर बैठक की। कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू रूप से आयोजन को लेकर कोषांगों का गठन कर लिया गया है। पदाधिकारी एवं सहयोगी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी आवश्यक तैयारी ससमय पूरा करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी सम्बंधित पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सारी तैयारी सुनिश्चित रूप से करा ले जिसमें चेक लिस्ट के अनुसार कार्य, पार्किंग/यातायात व्यवस्था, एयरपोर्ट अरेंजमेंट के तहत इस समारोह में आने वालें माननीय अतिथिगण/ विशिष्ट व्यक्तियों के अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल होंगे उनके लिए सारी व्यवस्था जैसे- खान-पान, वाहन टैगिंग, गाड़ी में साइनेज, उनके आगमन/प्रस्थान का समय, रुट टैगिंग, प्रोटोकॉल ऑफिसर की तैनाती, जहां अतिथि रूक रहें हैं वहाँ हेल्प डेस्क, कंट्रोल रूम, डायस प्लान, मिनट टू मिनट कार्यक्रम का, ट्रैफिक मैनेजमेंट व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था, ससमय सुनिश्चित करा ले। उपायुक्त ने विशेष रूप से कहा कि शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम की व्यापकता को देखते हुए सभी सम्बंधित अधिकारी/ पदाधिकारी टीम समन्वय के साथ दिए गए कार्य करें। ताकि यह शपथ ग्रहण समारोह अच्छे से सम्पन हो जाए।

## कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले में हेमंत को चार दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा

**रांची।** एमपी-एमएलए कोर्ट से सीएम हेमंत सोरेन को बड़ा झटका लगा है। इडी के समन की अवहेलना मामले में उन्होंने व्यक्तिगत पेशी से छूट का आग्रह करते हुए याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही उन्हें चार दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया है।इस मामले में कोर्ट ने 11 नवंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिसका आदेश जारी किया गया है। इससे पहले यह मामला सीजेएम कोर्ट में चल रहा था। तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 19 फरवरी को हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था। कोर्ट ने चार मार्च को इस पर संज्ञान लेते हुए मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को पूरी जानकारी दी थी।ईडी ने बताया था कि जमीन की खरीद- बिक्री मामले में जांच एजेंसी ने हेमंत सोरेन को 10 बार समन जारी किया था। आठवें समन पर वे 20 जनवरी और 10वें समन पर 31 जनवरी को ईडी के सामने पेश हुए। जांच एजेंसी ने कहा कि आठ समन पर उपस्थित नहीं होना समन की अवहेलना है।

### हजारीबाग सदर विधानसभा से पहली बार विधायक बने प्रदीप प्रसाद ने कहा

# हजारीबाग को हजारो बाग वाला शहर बनाना है

### शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार है अहम मुद्दा : प्रदीप प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा चुनाव की सरगर्मी अब खत्म हो चुकी है। झामुमो के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन ने बहुमत हासिल की है। 28 नवंबर को मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन शपथ ग्रहण करेंगे। इस चुनाव में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी। वहीं कई नये चेहरे विधायक बन जनता के बीच नया सफर शुरू किया। इसी क्रम में हजारीबाग के सदर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद से खास बातचीत हुई। इस दौरान उनसे हजारीबाग के कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रदीप प्रसाद ने बताया कि हजारीबाग के विकास के लिए कैसे काम करना है।

नवनिर्वाचित व पहली बार विधायक बने प्रदीप प्रसाद ने कहा- कोई उत्सुकता नहीं है बस जनता का आशीर्वाद मिला है। अब उनके लिए कुछ करने का मौका मिलेगा। हजारीबाग के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा- हजारीबाग के बारे में कभी सोचा ही नहीं गया। हम हजारीबाग को हजारो बाग वाला शहर बनाने का प्रयास करेंगे। यहां की शिक्षा, रोजगार और चिकित्सा पर मूल रूप से काम करना है। साथ



प्रदीप प्रसाद

ही उन्होंने कहा यह दुर्भाग्य है की राज्य में फिर से वही सरकार आ गई। धारा के विपरीत बहकर जनता के लिए काम तो करना है। प्रदीप प्रसाद ने हा कि हजारीबाग में कुछ नहीं हुआ। इस पर संवाददाता ने सवाल किया- हजारीबाग में पूर्व में भी भाजपा से मनीष जयसवाल विधायक थे जो मौजूदा में लोकसभा सदस्य हैं। आपके अनुसार उन्होंने कुछ नहीं किया? इस पर प्रदीप प्रसाद ने कहा- विधायक के स्तर से उन्होंने बहुत किया। लेकिन सत्ता में उस वक्त भी झामुमो की नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन की सरकार थी। इसलिए उन्हें भी धारा के विपरीत बहकर जनता के लिए काम करना पड़ा।

प्रदीप प्रसाद ने कहा हजारीबाग में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ने आते हैं। सबसे पहले यहां की शिक्षा व्यवस्था पर काम करना है। इसके बाद स्वास्थ्य पर नजर रहेगी। सदर अस्पताल जहां हजारीबाग से सटे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बहुत उम्मीदें हैं। अस्पताल की चिकित्सीय व्यवस्था सुधारना प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने कहा हमारे कार्यकर्ता हमेशा सदर अस्पताल में 24 घंटें मौजूद रहेंगे । कहीं किसी



एकलव्य सिन्हा

को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। दवा के पैसे नहीं रहने पर पर मरीजों को दवा व इलाज के रुपए दिए जायेंगे। 2019 से 2024 तक हजारीबाग में सड़कों के लिए काम हुए ही नहीं। सड़कों पर भी हमारा विशेष ध्यान रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के लिए यदि विधायक पद पर रहकर काम में परेशानी होगी तो पद छोड़ देंगे।

विधायक प्रदीप प्रसाद से जब जयराम महतो के बारे में पूछा गया तो तंज कसते हुए कहा- पता नहीं वे झारखंड को किस ओर लेकर जाना चाहते है। भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें।

**हजारीबाग के युवाओं को नवनिर्वाचित विधायक से है कई उम्मीदें : एकलव्य सिन्हा**

हजारीबाग निवासी एकलव्य सिन्हा ने नवनिर्वाचित विधायक से कई उम्मीदें जाहिर की। उन्होंने कहा- हजारीबाग का सबसे बड़ा विषय स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार है। इस पर विधायक प्रदीप प्रसाद नए सिरे से कुछ अलग करेंगे। उन्होंने कहा हजारीबाग के सरकारी स्कूल गरीब बच्चों के शिक्षा का एकमात्र जरिया है। विद्यालयों के जर्जर हालत को व्यवस्थित तरीके से बनाया जाए।



बप्पी करण

ताकि बच्चों के लिए आसानी हो जाए।

रोजगार पर विचार करना हो पहली प्राथमिकता : बप्पी करण

झारखंड में नई सरकार और हजारीबाग में नए विधायक के बनने से हजारीबाग के लोगों में काफी उत्साह है। समाज सेवी बप्पी करण ने कहा- हजारीबाग के विधानसभा क्षेत्रों में आज की तारीख में करीबन 4 लाख मतदाता हैं जबकि आबादी 7 लाख के लगभग है। एक लाख परिवार है जिसमें हर परिवार में कोई न कोई युवा बेरोजगार है। यदि हमारा प्रतिनिधित्व करने वाले युवाओं को रोजगार देने के विषय पर गहन विचार करें तो परिवार को मुफ्त राशन, मुफ्त बिजली, मुफ्त में रुपये, मस्ट शिक्षा और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा की जरुरत नहीं पड़ेगी।बप्पी करण ने यह भी कहा की सरकार यदि लाखों नौकरी देने की बात करती है तो मुक्कमल करने के बारे में भी सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के हर जिले में रिम्स जैसे अस्पताल की व्यवस्था दी जाए, डिग्री कॉलेजों के विषय पर विचार किया जाये। सरकारी विद्यालयों की जर्जर स्थिति को व्यवस्थित किया जाये।

## संवैधानिक संस्थाओं पर हो रहे हमले चिंताजनक : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संविधान दिवस के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों में लिया। पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता कर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज जिस प्रकार संवैधानिक संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं, वह चिंताजनक है। झामुमो नेता ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत में पक्ष और विपक्ष दोनों के अधिकार और दिशा-निर्देश की बातें हुई। लेकिन केंद्र सरकार के लिए ये चुभने वाली बात साबित हुई है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष को लेकर कहा कि ये सभी जनता के द्वारा नकारे




हुए हैं। 28 नवंबर को जब झारखंड में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होगा तो इसमें भी कई नकारे हुए लोग होंगे। सुप्रियो ने कहा कि इसी गुरूर का जवाब झारखंड की जनता ने दिया है। इससे उन्हें सबक लेनी चाहिए। ऐसा बयान देकर प्रधानमंत्री संसद में कौन-सी भाषा बोलते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता किसानों की शहादत पर सवाल उठाते हैं। यहां तक की पुलवामा के शहीदों को चुनावी हथियार बनाया गया। झामुमो नेता यही नहीं रुके। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में भाजपा नेताओं की ओर से जिस तरह की भाषा बोली गई, उस पर चुनाव आयोग चुप रहा। यह चुप्पी सवाल पैदा करने वाली है। कहा कि देश में संविधान के बदले मनु संहिता लागू करने की तैयारी हो रही है। इसके खिलाफ लड़ाई लड़ना और देश के संविधान को बचाए रखना हम सब की जिम्मेवारी है।

# संविधान भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है : सीएमडी

## सीसीएल में मनाया गया संविधान दिवस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में संविधान दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष का विषय था 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान'। इस अवसर का उद्देश्य भारतीय संविधान के महत्व को रेखांकित करना और इसके सिद्धांतों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (योजना/परियोजना) सतीश झा, यूनियन प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित व्यक्तियों ने भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने संविधान को भारतीय लोकतंत्र की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की विविधता, एकता और लोकतंत्र का प्रतीक है। यह प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। हमें अपने कर्तव्यों को समझना और संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए, ताकि हम एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकें। कार्यक्रम के दौरान अन्य व्यक्तियों ने भी सभा को संबोधित किया। वहीं संविधान के महत्व और उसके सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह का समापन भारत के संविधान की प्रस्तावना की सामूहिक शपथ के साथ हुआ, जिसमें कर्मचारियों ने संविधान के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में विधि विभाग एवं अन्य विभागों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड संविधान के मूल्यों को बनाए रखने और अपने कर्मचारियों को ज्ञान और जागरूकता के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



## संविधान दिवस पर डीजीपी ने अधिकारियों को दिलाई शपथ



रांची। संविधान दिवस पर मंगलवार को को पुलिस मुख्यालय प्रांगण में भारत के संविधान की प्रस्तावना का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक (डीजीपी) ने उपस्थित वरीय पुलिस पदाधिकारियों/ कनीय पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों को भारतीय संविधान के उद्देशिका की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक मुख्यालय आरके मल्लिक, संजय आनन्दराव लाठकर, सुमन गुप्ता, अमोल विनुकान्त होमकर, प्रभात कुमार, पंकज कम्बोज, अन्नेपु विजयालक्ष्मी, कार्तिक एस, अश्विनी कुमार सिन्हा, नौशाद आलम, चंदन कुमार झा, अमित रेणु आदि उपस्थित थे।

## डीसी ने संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्य परायणता की दिलाई शपथ

रांची। संविधान दिवस पर मंगलवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में भारत के संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्य परायणता की सामूहिक शपथ ली गई। उपायुक्त वरुण रंजन ने पदाधिकारियों और कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों एवं समाहरणालय कर्मियों ने उपायुक्त के साथ संविधान की प्रस्तावना का पठन किया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों व कर्मियों को भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए, दृढ संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलाई।



## सीसीएल में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पर कार्यशाला आयोजित



नवीन मेल संवाददाता। रांची

सीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यालय एवं क्षेत्रों से आए सामग्री प्रबंधन विभाग के करीब तीस वरीय अधिकारियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों का रमाकांत पांडेने स्वागत किया और कार्यक्रम के प्रारूप एवं उद्देश्य से प्रतिभागियों को अवगत कराया। महाप्रबंधक सामग्री प्रबंधन, एसएन महतो ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के देश के प्रगति में महत्व पर प्रकाश डाला।

## रक्षा राज्य मंत्री ने लोकतंत्र के ग्रंथ को किया नमन



रांची। भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सदन में भारतीय लोकतंत्र के ग्रंथ को नमन किया। लोकतांत्रिक व्यवस्था, नागरिक अधिकारों की रक्षा, न्याय, स्वतंत्रता, समानता; यह सबकुछ हमें हमारे संविधान ने दिया है। यह संविधान कोई पुस्तक नहीं, बल्कि हमारे देश की बुनियाद और आत्मा है।

## संविधान दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन



रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के लीगल लिटरेसी क्लब के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संविधान दिवस पर विधिक जागरूकता रैली निकाली गई। स्लोगन युक्त तख्तियों के द्वारा संविधान के महत्व से लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों से विधिक जानकारियां साझा की गई। हुलहुंडु आंगनबाड़ी केंद्र में विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का शपथ लिया। मौके पर संस्थान के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।



झारखंड मंत्रालय परिसर में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मंत्रालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान दिवस पर शपथ दिलाई।

## कलकत्ता पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस मना

रांची। संविधान दिवस के अवसर पर, कलकत्ता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी में विशेष सभा आयोजित की गई. जिसमें संविधान दिवस के महत्व पर विशेष चर्चा हुई तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों, अन्य सभी ने एक स्वर में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया. इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक प्रभाष कुमार झा, रेक्टर मिथिलेश कुमार मिश्रा, प्राचार्या प्रियमदा झा तथा स्कूल परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे. बच्चों को एक आदर्श नागरिक बनने एवं संबिधान अनुसार आचरण करने के बारे में भी सीख दी गई।



## प्रस्तावना संविधान की आत्मा है : एसके मिश्रा

रांची। हेहल डीएवी में 'संविधान दिवस' के अवसर पर विद्यालय की सभी शाखाओं में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन कर संविधान के निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जी को याद किया गया।कक्षा ग्यारहवीं-बारहवीं के छात्रों ने भारत की संसदीय कार्य प्रणाली को अपने अभिनय के द्वारा प्रस्तुत किया। छात्रों ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' बिल को पेश किया,जिसकी सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में छात्रों को भारतीय संविधान और लोकतंत्र के बारे में जानने का अवसर मिला। विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-'जे' संजय कुमार मिश्रा ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा,"संविधान दिवस हमें भारतीय संविधान के महत्व और लोकतंत्र के मूल्यों को याद दिलाता है।" उन्होंने छात्रों को संविधान के प्रति सम्मान और निष्ठा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने संविधान की प्रस्तवना को पढ़कर संविधान के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

## रांची सदर एसडीओ कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

रांची। रांची सदर अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया। सभी ने भारतीय लोकतंत्र के मूलभूत आदर्श को दुहराया एवं मूल अधिकार, कर्तव्य की याद दिलाई गई। कार्यक्रम में कार्यपालक दंडाधिकारी के अलावा अनुमंडल कार्यालय के सभी कर्मचारियों द्वारा संविधान के मूल्यों का अनुसरण करते हुए कार्य करने का प्रण लिया गया।

## कलयुग में भक्ति करना बहुत ही आसान है : अचिंत्यचक्र दास जी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्रीमद् भागवत कथावाचक अचिंत्यचक्र दास जी ने पहले दिन श्रीमद् भागवत गीता, श्रीमद् भागवतम एवं चैतन्य चरित्रामृत पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता भगवान श्री कृष्ण की वाणी है। श्रीमद् भागवतम भगवान श्री कृष्ण की साक्षात स्वरूप है एवं चैतन्य चरित्रामृत भगवान श्री कृष्ण का मन है। साथ ही हमें भक्त क्यों बनना चाहिए, हमें भक्ति क्यों करनी चाहिए आदि को बहुत ही सरलतम रूप में समझाया। उन्होंने बताया कि कलयुग में भक्ति करना बहुत ही आसान है। भगवान श्री कृष्ण के नाम, दर्शन एवं प्रसाद ही उनके अभिन्न अंग हैं। कलयुग में हम हरि जी का नाम लेकर उन्हें प्राप्त कर सकते हैं। भगवान श्री कृष्ण जी की सभी जीवों पर दया होती है।मनुष्य योनि सबसे उत्तम माना गया है। दूसरे दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव, उनके बाल लीला पर कथा सुनाया। उन्होंने कहा जब भगवान श्री कृष्ण धरती पर प्रकट हुए उस वक्त उन्होनें बहुत ही छोटे उम्र में बड़े-बड़े कार्य किये,सभी प्रेमी भक्तों को उद्धार किया।



## सीआरएम की टीम ने रांची में अधिकारियों के साथ की बैठक

रांची। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (सीआरएम) के तहत राज्य में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए कॉमन रिव्यू मिशन (सीआरएम) की टीम झारखंड दौरे पर है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक डॉ इंद्रानिल दास और अवर सचिव मलय कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम साहेबगंज और पूर्वी सिंहभूम जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करेगी। फिल्ड विजिट से पूर्व मंगलवार को नामकुम स्थित आरसीएच सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिलों से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अनिमा किस्कु ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया।

## मार्गशीर्ष भगवान की प्राप्ति कराने वाला महीना : स्वामी अनिरुद्धाचार्य

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष की उत्पन्ना एकादशी श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। घंटानाद से पूजा शुरूआत की गई। विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम और मंगलाशासन कर षोडषोपचार तिरु आराधना और अन्य अनुष्ठान हुए। मार्गशीर्ष का पवित्र महीना और दूसरे में उत्पन्ना एकादशी की विशिष्ट तिथि पर भगवान के दर्शन को भक्तों की भीड़ उमड़ी। भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की कृपा भक्तों को मिली। इस मौके पर स्वामी महाराज ने अपने सरस वाणी में उपदेश के माध्यम से कहा कि मार्गशीर्ष (अगहन) महीना पवित्र और भगवान की प्राप्ति कराने वाला है। यह महीना भगवान श्रीकृष्ण हरि के शरीर का विस्तार भी है। भगवान ने स्वयं कहा है मासानां मार्गशीर्षोऽहम अर्थात महीनों में मैं मार्गशीर्ष हूं। अतः इस महीने में गरुड़ध्वज भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की पूजा करते हैं, वे भगवान ?के धाम में वास करते हैं। इस महीने में दान-पुण्य का विशेष महत्व है। जो दान करते हैं, उस दानकर्ता को परमात्मा श्रीमन्नारायण की कृपा से वापस आ जाता है।



## आज / कल




## पदक विजेता खिलाड़ियों के रांची पहुंचने पर हुआ स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दिल्ली में आयोजित फेडरेशन कप प्रीमियर लीग एवं यूथ लीग ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में झारखंड टीम की ओर से खेल रहे रांची इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ी अश्विनी खलखो, साक्षी ओझा और अभिजीत बनर्जी ने शानदार प्रदर्शन रहा। जूनियर और कैडेट अपने-अपने स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर परचम लहराया। विजेता खिलाड़ियों के रांची पहुंचने पर फूल और मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी कमीशन के चेयरमेन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन से राज्य को गौरवान्वित किया है।



## गोस्सनर कॉलेज में विद्यार्थियों की बनाई फिल्मों की स्क्रीनिंग

रांची। गोस्सनर कॉलेज मास कम्युनिकेशन विभाग की ओर से फिल्म निर्माण पर आधारित विशेष सत्र का आयोजन सोमवार को विभाग के स्टूडियो में किया गया। इसमें सेमेस्टर-1 के विद्यार्थियों की 15 दिनों में बनाई गई लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। विभागीय शिक्षकों- महिमा गोल्डेन, अनुज कुमार और संतोष कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने फिल्मों का निर्माण किया। इसमें पटकथा लेखन, निर्देशन, संगीत, संपादन, सहित सभी तकनीकी कार्य विद्यार्थियों ने ही किए हैं। विद्यार्थियों की बनाई फिल्मों में, अनीश मिंज की निर्देशित फिल्म चुनाव, की स्क्रीनिंग की गई।

## श्री श्याम मंदिर में उत्पन्ना एकादशी पर्व मना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में मंगलवार को उत्पन्ना एकादशी पर्व श्रद्धा भाव व भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तगण आतुर थे। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल गुलाब - जूही - बेला - रजनीगंधा के ताजे और खूबूदार फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं हनुमान जी का भी विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच श्री श्याम नाम की दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गई । मनोवांछित मनोकामना के साथ भक्तगण कटारबध होकर दिव्य ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे। श्याम बाबा को श्रृंगार मन भाव इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण भावविभोर हो श्याम नाम की मस्ती लूट रहे थे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया।

रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनियां, चन्द्र प्रकाश बगला, सुदर्शन चितलांगिया, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, मनोज ढांढनियां, विकाश पाड़िया, नितेश लाखोटिया का विशेष योगदान रहा ।



## हर युवा को पढ़ना चाहिए संविधान : प्रो लाल

रांची। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) में संविधान दिवस पर राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन विभाग ने मंगलवार को कार्यक्रम किया। इसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो जय प्रकाश लाल मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने की। प्रो जय प्रकाश ने विद्यार्थियों को बताया कि संविधान दिवस 26 नवंबर को ही क्यों बनाया जाता है और संविधान की महत्ता से भी विद्यार्थियों को परिचित करवाया। उन्होंने कहा कि भारत का विकास भारतीय पद्धति से होना चाहिए। इस संदर्भ में संविधान की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### बिरसा कॉलेज खूंटी में मनाया गया संविधान दिवस

**खूंटी।** बिरसा कालेज खूंटी में राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केन्द्र के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को संविधान दिवस मनाया। प्राचार्या प्रो जी किड़ो ने संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। प्रोग्राम आफिसर डॉ पुष्पा सुरीन ने संविधान के इतिहास के बारे में जानकारी दी। राजकुमार गुप्ता ने संविधान में लिखे हमारे अधिकार एवं कर्तव्यो को समझाया और सभी ने मिलकर संविधान की प्रस्तावना का पठन किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के अलावा प्रोग्राम आफिसर डॉ पुष्पा सुरीन, प्रो तारिफ लुगून, प्रो पी तियू, डॉ संगीता सांगा, प्रकाश प्रमाणिक कें अलावा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### संविधान की मूल भावना के प्रति निष्ठा बनाए रखने का लिया गया संकल्प

**खूंटी।** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम के साथ सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक रूप से पढ़ा। मौके पर उप विकास आयुक्त ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। उन्होंने सभी से संविधान के आदर्शों का पालन करने की अपील की। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने संविधान की मूल भावना के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प लिया। राज्य सरकार के निर्देश पर संविधान के महत्व को समझाने और सभी नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### खूंटी में खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**खूंटी।** खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित करने के लिए मंगलवार को एमआर टावर खूंटी में एक्सपडाइटस वर्कर्स फाउंडेशन के सहयोग से लेजरसॉफ्ट टेक्नोलॉजी द्वारा खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 कारोबारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के प्रशिक्षक डॉ राकेश सिंह ने फूड रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस की अनिवार्यता और प्रक्रिया, खाद्य खतरा और नियंत्रण, खाद्य जनित रोग, विभिन्न प्रकार के खाद्य खतरे, गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस, गुड हाइजेनिक प्रैक्टिसेस, स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर, व्यक्तिगत एवं कार्यस्थल की साफ-सफाई व स्वच्छता, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, फूड सैंपल एवं टेस्ट की जरूरत, फूड पैकेजिंग एवं लेबलिंग नियम, कच्ची सामग्रियों की गुणवत्ता के मानक, कोविड 19 से संबंधित सावधानियां और नियम आदि की जानकारी दी।

# सुरेश बैठा की जीत पर रैयत विस्थापित मोर्चा ने निकाला विजय जुलूस, बंटी मिठाई



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया ने आईएनडीआईए गठबंधन को बहुमत मिलने व कांके विधानसभा क्षेत्र से सुरेश बैठा की जीत पर विजय जुलूस निकाला। मोर्चा के सभी कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क डकरा में एकत्र हुए। इसके बाद पूरे गाजे बाजे के साथ अंबेडकर पार्क से शुरू होकर जुलूस गुरूद्वारा चौक डकरा तक निकाला गया। जुलूस में कार्यकर्ता ने नारेबाजी करते नाचते गाते चल रहे थे। लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कांके में जीत व राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने पर बधाई दी। वहीं जमकर आतिशबाजी की गई। श्री बैठा के समर्थकों का कहना था कि अब इनके नेतृत्व में क्षेत्र का काफी विकास होगा और नई-नई योजनाओं से लोग इसका लाभ लेंगे। अभी सरकार ने जो मईयां सम्मान योजना चलाई है इससे झारखंड की बहनों को काफी लाभ मिलेगा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार द्वारा चलाई गई योजना का पूरा लाभ मिला है जो आज एकबार फिर झारखंड में हेमंत सरकार को बैठने पर मजबूर कर दिया है। इस मौके पर मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रंथू उरांव, जालिम सिंह, जगरनाथ महतो, इंदिरा देवी, नरेश गंझू, अनिल पासवान, जंगबहादुर राम, प्रभाकर गंझू, सुनील यादव, शिवनारायण लोहरा, पारस उरांव, राजेन्द्र उरांव, इसराइल अंसारी, इनोसेंट कुजूर, अनिता देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कांके विधानसभा का चौतरफा विकास करना है लक्ष्य : सुरेश बैठा



**नवीन मेल संवाददाता। ठाकुरगांव**

कांके विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुरेश कुमार बैठा की एतिहासिक जीत से कांग्रेसी, जेएमएम व अन्य सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। मंगलवार को नवनिर्वाचित विधायक सुरेश बैठा की उपस्थिति में बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र में भव्य विजय जुलुस सह आभार यात्रा का आयोजन किया गया। आभार यात्रा ठाकुरगांव के एतिहासिक मां भवानी शंकर मंदिर से प्रारंभ हुई और दर्जनों गांवों में पहुंची। इस दौरान ग्रामीण जनता का आभार करते हुए सुरेश बैठा ने कहा कि कांके विधानसभा का चौतरफा विकास करना ही उनका लक्ष्य है। ठाकुरगांव में किसानों के हित के लिए जल्द ही कोल्ड स्टोरेज का निर्माण व उच्च शिक्षा के लिए बुढ़मू में डिग्री कॉलेज का स्थापना करना उनकी पहली प्राथमिकता है। मौके पर गोपाल जी तिवारी, उमेश वैद्य, गोपाल भगत, गंगाधर प्रसाद, संतु ठाकुर समेत सैकड़ो समर्थक उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### मुरी पुलिस ने शरारती व्यक्ति को भेजा जेल



**मुरी।** मंगलवार को मुरी पुलिस ने एक शरारती व्यक्ति बूढ़ेश्वर महतो उर्फ बुचा महतो को जेल भेजा। उक्त व्यक्ति के द्वारा झारखंड मोड़ पर स्थापित किये गए झारखण्ड के प्रतिष्ठित महापुरुष स्व0 निर्मल महतो के प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ किया और साथ ही राजनीतिक पार्टी के झंडा के साथ अनैतिक कार्य किया गया जिससे कारण क्षेत्र के अंतर्गत धार्मिक एवं सामाजिक भावना को ठेस पहुंचने का प्रयास भी किया गया। जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की प्रबल संभावना बढ़ गई थी। मुरी पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित करवाई करते हुए उक्त उपद्रवी को न्यायिक हिरासत मे भेजा गया एवं पुलिस प्रशासन द्वारा बताया गया कि अगर किसी व्यक्ति के द्वारा समाज एवं क्षेत्र के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है तो अविलम्ब उसके ऊपर कानूनी करवाई की जाएगी।

### खलारी बीडीओ ने की मनरेगा योजनाओं व विभागों की समीक्षा



**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागार में मंगलवार को विभागों की समीक्षा की गई। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने की। बैठक में बीडीओ ने सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी विभागों के आगे के कार्यो के लिए समीक्षा की। विशेष रूप से मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, 15वें वित्त सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गई। इसके अलावा 28 नवंबर को मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी आदित्यनाथ झा, प्रखंड आवास कोआर्डिनेटर किशोर कुजूर, प्रखंड को-आर्डिनेटर 15वें वित्त असीत सिंह, सहायक अभियंता रमेश गुप्ता, कनीय अभियंता प्रेमचंद मुर्मू प्रवीण उरांव, रमेश गुप्ता, रविरंजन कुमार, सभी रोजगार सेवक, पंचायत सचिव महावीर महतो, परीक्षित महतो, विपिन वर्मा, रंजीत किंडु, विश्वरंजन कुमार, गोलू यादव, सुधीर कुमार, अंजूमाला तिर्की, महेश राम, सभी जनसेवक व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# स्वच्छता कार्यक्रम व पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

प्रखंड स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन में डाक विभाग जीपीओ रांची के तत्वावधान में मंगलवार को प्रभातफेरी, स्वच्छता कार्यक्रम तथा पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही एनएसएस के तहत 'जागो ग्राहक जागो' अभियान तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके अलावा महाविद्यालय के सभागार कक्ष में संविधान दिवस तथा जनजातीय गौरव दिवस का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या दीपाली पराशर, सीनियर पोस्ट मास्टर, जी.पी.ओ रांची के संदीप उपस्थित थे। दीपाली पराशर ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा गोद लिये गांव करकरा में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर गांव वासियों को अपने हक व अधिकार को लेकर जागरूक किया गया ताकि वह अपने अधिकारों से वंचित न हो। साथ ही महाविद्यालय में हुए संविद्यान दिवस व जनजातीय गौरव कार्यक्रम के तहत जो झांकी प्रस्तुत की गयी। वह झारखंड के संस्कृति की बेहतर प्रस्तुती की गयी। इस पर उन्होंने दो टुक कहा कि यहां की आदिवासी संस्कृति में काफी प्रतिभा छुपी हुई है बस उन्हें महाविद्यालय द्वारा प्लेटफॉर्म दिया जा रहा है।

# संविधान दिवस का मूल उद्देश्य लोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना : प्रधान जिला जज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर मंगलवार को प्रभारी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष संजय कुमार की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय के प्रांगण में संविधान दिवस पर भारत के संविधान की प्रस्तावना के साथ-साथ भारतीय संविधान के मूल कर्तव्यों एवं संविधान की उदेशिका को पढ़कर उपस्थित सभी लोगों को उसकी शपथ दिलाई गई। साथ ही उपकारा खूंटी में भी संविधान दिवस के अवसर पर डालसा के प्रभारी अध्यक्ष ने कहा कि संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद, नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। संविधान दिवस पर, संविधान में लिखे मूल्यों, जैसे न्याय, समानता और भाईचारे की याद दिलाई जाती है। यह जानकारी डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी। उन्होंने कहा कि संविधान के संबंध में देश के हर नागरिकों को इसकी जानकारी होनी जरूरी है ताकि इसे अच्छी समझे और इसपर विचार कर सके। देश का कोई भी मामला संविधान से चलता है न कि बिना इसके। बाबा साहेब अंबेडकर ने संविधान के प्रति पूरी तरह से लोगों को जागरूक करने की बात कही है। इसके प्रति किसी को भी लापरवाह नहीं होनी चाहिए।

# संविधान से समाज में भाईचारा व प्रेम का निर्माण करें : मनोज भुईयां



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

अंबेडकर मैदान बुकबुका में सम्यक ज्ञान निकेतन एवं डा अंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता मनोज भुईयां ने की। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही संविधान की रक्षा तथा जनसेवा की प्रतिज्ञा ली गई। मनोज भुईयां ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान में देश के सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार दिए गए है। सभी नागरिकों को चाहिए कि समाज में संविधान के द्वारा भाईचारा व प्रेम का सेतु का निर्माण करे। इस अवसर पर मुख्य रूप से गणेया भुईयां, विकेशसिंह विक्की, अशोक राम, चमन तुरी, रवीन्द्रनाथ चौधरी, दिलीप तुरी, शिबू तुरी, देव मुंडा, श्यामजी महतो, शम्भूनाथ गंझू, महावीर गंझू, रमेश गंझू, कामेष्वर निशाद, बुधराम मुंडा, जयराम मुंडा, राजनाथ पाहन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मोहननगर फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना नेहरू क्लब



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

मोहननगर वर्ल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल नेहरू क्लब ने जीत लिया। मंगलवार को खलारी के मोहननगर मैदान में खेले गए प्रतियोगिता के फाइनल मैच में नेहरू क्लब ने मोहननगर मामा क्लब को 1-0 गोल से हरा दिया। फाइनल मैच समारोह के मुख्य अतिथि मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबाल किक कर खेल का शुभारंभ किया। अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि मोहननगर के लोग खेलप्रेमी हैं। यहां अक्सर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती रहती हैं। खलारी के दूसरे गांव टोलों में भी खेल के प्रति रूचि बढ़ानी चाहिए। समय समय पर ऐसी खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अवसर मिलता है और उनकी पहचान बनती है। कहा कि आज बच्चों से लेकर युवा तक आउटडोर खेल छोड़ मोबाइल गेम के दीवाने हैं। उन्होंने मोबाइल का इस्तेमाल संवाद व ज्ञान के लिए करने कहा। प्रतियोगिता के विजेता टीम को 30 हजार रूपए नगद व एक बड़ा कप तथा उपविजेता को 20 हजार नगद व एक कप दिया गया। इस अवसर पर कृष्णा चौहान, रमेश चौहान, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, रामबलि चौहान, अशर्फी राम, प्रदीप भुइयां, कमलेश कुमार, शक्ति कुमार, हसन अंसारी, धर्मेन्द्र चौहान आदि उपस्थित थे।

### संविधान दिवस पर स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली




**खलारी।** खलारी के बी टाइप डकरा स्थित किड्स ए जूनियर स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रैली निकाली। रैली डकरा ए टाइप से होते हुए हास्पिटल रोड तक गई। विद्यालय में किड्स क्लब एक्टिविटी भी करवाई गई। जिसमें संविधान से संबंधित भाषण, स्लोगन, नाटक एवं नृत्य का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार उपाध्याय ने संविधान के बारे में जानकारी दी। 26 नवंबर 1949 को संविधान पूर्णतः बनकर तैयार हुआ और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। जिसे आज हम गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी के रूप में मानते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के कुमारी क्षिप्रा आनंद, पूजा सिंह, पूजा यादव, पूनम कुमारी, अंजली थापा, खुशबू कुमारी, दीपशिखा कुमारी, सेजल सिंह सहित अन्य षिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारियों का योगदान रहा।

### बेड़ो में विधायक की जीत पर निकाला गया विजय जुलूस

# जनता ने जो कार्य सौंपा है उसे पूरा करूंगी : शिल्पी



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

मांडर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के जीत की खुशी में बेड़ो में मंगलवार को विजय जुलूस सह आभार यात्रा निकाली गई। आभार यात्रा केशा मोड़ से निकलकर कॉलेज गेट, तेतर टोली, देवी मंडप, बजारटांड़, गुमला सड़क, लोहरदगा सड़क होते हुए महादानी मैदान पहुंची, जहां विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ये जीत का श्रेय जनता को जाती है। चुनाव के दौरान एक से बढ़कर एक खिलाड़ी आये असम से भी आए, मध्यप्रदेश से भी आये मगर आप लोगों ने सबको बेरोजगार कर दिया। सब बोरिया बिस्तर बांधकर वापस चले जाना पड़ा और आज दुबारा हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में बनने जा रही है। जिन लोगों ने हमारे मईयां सम्मान जैसे योजनाओं का तिरस्कार किया था वो भी आज खुश हैं कि दिसंबर से 2500 रूपए मिलने वाला है। बहुत लोगों का मंशा यहां कमल खिलाने का था। भाईयों बहनों मांडर विधानसभा कोई कीचड़ नहीं हैं, समुंदर है समुंदर, इसमें कोशिश भी करोगे तो खुद डुब जाओगे। आज आपकी ये बेटी अपने आने वाली 25-30 साल के लिए आपलोगों को समर्पित कर रही है। विजय जुलूस के दौरान टाना भगतों ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का रणभेरी बजाकर स्वागत किया। विधायक गाड़ी के उपर खुले में बैठकर लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया और आभार जताया। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव ने कहा कि लोगों ने मांडर विधानसभा क्षेत्र से विजयी दिलाकर शिल्पी नेहा तिर्की को लगातार दूसरी बार विधानसभा भेज कर कीर्तिमान स्थापित किया है।

### विधायक ने ऐतिहासिक महादानी मंदिर में माथा टेका, भागवान भोले का लिया आशीर्वाद



जुलूस के दौरान शिल्पी नेहा तिर्की ने ऐतिहासिक महादानी मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दरबार में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी सोनू पंडा ने शिल्पी नेहा तिर्की को विधिवत रूप से पूजा अर्चना करायी। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सरना स्थल पर जाकर मां सरना की अराधना की। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा कि मैं हमेशा अपने क्षेत्र में बेहतर विकास कर सकूं और लोगों की भरपूर सेवा कर सकूं। मुझे जो मांडर की जनता ने कार्यभार सौंपा उसे स्वच्छापूर्वक निभा सकूं। हमारी यही कामना है कि मुझे हमेशा लोगों का प्यार व आशीर्वाद मिलता रहे और मैं हमेशा लोगों के प्रति समर्पित रहूं।

### खूंटी में सड़क दुर्घटना युवक की मौत

**खूंटी।** खूंटी-सिलादोन पथ पर चामड़ी गांव के पास सोमवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना मे तोरपा निवासी विक्की भगत (23) की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को शव को सड़क किनारे एक गड्ढे से बरामद किया। जानकारी के अनुसार, विक्की भगत सिलादोन स्थित अंग्रेजी शराब दूकान में काम करता था। सोमवार की रात को वह तारो सिलादोन स्थित अंग्रेजी शराब दुकान को बंद कर खूंटी लौट रहा था। इसी दौरान चामड़ी गांव के मोड़ के पास तेज गति बाइक गड्ढे में गिर गई और विक्की की मौत हो गई। जब देर तक विक्की घर नहीं लौटा, तो रात को ही घर के लोग परेशान होकर उसे खोजने के लिए निकले लेकिन कुछ पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह में पुलिस को जानकारी मिली कि सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त स्थिति में कोई युवक पड़ा हुआ है। जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। बाद में शव की शिनाख्त विक्की भगत की रूप में की गई।

### गुरु गोष्ठी के दौरान छात्र-छात्राओं के यूनिक अपार आईडी की चर्चा

# त्रुटि रहित डाटा के आधार पर अपार आईडी तैयार करने का निर्देश : लीलावती तिर्की

*अपार आईडी में डाले गए सूचना में कोई परिवर्तन नहीं होगा। सोच-समझकर करें काम*



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में दो अलग-अलग सत्रों में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरुगोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लीलावती तिर्की ने किया। उन्होंने कहा कि अपार आईडी में डाले गए सूचना में कोई परिवर्तन नहीं होगा। सोच-समझकर करें काम। जरूरत पडे. तो आधार कार्ड के माध्यम से त्रुटि रहित डाटा तैयार करें। बैठक के दौरान विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा एवं भविष्य में होने वाली परीक्षाओं के संदर्भ में आवश्यक जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रोफाइल माड्यूल, टीचर माड्यूल तथा स्टूडेंट माड्यूल पर चर्चा की गई। सभी प्रधान शिक्षक और शिक्षिकाओं से अविलंब सभी अधुरे डाटा को पूर्ण करने तथा यूडायस प्लस सहित ईविद्यावाहिनी में जाकर सभी तरह के आवश्यक डाटा को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। गुरुगोष्ठी के दौरान कई विषयों पर चर्चा की गई। अपार आईडी के डाटा को पूर्ण करने के पूर्व आधार कार्ड व नामांकन के आधार पर सभी त्रुटियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। बीपीओ लीलावती तिर्की ने कहा कि अपार आईडी में जो भी आवश्यक डाटा भरा जाएगा उसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा। यदि पहले से ही कोई त्रुटि है तो उसे सुधार कर लें। गुरु गोष्ठी के दौरान डीडीओ सह प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद महतो, मैसेंजर अरविंद कच्छप, रांची जिला अजप्टा के जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा, राणा जितेन्द्र, मो. जुबैर अंसारी, संजय कुमार सिंह, लाल सुजीत शाहदेव, सागेन होरो, ऋषि तेज कुमार केरकेट्टा, विनोद लकड़ा, शंकर खलखो, भुवंजय कुमार साहु, रुपेश पाठक, संजय कुमार महतो, उर्मिला कुमारी, जोसेफ बृजिया, मेरी मैक्सिमा डुंगडुंग,रामवृक्ष बैठा, उदय कुमार, उपेंद्र सिंह, यू धनेश्वर राव सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौके पर मौजूद थे।

## एक नजर

### सीटू व किसान सभा ने धरना प्रदर्शन कर मनाया देशव्यापी विरोध दिवस

**कोडरमा।** किसानों के साथ वादा खिलाफी और मजदूरों को गुलाम बनाने वाले चार लेबर कोड को वापस नहीं लिए जाने के खिलाफ ओर मेहनतकशों की अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को जिला समाहरणालय पर सीटू और किसान सभा ने धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। जबकि डीसी के जरिए महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित 12सूत्री मांग पत्र भेजा गया। धरनास्थल पर सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति की अध्यक्षता में सभा हुई। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि 26 नवंबर को बतौर विरोध दिवस मनाने के लिए इसलिए चुना गया है कि यह वह दिन है, जब 2020 में ट्रेड यूनियनों ने मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की थी और किसानों ने तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ संसद की ओर ऐतिहासिक मार्च शुरू किया था।

### महिला हिंसा के खिलाफ पर जागरूकता बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा।** महिला हिंसा के खिलाफ जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से कोडरमा ब्लॉक कार्यालय सभागार में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरूआत में वन स्टॉप सेंटर की संचालक अर्चना ज्वाला ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा समाज में गंभीर समस्या है। इसके समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने बताया कि हिंसा का सामना करने वाली महिलाएं 181 हेल्पलाइन या वन स्टॉप सेंटर से संपर्क कर मदद प्राप्त कर सकती हैं। आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिका ने अपने कार्यक्षेत्र में हिंसा के मामलों और उनके समाधान पर अपने अनुभव साझा किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं पर होने वाले हिंसा के प्रकार, उसके प्रभाव और इस समस्या के समाधान के लिए उपलब्ध सरकारी सेवाओं की जानकारी देना था।

### आदिवासी टोला में सोलर प्लेट मशीन में खराबी के कारण पेयजलापूर्ति बंद

**मरकच्चो।** प्रखंड के सुदूरवर्ती डगरनवा पंचायत के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सोलर आधारित एकल ग्रामीण आपूर्ति योजना के तहत लगाए गए सोलर आधारित जल मीनार में मामूली खराबी के बाद से ही बेकार पड़े हैं। उक्त पंचायत के कटियो आदिवासी टोला में सोलर प्लेट आधारित जल मीनार में लगे पंप मशीन में मामूली खराबी के बाद से महीनों से पेयजलापूर्ति बंद पड़ी है, जिसके कारण इन दिनों ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जलमीनार के मरम्मत को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विभाग से संबंधित कर्मी और पदाधिकारियों से कई बार मोटर मरम्मत करने की गुहार लगाया गया, बावजूद अब तक मोटर की मरम्मत नहीं कराई जा सकी है।

---

बार एसोसिएशन ने मनाया राष्ट्रीय कानून सह विधि दिवस

# संविधान दिवस भारतीय लोकतंत्र के आधारशीला का दिन है : अधिवक्ता रामचंद्र

*भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को स्वीकार किया गया था. इस कारण इस तिथि को हम सभी राष्ट्रीय विधि दिवस सह संविधान दिवस मनाते हैं. जिसे कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** संविधान दिवस के अवसर पर बार एसोसिएशन की ओर से कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय कानून सह विधि दिवस मनाया गया. इस अवसर पर उपस्थित कानूनविदों ने संविधान की रक्षा का संकल्प लिया. कार्यक्रम एसोसिएशन के अध्यक्ष झारखंडी साहा की अध्यक्षता और संयुक्त सचिव रामचंद्र साव के संचालन में आयोजित किया गया था. अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को स्वीकार किया गया था. इस कारण इस तिथि को हम सभी राष्ट्रीय विधि दिवस सह संविधान दिवस मनाते हैं. जिसे कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है. संयुक्त सचिव ने कहा कि हम सभी कानून के रखवाले है, ऐसे में यह विशेष दिन जो भारत के लोकतंत्र की आधारशिला है, हम सबों को न्याय पूर्ण अधिकार दिलाने के लिए संकल्पित होना चाहिए. आज का दिन हमारे राष्ट्र का मार्गदर्शन करने वाले मौलिक सिद्धांतों का सम्मान करता है. साथ ही हम सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित करने में संविधान के महत्व की याद दिलाता है. अंत में सभी ने भारतीय संविधान के प्रस्तावना को दुहराते हुए उस पर चलने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में बार एसोशिएशन के जगदीश नारायण, राजेंद्र कुमार, रामचंद्र चौधरी, गुलाब प्रसाद, राजीव प्रसाद, वैद्यनाथ प्रसाद, रामकृत सिंह, विलासिनी रॉय, मंजीत कुमार आदि कई अधिवक्ता मौजूद थे.

## डॉ अंबेडकर और गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया संविधान दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित प्लस 2 तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में 75वीं संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में प्राचार्या स्वाति रंजन और शिक्षकों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पण कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों को भारत के संविधान के बारे में अनेक जानकारियां दी गई।वहीं निदेशक डॉ. आई पी भारती ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान में दिए गए सभी अधिकार एवं कर्तव्य आम नागरिक के सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं।संविधान के नियमों का पालन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति अपने समाज और देश का उत्थान कर सकता है। कार्यक्रम में संविधान के प्रति जागरूकता पैदा करने, भारतीय संविधान के महत्व व मौलिक अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी प्रदान करने में छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यकर्म में शिक्षक उत्तम कुमार, छात्रा आर्या कुमारी और आयुष ने भाषण प्रस्तुत किया और अंजलि कुमारी ने स्वरचित कविता का पाठन किया। साथ ही बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान के सम्मान की शपथ ली।

## न्यूज | बॉक्स

### छः लोगों पर बिजली चोरी का मामला दर्ज



**बरकट्ठा।** झारखंड बिजली वितरण निगम के आदेशानुसार प्रखंड क्षेत्र में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान में विद्युत चोरी करने के मामले में छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। इस संबध कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बिजली चोरी करने के मामले पंकज कुमार, जयप्रकाश प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद बरवां निवासी अरुण प्रसाद सलैया मोड पीतांबर मेहता और अनिल कुमार बरकट्ठा बाजार रोड निवासी पर विद्युत मीटर से बाइपास कर समेत बिना किसी वैद्य विद्युत संबंध के विद्युत चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### स्कूल में शिक्षकों संग बच्चों ने मनाया संविधान दिवस




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में 75वां संविधान दिवस मनाया गया। वहीं निदेशक महेंद्र प्रसाद एवं प्रधानाचार्य सोनू कुमार ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इस दौरान महेन्द्र प्रसाद ने बच्चों को संविधान दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमारा समाज बिना कानून व्यवस्था के एक युद्ध के मैदान जैसा है, जिसमें हम सभी आपस में लड़ते झगड़ते देखे जायेंगे। इसलिए हम सब संविधान निर्माता डा0 भीमराव अंबेडकर को नमन करते हैं। बताया कि 26 नवंबर 1949 को हमारा संविधान बनकर तैयार हो गया था। तबसे 26 नवंबर को कानून दिवस हम लोग मानते चले आ रहे हैं। प्रधानाचार्य सोनू कुमार ने कहा कि विद्यालय के प्रार्थना सभा में संविधान की आत्मा कहे जाने वाले प्रस्तावना को हर दिन पढ़वाया जाएगा। साथ ही सप्ताह में एक दिन कानून के विषय में एक विशिष्ट कक्षा संचालित होगी। मौके पर शिक्षक रोहित मंडल, मुकेश कुमार, निधि कुमारी, एकता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नूरी अनवर, अंशु कुमारी,प्रिया कुमारी, दुलारचंद प्रसाद, मनीष कुमार, बबलू कुमार,योगेश कुमार, कौशल पांडेय, मनोज कुमार, अर्जुन सिंह, विद्यालय के बच्चे समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने संविधान दिवस पर संविधान रक्षक दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन

**कोडरमा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत तिलैया बस्ती में संविधान रक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान संविधान रचयिता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पार्पित उन्हें नमन किया गया। पार्टी जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने पार्टी नेताओं, कार्यकताओं को भारतीय संविधान का उद्देशिका को पढ़कर शपथ दिलाया। उन्होंने कहा कि डॉ आंबेडकर ने संविधान बनाकर सभी लोगों को उनके अधिकार और कर्तव्यों को दिया है। आज इन्हीं लोगों को अधिकार मिल पा रहा है। लेकिन भाजपा सरकार द्वारा लगातार संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। इससे लगता है कि हमारे देश का संविधान खतरे में है। इसलिए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार सदन में उठा रहे हैं। उन्हीं के मार्गदर्शन पर पूरे देश में 60 दिनी संविधान रक्षक दिवस अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता ने कहा कि बाबा साहब के बारे में जितना कहा जाए, उतना कम होगा।

विधायक ममता देवी को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग

# ममता देवी का नेतृत्व क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा देगा : सुधीर मंगलेश



**ओबीसी समुदाय के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना सरकार की जिम्मेदारी**

झारखंड सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सामाजिक न्याय की भावना को बनाए रखा जाए। ओबीसी समुदाय के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना सरकार की जिम्मेदारी है। ममता देवी का मंत्रीमंडल में शामिल होना न केवल ओबीसी समुदाय को सम्मान देगा, बल्कि झारखंड की प्रगतिशील राजनीति को भी मजबूती प्रदान करेगा। सुधीर मंगलेश ने झारखंड सरकार से अपील की कि ममता देवी की योग्यता, संघर्षशीलता और जनता के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए उन्हें मंत्रीमंडल में स्थान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के लोग इस निर्णय का स्वागत करेंगे और यह निर्णय सरकार की दूरदर्शिता और संवेदनशीलता को दर्शाएगा।

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड सरकार से पुरजोर मांग की है कि ओबीसी समुदाय से आने वाली रामगढ़ विधायक ममता देवी को राज्य के मंत्रीमंडल में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि ममता देवी ने अपने कार्यकाल में विकास कार्यों, क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनका मंत्रीमंडल में शामिल होना न केवल क्षेत्रीय विकास को गति देगा बल्कि झारखंड में सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाएगा। सुधीर मंगलेश ने कहा कि रामगढ़ की विधायक ममता देवी एक ईमानदार, कर्मठ और संघर्षशील जनप्रतिनिधि हैं। वह हमेशा जनता के हितों को प्राथमिकता देती हैं और सामाजिक न्याय के लिए आवाज उठाती रही हैं। ओबीसी समुदाय की एक सशक्त नेता के रूप में उनकी पहचान पूरे झारखंड में है। ऐसे में उनका मंत्रीमंडल में शामिल होना राज्य में सामाजिक और राजनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक है। सुधीर मंगलेश ने कहा कि ममता देवी का नेतृत्व रामगढ़ और झारखंड के अन्य क्षेत्रों के विकास को एक नई दिशा देगा। उनके प्रयासों से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुए हैं। साथ ही, उन्होंने हमेशा गरीब, वंचित और पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है।

## प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रशिक्षुओं का विदाई समारोह



**हजारीबाग।** पदमा प्रखंड स्थित मां विन्ध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजूकेशन में बीएड. सत्र 2022-24 का वर्तमान सत्र के प्रशिक्षुओं द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया। डॉ. तनुज गुप्ता के समन्वयन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका प्रारंभ संस्था अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार मेहता एवं प्राचार्य डॉ चेतलाल प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मंच संचालन प्रशिक्षु श्वेता राज लक्ष्मी तथा सुप्रिया राज ने किया तथा डॉ वीरेंद्र चौरसिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा अनूप कुमार मेहता ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं प्रेषित किया। मौके पर उपस्थित प्राध्यापकों में प्रो. जितेंद्र झा, डॉ सुनील कुमार वर्मा, प्रो. अंशु लकड़ा, डॉ प्रियंका कुमारी, प्रो. डॉ नीतू उपाध्याय प्रो राजेश कुमार प्रो. सरिका मेहता प्रो. प्रभात कुमार, प्रो अजीत कुमार कुशवाहा, प्रो. विवेक कुमार, प्रो. राजीव रंजन कुमार प्रो. अविनाश कुमार सुश्री मून कुमारी, संजय राणा, अरविंद कुमार सिन्हा, अशोक कुमार, बबलू कुमार मौजूद थे। वर्तमान सत्र के प्रशिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें स्वागत गान, नृत्य के रूप में गणेश वंदना, समूह नृत्य, झूमर, रैंप वॉक, म्यूजिकल तथा भाषण एवं चुटकुलों द्वारा कार्यक्रम को मनमोहन बनाया तथा वर्तमान प्रशिक्षुओं ने उपहार के रूप में डायरी एवं पेन देकर सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिग्विजय राणा को मि. फेयरवेल अंकित भारती मिस. फेयरवेल, कुमारी दिव्या मिस फेस ऑफ द डे एवं सुजीत मिस्टर फेस ऑफ द डे चुने गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने प्रस्तुत करने वाले प्रशिक्षुओं में प्रेरणा, सारिका, रंजना, गुणवंती, श्वेता, संजना, जीनत तथा प्रीति आदि प्रमुख रहे।

नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता की सुनी समस्याएं, कहा

## जनता की सेवा ही हमारी पहली प्राथमिकता है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने कार्यालय में जनता और समर्थकों से मुलाकात की। जनता की समस्याओं को ध्यान से सुनने के बाद विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं जैसे सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में तत्काल सुधार किया जाएगा और लोगों को जो भी सुविधाएं होगीं वह पूरा किया जायेगा। इस मौके पर विधायक ने कहा कि जनता की सेवा ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों से संपर्क किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के किसान, मजदूर और युवाओं के हित में योजनाओं को तेजी से लागू किया जाएगा। रोजगार सृजन के लिए छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाने और शिक्षा में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। श्री प्रसाद ने जनता जनार्दन से कहा कि मेरा कार्यालय केवल मेरा नहीं, यह क्षेत्र की जनता का कार्यालय है। कोई भी अपनी समस्या या सुझाव लेकर मुझसे मिलने बेझिझक आ सकता है। मैं हर समस्या को गंभीरता से सुनूंगा और उसका समाधान करूंगा।

विश्वविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

# संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के प्रति लोगों को जागरुक करना आवश्यक : डॉ मुनीष

*मुखिया फरजाना खातून व मुखिया प्रमोद कुमार ने संविधान को अहम बताया और कहा कि अनेकता में एकता कहा जाने वाला हमारा देश भारत पूरी दुनिया के लिए मिसाल है*




**एनएसएस इकाई के बैनर तले लगाया गया शिविर, साथ ही राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने की दिलाई गई शपथ**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के बैनर तले हरली पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मौजूद बतौर मुख्य अतिथि हरली मुखिया फरजाना खातून व मुखिया प्रमोद कुमार ने संविधान को अहम बताया और कहा कि अनेकता में एकता कहा जाने वाला हमारा देश भारत पूरी दुनिया के लिए मिसाल है। इससे पूर्व डॉ जयदीप सन्याल ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी मौजूद लोगों को दी। साथ ही एनएसएस के विद्यार्थियों सन्नी कुमार, हेरा फातिमा, तनिष्का कुमारी, महेश कुमार, विशाल कुमार, पूजा कुमारी, आशुतोष कुमार, सीमा कुमारी, किरण कुमारी, चंदन साव, मनव्वर हुसैन, निखिल कुमार, हर्ष सिन्हा, ऋतिक कुमार, आशीष जेरी करकेट्टा, मुस्कान कुमारी, आदित्य, स्नेहा सिन्हा, पल्लवी कुमारी, चंपा कुमारी, कोमल रानी, प्रियंका भारती, संजय यादव, सोनु कुमार, समीर कुमार सहित अन्य ने नुक्कड़ नाटक कर संविधान के प्रति लोगों को जागरूक किया। डॉ रोजीकांत ने मौजूद सभी लोगों को संविधान में निहित आदर्शों, मूल्यों का स्मरण कराते हुए राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय सभागार में राजनीति व विधि विभाग की ओर से संविधान दिवस के मौके पर मंगलवार को ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, डॉ जयदीप सन्याल, डॉ अरविंद कुमार सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।


स्कूल में 75वां संविधान दिवस मनाया गया

# बच्चों को संविधान दिवस के महत्व की दी गई पूरी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** संविधान दिवस प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है। स्थानीय श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मंगलवार को 75वां संविधान दिवस मनाया गया जिसका नारा था हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान। इस उपलक्ष्य में विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा सात,आठ, नौ और ग्यारहवीं के विद्यार्थी शामिल हुए। इस दिन को मनाने का उद्देश्य, भारतीय संविधान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और इसके वास्तुकार बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान का सम्मान करना है। संविधान दिवस को मनाने के लिए स्कूल में कई तरह की गतिविधियां आयोजित की गयी। विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने संविधान के संदर्भ में सामूहिक प्रतिज्ञा ली। अन्य गतिविधियों में पोस्टर बनाना, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रमुख रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह का प्रोत्साहन रहा। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी ने विद्यार्थियों के मनोबल का बढ़ाया।

## कांग्रेसी नेता ने शंकरपुर हादसे पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के लिए जताया आभार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शंकरपुर मार्ग पर सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद जिला प्रशासन की ओर त्वरित कार्रवाई को लेकर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उनकी सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए जरूरी कदम उठाने का आश्वासन दिया है। इस मार्ग पर भारी वाहनों की नो-एंट्री लागू करने, स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेत लगाने, साथ ही पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांगों को प्रशासन ने स्वीकृति देने के साथ ही साथ उसे आज से लागू भी किया गया है। गौरतलब है कि शंकरपुर मार्ग पर हुए इस हादसे में 8 वर्षीय अमन कुमार और उनकी मां लीला देवी की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल था। स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा उपायों की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया था। मुन्ना सिंह ने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुखद और असहनीय है। पीड़ित परिवार के लिए न्याय सुनिश्चित करना और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने हादसे के बाद शीघ्र कार्रवाई किया है। वहीं आपको बता दें कि हादसे के विरोध में कल स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए और सड़क पर सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जाएं। मुन्ना सिंह ने उनके प्रति सहानुभूति जताते हुए प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की थी। राजधानी रांची से बयान जारी करते हुए उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से प्रशासन इस घटना को गंभीरता से ले रहा है।

नवनिर्वाचित सदर विधायक से दारू प्रखंड के लोगों ने की शिष्टाचार मुलाकात

# प्रदीप प्रसाद की जीत से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी : अशोक कुशवाहा

*पंचायत स्तर पर बहुमत दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया*



**नवीन मेल संवाददाता। दारू** सदर विधानसभा क्षेत्र में प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करने पर नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद से दारू प्रखंड के कई कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात की। दारू प्रखंड के भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा के नेतृत्व में कई लोगों ने शिष्टाचार मुलाकात किया और उन्हें बधाई दिए उन्होंने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर बहुमत दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया। उनकी इस मेहनत का परिणाम है कि सदर विधानसभा क्षेत्र में भारी बहुमत हासिल हुआ है। दारू प्रखंड के मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा और कई कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि विधायक प्रदीप प्रसाद की जीत ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों में नई ऊर्जा भर दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रचंड बहुमत से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा, अब क्षेत्र में भ्रष्टाचार कम होगा और पारदर्शी तरीके से विकास योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। यह जीत जनता की जीत है अब मेरा पहला कर्तव्य है कि क्षेत्र के हर एक समस्या को हल करना और अब विकास का नई गाथा लिखूंगा और कहा कि यह जीत सिर्फ एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि क्षेत्र के विकास और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भरोसा जताया कि विधायक प्रदीप प्रसाद अपने कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देंगे। शिष्टाचार मुलाकात में कई लोग उपस्थित थे। दारू प्रखंड के भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, बलदेव बाबू, विनोद कुमार सीताराम प्रसाद, संतोष प्रसाद, विनोद राणा, नारायण महतो, मोहन प्रसाद, धनपत राम, विजय राणा, मोहन प्रसाद, आलोक राज इत्यादि लोग थे।

# डीसी ने कृषि बागवानी पशुपालन सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन ,सहकारिता विभाग ,आत्मा विभाग ,पौधा संरक्षण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने विभाग वार योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप जिले के किसानों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। इस दौरान कृषि पदाधिकारी को जिले के शत् प्रतिशत किसानों का मृदा जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने रबी बीज वितरण के तहत 2750 क्विंटल लक्ष्य के अनुरूप कैम्पस के माध्यम से 440 क्विंटल का ही ड्राफ्ट के रूप में राशि जमा किया गया था। जिसके आलोक में उपायुक्त ने प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप शत् प्रतिशत ड्राफ्ट जमा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्राप्त लक्ष्य के तहत बीज विनिमय में एक सप्ताह के अंदर प्रगति लाने का निर्देश दिया। पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 75% एवं 90% सब्सिडी दिए जाने वाले पशुपालन का लाभ को शत् प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बकरा विकास वितरण, सुकर पालन, चूजा वितरण, जोड़ा बैल एवं गाय वितरण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जोड़ा बैल वितरण के तहत चयनित लाभुकों का ससमय बैंक खाता खुलवाते हुए डी.बी.टी. करने का निर्देश दिया। साथ ही बकरा विकास वितरण, सुकर पालन, चूजा वितरण, जोड़ा बैल एवं गाय वितरण के तहत चयनित लाभुकों के बीच दो सप्ताह के अंदर पशु वितरण मेला कार्यक्रम आयोजन करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने मत्स्य पालन, सहकारिता एवं आत्मा विभाग की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, जिला मत्स्य पदाधिकारी सीमा टोप्पो, जिला पशुपालन पदाधिकारी अरूण कुमार राम, सहायक निबंधन सहकारिता कर्मवीर मेहता सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिमडेगा समाहरणालय में संविधान दिवस के मौके पर प्रस्तावना की उपायुक्त ने दिलाई शपथ



**सिमडेगा।** 26 नवम्बर के दिन 1949 को भारत की संविधान सभा ने अपने संविधान को अपनाया था, भारत के नागरिकों को संविधान के प्रति जागरूक करने और संवैधानिक मूल्यों को याद दिलाने के लिए हर साल 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है। यह 26 नवम्बर 2015 से मनाया जाना प्रारम्भ हुआ।इसी क्रम में समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने विभाग के पदाधिकारीयों एवं कर्मियों को भारत के संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई। जिसमें भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न,लोकतंत्रात्मक ,पंथनिरपेक्ष गणराज्य बनाने,सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार,अभिव्यक्ति,विश्वास,धर्म और उपासना की स्वतंत्रता,प्रतिष्ठा और अवसर की समानता,व्यक्ति की गरिमा,राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर संविधान को आत्मार्पित करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही जिले के सभी कार्यालयों, जिला परिषद् अनुमंडल कार्यालय, नगर परिषद् प्रखण्ड सह- अंचल कार्यालयों, थाना, आंगनबाड़ी केन्द्र, कॉलेजों एवं विद्यालयों में भी शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

# सिविल सर्जन की उपस्थिति में हुरदा के विभिन्न गांव में की गई स्वास्थ्य जांच

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की शुरुवात 2005 में पूरे देश में की गई उसका मुख्य उद्देश्य था, सदूर ग्रामीण इलाको के अंतिम घर के अंतिम व्यक्ति तक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की सूविधा पहुँचाना। इसी उद्देश्य के तहत सिविल सर्जन सिमडेगा डॉ. रामदेव पासवान की अगुवाई में बानो प्रखण्ड के हुरदा पंचायत के सभी गाँवों के सभी घरों में पहुँचने के लिए 10 मेडिकल टीम का गठन किया गया मेडिकल टीम द्वारा हुरदा पंचायत के सभी गाँवों में जाकर स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी घर-घर जाकर दिया गया साथ ही मेडिकल टीम द्वारा घरों में ही स्वास्थ्य जाँच की गई। इसमें सभी प्रकार के संचारी रोगों टी,वी, कुष्ठ, मलेरिया, डेंगु आदि एवं गैर संचारी रोग जैसे बी.पी. शुगर, हृदय, किडनी, एवं कैंसर जैसे रोगों का भी स्क्रीनींग किया गया। टीम द्वारा मेडिकल सर्वे भी किया गया। मेडिकल टीम में जिला स्तर से सिविल सर्जन स्वयं एवं महामारी विशेषज्ञ- डॉ. अध्ययन शरण, जिला कार्यक्रम समन्वयक जेवियर एक्का, मलेरिया सलाहकार सुशांत कुमार, गुणवता सलाहकार किरण बाघवार के साथ बानो, जलडेगा एवं कोलेबिरा के एम.पी.डब्ल्यु बानो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं बानो प्रखण्ड की सभी एएनएम सीएचओ, लैब टेक्नीशियन, एमटीएस, एसटीएलएस, बीटीटी सहिया समेत कुल 70 लोगों ने इस अभियान में भाग लिया।

# शिशु विद्या मंदिर केतुङ्गा धाम में मनाया गया संविधान दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखण्ड के शिशु विद्या मंदिर केतुङ्गा धाम में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया सविधान दिवस के अवसर पर विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुकरा केरकेट्टा ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाये ।उन्होंने भारतीय सविधान के बारे में जानकारी दिये ।मौके पर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया ।इस अवसर पर आचार्य बंधनू केरकेट्टा, मनीषा टेटे ,रेणु गोस्वामी, प्रेमलता केरकेट्टा, कुलदीप ओहदार ,अंजली कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।इधर बांनो थाना में एस आई निरंजन कुमार के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया।थाना परिसर में पुलिस के अधिकारियों व जवानों को संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया ।

# भाजपा नेताओ ने घायल छात्राओं को पहुंचाया अस्पताल

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के पास मंगलवार को दोपहर में उर्सुलाइन गर्ल्स स्कूल की दो छात्रा स्कूल से घर लौटते अज्ञात मोटरसाइकिल सवार के द्वारा धक्का मारने से घायल हो गईं। मौके से गुजर रहे रह भाजपा नगर मंडल महामंत्री संटू गुप्ता द्वारा तत्काल छात्राओं को सदर अस्पताल ले जाया गया। नगर महामंत्री के द्वारा सूचना मिलते ही भाजपा के निवर्तमान प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा सदर अस्पताल पहुंचकर घायल छात्राओं से मिले एवं डॉक्टर से उचित इलाज करने का आग्रह किया डॉक्टर ने छात्राओं को खतरे से बाहर बताया। बताया गया कि स्कूली छात्र बनाबिरा निवासी जय किशोर नायक की पुत्री नैना कुमारी है तथा दूसरा सिमडेगा सलडेगा निवासी राजेश साव की बेटी लक्ष्मी कुमारी है, जो की स्कूल छुट्टी होने के बाद घर की ओर जा रही थी ,इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे हैं मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मारते हुए फरार हो गया।

# बीडीओ ने अबुआ आवास एवं पीएम आवास योजना की समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी की अध्यक्षता में चुनाव के बाद कार्य में तेजी लाने हेतु अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना का समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में अबुआ आवास में वित्तीय वर्ष 24 -25 के लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया गया साथ ही वित्तीय वर्ष 24- 25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लक्ष्य के अनुरूप रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया गया साथ ही पुराने सभी आवास को कंप्लीट करने का निर्देश दिया गया। जो लोग पैसा लेकर अभी तक आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं, उन्हें नोटिस निर्गत करने और जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया।मनरेगा मे लेबर बढ़ाने का निर्देश दिया गया और पुरानी योजनाओं को कंप्लीट करने का निर्देश दिया गया साथ ही प्रति ग्राम 5-5 योजना चलने का निर्देश दिया गया।बैठक मे बी पीओ चारु प्रसाद माझी ,आशुतोष कुमार, जेई अमरेश ,अख़्तर अली ,अजय कुमार सिंह ,मुखिया मिन्सी लीना तिर्की ,लछमीनारायण बड़ाईक, सहित, पंचायत सेवक, जनसेवक, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे ।

## कुरडेग प्रखंड कार्यालय में मासिक गुरुगोष्ठी का हुआ आयोजन

**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीईईओ अरूण कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में मासिक गुरूगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बीडीओ नैमन कुजूर भी मौजूद रहे। इस दौरान बीडीओ ने स्कूलों में चल रहे गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।वहीं बीईईओ ने स्कूलों के गतिविधियों की समीक्षा की और पोशाक डीबीटी,स्कूलों को प्राप्त अनुदान राशि की उपयोगिता जमा करने,प्री मैट्रिक स्कॉलरशीप रजिस्ट्रेशन जल्द पूरा करने,मेनू के अनुसार एमडीएम संचालित करने का निर्देश दिया।

# संविधान दिवस पर भाजपा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान दिवस के मौके पर बाबा साहब के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया।मौके पर भाजपा नेता व निवर्तमान प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि यह दिन भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष में एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है संविधान दिवस का उद्देश्य लोगों को संविधान के मूल बातें और उसके महत्व के बारे में जागरूक करना है यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त है भारतीय संविधान के मुख्य उद्देश्यों में संप्रभुता समाजवाद धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र और गणतंत्र शामिल है इसके अलावा न्याय स्वतंत्रता और बंधुत्व भी भारतीय संविधान के उद्देश्यों का हिस्सा है।मौके पर संजय शर्मा दीपनारायण दास, सुरेंद्र प्रसाद, संटू गुप्ता, संभु भगत, घनश्याम सिंह, अनिरुद्ध सिंह ,रवि वर्मा ,कृष्णा महतो राजा ,आलोक श्रीवास्तव मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर निकली हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पदयात्रा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** संविधान निर्माण के 75 वें वर्षगांठ के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा गोस्सनर इंटर कॉलेज सिमडेगा में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य शीतल एक्का द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया । तत्पश्चात संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम में गोस्सनर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य शीतल एक्का के द्वारा युवाओं को संविधान से मौलिक अधिकार और देश के प्रति हमारे कर्तव्य के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात सोरिना टेटे लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवनी एवं संविधान बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद प्राचार्य द्वारा हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पदयात्रा गोस्सनर इंटर कॉलेज सिमडेगा से सलडेगा चौक एवं पुनः वापस सलडेगा से डीपा टोली होते हुए गोस्सनर इंटर कॉलेज सिमडेगा पहुंचकर सभा के रूप में परिणत हो गई। कार्यक्रम में एंजेलिना भेंगरा, पूनम नीलम केरकेट्टा, अजीत कुमार डुंग डुंग, ग्लेड सोरेन, शबनम लुगुन, मनीष कुजूर, अनमोल मिंज, रमा एक्का रेफ़िलेम केरकेट्टा, संजय पान और संगीता देवी उपस्थित रहें।

## जेएससीए अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए सिमडेगा से टीम रवाना

**सिमडेगा।** जेएससीए द्वारा आयोजित अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट खेलने के लिए सिमडेगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीम मंगलवार की सुबह बस स्टैंड सिमडेगा से कोडरमा के लिए रवाना हुई। सिमडेगा क्रिकेट एसोसिएशन की 17 सदस्यीय क्रिकेट टीम कोडरमा के लिए रवाना हुई।यह टीम जेएससीए द्वारा आयोजित अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट खेलेगी। सुबह सिमडेगा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्रीराम पूरी सहित अन्य पदधारी सिमडेगा बस स्टैंड से निजी बस द्वारा टीम को शुभकामनाएं देकर विदा किए। मौके पर उपस्थित सचिव ने कहा कि सिमडेगा में सभी खेलों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है और आने वाले दिनों में जेएससीए के द्वारा यहां पर भव्य स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू होगा।

# संविधान दिवस के मौके पर जिला जज ने प्रस्तावना की दिलाई शपथ

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** व्यवहार न्यायालय में संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी न्यायिक पदाधिकारियों,कर्मियों, अधिवक्ताओं,पारा विधिक स्वयं सेवकों को प्रस्तावना का पाठ कराते हुए संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों की पाठ कराई गई। इस मौके पर संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला जज ने कहा कि संविधान हमारे कार्य क्षेत्र की आत्मा है। हमलोगों की कोशिश है कि संविधान का उल्लंघन किसी व्यक्ति के द्वारा ना किया जाए। उन्होंने कहा कि हम सबों को मौलिक अधिकारों की ओर खास ध्यान देने की जरूरत है। इसके आधार पर हम सामान्य नागरिक को सभी सुविधाएं प्रदान कर सकते हैं। पीडीजे ने कहा कि संविधान की मूल भावना समाज के निचले तबके तक पहुंचाने की जरूरत है। इसी लिए नालसा के द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। मौके पर सीजेएम मनीष कुमार सिंह,प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम,न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा,स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा,सचिव प्रद्युम्न सिंह,शमीम अख्तर,ब्रिखभान अग्रवाल,संजय महतो,रामप्रीत प्रसाद,अरुण तिर्की,मो यूसुफ सहित कई लोग मौजूद थे।

# एनजीटी की रोक हटते ही जलडेगा में बालू के अवैध उत्खनन में आयी तेजी

नवीन मेल संवाददाता



**जलडेगा।** प्रखंड अंतर्गत जलडेगा थाना व ओड़गा ओपी क्षेत्र के कोलोमडेगा, बलडेगा, कोनमेरला, गांगुटोली, पियोसोकरा, टीनगिना, लम्बोई, टाटी, ओड़गा, कूटूंगीया आदि क्षेत्रों में इन दिनों बालू का अवैध उत्खनन फिर शुरू हो गया है। बालू कारोबारी दिन के उजाले हो या रात का अंधेरा यहां सरकारी योजनाओं में बालू सप्लाई करने का हवाला देकर आस - पास के नदी और नालों से बालू का उत्खनन कर इसे ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। कई बालू कारोबारी बरसात खत्म होते ही जंगलों के अंदर जगह - जगह बालू स्टॉक कर रखे हुए हैं। बता दें कि बरसात के दौरान बालू उत्खनन पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की रोक हटने के बाद बालू का अवैध कारोबार अब तेजी से होने लगा है। हालांकि रोक के दौरान भी कमोबेश यह कारोबार ओडिशा के रास्ते जारी था।

### टास्क फोर्स व इसकी बैठकें बेकार

उल्लेखनीय है कि नदियों से बालू के अवैध खनन व इसके परिवहन के मामलों पर कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स का गठन किया गया है। इस मामले में सिमडेगा डीसी की ओर से प्रत्येक माह जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक भी होती है। बैठक में अवैध खनन, परिवहन और बालू के अवैध भंडारण पर कार्रवाई की बात होती है लेकिन इसका क्रियान्वयन धरातल पर नहीं होता है।

# एनसीसी ने शहर की विभिन्न प्रतिमाओं का किया साफ-सफाई

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा केवएनसीसी कैडेट्स ने मंगलवार को एनसीसी दिवस के अंतर्गत एवं संविधान दिवस के अवसर पर सिमडेगा शहर में अवस्थित विभिन्न प्रतिमाओं का साफ सफाई किया।मौके पर रानी लक्ष्मी बाई ,वीर बुधु भगत,भगवान बिरसा मुंडा,महारानी दुर्गावती,डॉ भीमराव अंबेडकर एवं प्यारा केरकेट्टा आदि महापुरुषों एवं वीरांगनाओं के प्रतिमा को कैडेट्स के द्वारा सर्प एवं पानी से धोया गया। एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार ने बताया कि एनसीसी दिवस नवंबर माह के चौथे रविवार को मनाया जाता है। ऐसे महापुरुषों के प्रतिमाओं को साफ सफाई करने से बच्चों में उनके प्रति श्रद्धा भाव उत्पन्न होती है उनके कृतियों को जानने की इच्छा होती है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की ऐसे लोगों की प्रतिमाओं के पास किसी प्रकार का गंदगी ना करें। आज संविधान दिवस के पावन अवसर पर सभी कैडेट्स ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष शपथ लिया। सत्यजीत कुमार ने कहा यदि बच्चों में देशभक्ति की भावना भरना चाहते हैं तो पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक गतिविधियों एवं महापुरुषों की जीवनी को सकारात्मक तरीके से बताना होगा जिसका प्रतिफल आगे चलकर निश्चित रूप से प्राप्त होगा।मौके पर विद्यालय के शिक्षक संजीव कुमार मौजूद थे।

# छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा संविधान दिवस का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** मेरोमडेगा पंचायत के बरटोली में स्थित राजकीय उच्च विद्यालय बरटोली में छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने संविधान के महत्व को समझने के लिए विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने अतिथियों का स्वागत किया और दीप प्रज्वलन के साथ संविधान दिवस का शुभारंभ हुआ। बच्चों ने संविधान की उद्देशिका की शपथ ली और झारखंड के सांस्कृतिक नृत्य का प्रदर्शन किया। उन्होंने संविधान पर कविताएं और भाषण देकर संविधान दिवस के महत्व को बताया और संविधान में मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों के महत्व को समझाया। बच्चे लगभग 5 सप्ताह से "संविधान लाइव आओ जागरिक बने" खेल खेल रहे थे, जिसके माध्यम से उन्होंने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों को सीखा। उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों तक इसके बारे में जानकारी पहुंचाई। इस कार्यक्रम में वार्ड, आंगनवाड़ी सेविका और स्कूल के अध्यापक उपस्तिथ थे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को खेल में भाग लेने और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सर्टिफिकेट दिए गए और प्रथम स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कम्यूटिनी वार्तालीप कोएलिशन के 40 संस्थाओं के साथ, 12 राज्यों में 1800 से अधिक युवाओं के लिए प्रभावशाली अनुभवों का सह निर्माण कर रहा है, ताकि वे जागरूक नागरिक बन सकें और संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं।

# संबिधान दिवस पर पुलिस कर्मियों को दिलायी गई शपथ

नवीन मेल संवाददाता



**कुरडेग।** कुरडेग थाना परिषर में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया मौके पर थाना प्रभारी श्री नवीन कुमार ने संबिधान की प्रस्तावना को पढ़ा तथा सभी पदाधिकारियों एवं जवानों ने एक स्वर में प्रस्तावना को दोहराया । उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ संविधान की शपथ ली । वहीं मौके पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों व जवानो को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी नवीन कुमार ने कहा कि डॉ० भीमराव अंबेडकर के बनाए कानून के तहत ही हम लोग पुलिस की नौकरी करते हैं हम सबको बखुबी संविधान का पालन करना चाहिए तथा आम लोगों को संवैधानिक नियमों से अवगत कराना हम सबका फर्ज बनता है पुलिस पब्लिक के बीच संवैधानिक तथ्यों के तहत मधुर संबंध बनाने की बात कही ताकि लोगों में पुलिस प्रशासन पर अटुट आस्था हो वहीं उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 1949 ई० को भारत के लोगों ने भारत के संविधान को आत्मार्पित किया था । मौके पर अंचल पुलिस निरिक्षक हनुमान शरण सिंहा , एस

# ग्रामीणों को लीड्स संस्था ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता




**जलडेगा।** मंगलवार को जलडेगा प्रखंड के कीनिरकेला गांव में लीड्स संस्था द्वारा कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा जलडेगा प्रखंड के 25 गांव में किए जा रहे गतिविधियों की जानकारी दी गई। संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को मनरेगा, राशन कार्ड, श्रम विभाग, 15वें वित्त आयोग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, उज्जवला योजना तथा ई श्रम कार्ड से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और योजना से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दिया। वहीं जलडेगा एग्रो के सीईओ सोनू सिंह ने ग्रामीणों को कृषि विभाग और आत्मा से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और खेती बाड़ी कार्य से अपनी आय को दुगुनी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को श्रम विभाग में आवश्यक रूप से निबंधन कराने के लिए भी प्रेरित किया गया और ग्राम सभा के कार्य एवं दायित्व के जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि अब हर महिने ग्राम सभा की बैठक की जायेगी और ग्राम सभा बैठक की सूचना हरेक माह डुगडुगी के माध्यम से दी जाएगी।कार्यक्रम में लीड्स संस्था के कलिंद्र प्रधान, सुनीता देवी, फ्रिस्का केरकेट्टा, सुरेश सोरेंग सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर

### डालसा ने मनाया संविधान दिवस

**रांची।** झालसा के तत्वाधान में तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रांची व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रस्तावना पढ़ा गया। झालसा द्वारा संचालित रांची जिला सभी लीगल लिट्रेसी क्लब में भी संविधान के प्रस्तावना को पढ़ा गया। जिले के पुलिस थानों में भी संविधान का प्रस्तावना को पढ़ा गया। डुमरदग्गा स्तिथ बाल संपेक्षण गृह में संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्य पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया और बच्चो के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ,रांची , एलएडीसी के डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा सहित संपेक्षण गृह के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एनएसयूआई ने संविधान दिवस मनाया

**धनबाद।** मंगलवार को बीबीएमकेयू में एनएसयूआई द्वारा संविधान दिवस मनाया गया।मौके पर एनएसयूआई विश्वविद्यालय के राज रंजन सिंह ने भारत के संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के विशेष योगदान के बारे में बताया एवं संविधान की प्रस्तावना को विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच रखकर उसके महत्व को समझाया।साथ ही यह भी बताया कि वर्तमान में भारतीय संविधान में कुल 395 अनुच्छेद 25 भाग और 12 अनुसूचियां हैं। भारतीय संविधान में विभिन्न राजनीतिक दर्शन, नागरिकों के मूल कर्तव्य के अलावा विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का विभाजन इत्यादि अनेक प्रावधानों को शामिल किया गया है।

### दो बच्चों के बीच हुआ विवाद

# विद्यालय की कक्षा में घुसकर अभिभावक पर दूसरे बच्चे को पीटने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत एक सरकारी विद्यालय से शिक्षकों की लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें दो बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद उनमें से एक के अभिभावक विद्यालय की कक्षा में घुसते हैं और दूसरे बच्चे को पीट देते हैं, इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण दफ्त? में बैठकर कुर्सियां तोड़ रहे होते हैं। इतना ही नहीं जब यह बात शिक्षकों को पता चली तो उन्होंने इस पर एक्शन लेने के बजाय पंचायती कर मामले को निपटा दिया। यह मामला तिसरी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवाडीह का है।






इविद्यालय के कक्षा 6 के विद्यार्थी अमन कुमार ने बताया कि सोमवार को उसके और विनोद कुमार के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद विनोद कुमार के अभिभावक ने आव देखा न ताव और विद्यालय के क्लासरूम में घुसकर अमन कुमार को पीट दिया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक कार्यालय में बैठे थे। जिसके बाद स्थानीय मुखिया, प्रधानाध्यापक और कुछ लोगों की उपस्थिति में पंचायती कर मामले को सलटा दिया गया।

इस बाबत विद्यालय के प्रधान शिक्षक गंदौरी महथा से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पहले कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से साफ इंकार कर दिया। फिर भी पूछे जाने पर बताया कि विद्यालय परिसर में बच्चों के साथ मारपीट की गई थी, स्थानीय मुखिया और लोगों के साथ बैठकर मामले को निपटा दिया गया है। तो वहीं मुखिया डोमी लाल महथा से भी फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कुछ और ही कहानी बताई। उन्होंने कहा कि मारपीट विद्यालय में हुआ ही नहीं है।

बहरहाल मामला चाहे जो भी हो लेकिन इस कृत्य से विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही और बच्चों की सुरक्षा पर भी गहरा सवाल उठता है। आखिर विद्यालय में कोई बाहरी व्यक्ति किसी भी बच्चे को आखिर कैसे पीट सकता है? तो वहीं मामले की जानकारी के बाद शिक्षक, मुखिया व अन्य लोगों द्वारा पंचायती कर मामले को रफा - दफा कर दिया जाता है। इस मामले में शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंजीत कुमार ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

### केंद्र और राज्य सरकार की बजट से चलती है रिम्स

# ओपीडी परिसर में नहीं है पीने के पानी की व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स अपनी अव्यवस्था पर आंसू बहा रहा है। इससे लोगों को भी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। एक गरीब आदमी अपनी जमीन बेच कर, कर्ज लेकर दूर-दराज के गांव से इलाज कराने आता है। मरीज के साथ उसके परिजनों में छोटे बच्चे भी होते है। ओपीडी के पास सभी रुकते हैं, इस जगह पर पीने के पानी की व्यवथा न हो तो क्या हालात होगा? यह कोई भी समझा सकता है। मगर रिम्स को इससे कोई लेना देना नहीं है। रिम्स ऑटो पायलट हिसाब से काम करती हुई नजर आती है। हमेशा उसका अंदाज होता है, सब कुछ सही है, सारी व्यवस्थाएं ठीक है। छोटे बच्चे पीने के पानी को लेकर तरस रहे हैं। वहीं रिम्स साल- दो साल पहले लगाई गई वाटर प्यूरिफायर मशीन को ठीक मान कर चल रही है। वर्त्तमान हालात का जायजा लेने की कभी कोशिश ही नहीं करती। मॉनिटरिंग सही से होती तो हजारीबाग से आये चंदन कुमार को पीने की पानी के लिए मायूस नहीं होना पड़ता।






वहीं, रिम्स के प्रवेश मार्ग पर ड्रेनेज की जाली टूटी है, जिससे वहां गड्ढा बन गया हैऔर मार्ग छोटा हो गया है। इस जगह एंबुलेंस या कोई भी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो सकती है।

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में उनी वस्त्रों का हुआ वितरण

रांची। सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंगलवार को एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के पदाधिकारीएवं ट्रस्ट के सदस्यों के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांगों एवं उनकी सेवा में लगे लोगों बीच उनी टोपी,उनी मोजा एव उनी लोवर (ट्राउजर) का वितरण किया। ठंड के मौसम में गर्म टोपी मोजा एवं लोवर पेंट मिलने से सभी कोई बहुत ही खुश दिखाई दे रहे थे। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया। सेवा के महान कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान,राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ;सुरेशअग्रवाल, सज्जन पाडिया,नन्द किशोर चौधरी,विशाल जालान, ओमप्रकाश सरावगी इनके अलावा भी और बहुत से सदस्य उपस्थित थे।



### समाहरणालय ब्लॉक बी में अव्यवस्था है बहाल

# खराब पड़ी है लिफ्ट, शौचालय पर लटक रहे हैं ताले

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** समाहरणालय ब्लॉक बी में अव्यवस्था बहाल है। इस परिसर में अनेक विभाग है जिसमें प्रतिदिन हजारों लोगों का आना होता है। इन लोगों में अनेक बुजुर्ग भी होते हैं। आम लोगों की सहूलियत कें लिए आठ लिफ्ट बनाए गए हैं जिसमें एक लिफ्ट काम करता है, बाकी सात लिफ्ट खराब पड़े हैं। एक लिफ्ट का प्रयोग होता है मगर लाइट कट होने से घंटों फंसे रहना का खतरा होता है। जेनेरेटर भी समय पर काम नहीं करता है। कुछ महीनों पहले इस लिफ्ट में पावर कट होने से लिफ्ट में सवार लोग काफी देर तक फंस गए थे। हालात यह थी कि जेनरेटर भी उस समय काम नहीं कर रहा था। बड़ी मशक्कत के बाद उनलोगों को लिफ्ट से निकाला गया था। वहीं दूसरी ओर ग्राउण्ड फ्लोर पर चार शौचालय बने है, दो पुरूषों के लिए और दो महिलाओं के लिए। तीनों शौचालय में ताले लटके होते हैं एक ही खुला रहता है। महिलाओं के तो दोनों शौचालय पर ताले लटके रहते हैं। इस तरह के हालात राजधानी के समाहरणालय में है तो ब्लॉक स्तर पर क्या होता होगा। इसी से अंदाजा लगया जा सकता है।



### गांडेय प्रखंड के सरकारी संस्थानों में दिलायी गयी संविधान की शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय, गिरिडीह**

26 नवम्बर को गांडेय प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थानों में संविधान दिवस दिवस मनाई गई .इस दौरान गांडेय प्रखंड परिसर में अंचल अधिकारी मोहमद हुसैन के अगुवाई में संविधान दिवस मनाई गई ओर संविधान की याद दिलाते हुए संविधान के प्रति शपथ ली गई।

अंचल अधिकारी मोहम्मद हुसैन ने कहा संविधान दिवस के अवसर पर गांडेय प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थानों में संविधान दिवस के प्रति शपथ ली। अंचल अधिकारी मोहम्मद हुसैन ने कहा 26 नवंबर 1949 ई.को संविधान बन कर तैयार हुआ था संविधान बनाने में दो वर्ष ग्यारह माह अठारह दिन लगा था भारत के लोग एक संपूर्ण प्रभुत्व समाजवादी पंथ निरपेक्ष सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय विचार और राष्ट्रीय की एकता को बनाने वाली संविधान को लेकर संविधान दिवस मनाया जाता है। मौके पर बीपीओ मनीषा मुर्मू,प्रवीण कुमार,चंदन कुमार, सुजल कुमार,बिरेंद्र पाण्डेय,सहित दर्जनों प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### भगवान बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा रिम्स में वेंटिलेटर पर हालत अभी भी नाजुक



**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा का सोमवार को खूंटी के पास दुर्घटना के दौरान सर में गंभीर चोट आई थी और उन्हें रिम्स लाया गया। न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ आनन्द प्रकाश की देख रेख में उन्हें भर्ती किया गया। मंगल मुंडा के ब्रेन में काफी गंभीर चोट आई थी और ब्रेन के दोनों तरफ ब्लड क्लॉट हो चुका था। दुर्घटना की वजह से उन्हें काफी रक्तस्त्राव भी हो चुका था और उन्हें तत्काल ऑपरेशन की आवश्यकता थी। मंगलवार को डॉ आनन्द प्रकाश के नेतृत्व में उनका सफल ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन काफी जटिल था जिसमें ब्रेन के दोनों तरफ ऑपरेशन किया गया। तकरीबन 4 घंटे तक चले इसे ऑपरेशन में ब्रेन से क्लॉट को हटाया गया। श्री मुंडा की स्थिति अभी बहुत नाजुक है और उन्हें अभी भी वेंटिलेटर पर रखा गया है। इस ऑपरेशन में न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ सौरव बेसरा, डॉ विकास कुमार, डॉ राहुल महली, डॉ रश्मि एवं एनेस्थीसिया विभाग के डॉ तुषार, डॉ अलका और ओटी स्टाफ में सुनील और विनीता शामिल थे।

### ब्लड बैंक को सशक्त करने की आवश्यकता: अपर पुलिस महानिदेशक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रक्त अधिकोष सदर अस्पताल में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संजय ए लाथकर अपर पुलिस महानिदेशक, झारखंड ने रक्तदान महादान के अनेकों फायदे बताए। उन्होंने बताया कि सभी संस्था को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करना चाहिए, किसी भी परिस्थिति में ब्लड की आवश्यकता पड़ सकती है। आए दिन सड़क दुर्घटना आदि की सूचना मिलती है मालुम होता है कि चार से पांच लोग मारे गए शेष घायलों को खून की कमी के कारण नहीं बचाया जा सका।

### सीएमपीडीआई में मनाया गया संविधान दिवस




**रांची।** सीएमपीडीआई में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने मुख्यालय-रांची एवं क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया । श्री कुमार ने कहा कि सभी को अपने कार्यस्थल पर और व्यावहारिक जीवन में संवैधानिक मूल्यों, मयार्दाओं एवं आदर्शों का पालन करना चाहिए। मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# श्रीश्याम मंदिर में मना उत्पन्न एकादशी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा मंगलवार को उत्पन्न एकादशी पर हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रातः पट खुलते ही भक्तों का आगमन शुरू हो गया। प्रातःकालीन शृंगार करके पंचदीपों की आरती करके भोग लगाया।

उत्पन्न एकादशी का विशेष शृंगार सायं को किया गया था। आर्किड, लाल गुलाब, पीला गुलाब, तुलसीदल, रजनीगंधा, पीला गेंदा, मुरगन फूलों की मोटी-मोटी फूल मालाओं से सजाया गया। पीला कलर का नवीन पोशाक पहनाया गया। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं का भी विशेष शृंगार मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में किया गया। एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9.30 बजे मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। सीता देवी, नीरज, उषा , उत्तम,राघव, श्लोक,वेद, तनिषा चितलागिंया ने खाटूनरेश की अखण्ड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केशरिया पेड़ा, पंचमेवा, नारियल, फल, रबड़ी, दूध, मगही पान का भोग अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना कर खाटूनरेश की चोखट पर टेका। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन - अनुष्ठान करवाया। खाटूनरेश को सुगंधित गुलाब - केशर का इत्र लगाया गया। इस अवसर पर दीपाली कुमारी ने नवीन पोशाक, मुकेश वरनवाल ने मगही पान, अमरनाथ - अपूर्वा दत्ता ने पंचमेवा, अन्नपूर्णा सरावगी ने रबड़ी, राजेश कटारुका ने दूध, मुकेश मित्तल ने गिरीगोला, सीता देवी, नीरज, उषा चितलागिंया एवं एक भक्त ने फल प्रसाद की सेवा अर्पित की। अखण्ड ज्योति में आहुति देने की भक्तजनों की कतारें लग गयी। श्रीश्याम दरबार का दर्शन कर भक्तजन निहाल हो रहे थे। तीन घंटे का भजन- संकीर्तन का कार्यक्रम हुआ। श्रवण ढाढ़ंनिया, श्यामसुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू,सलज अग्रवाल, पंकज गाड़ोदिया, साकेत ढाढ़ंनिया, वेदभूषण जैन पप्पू, अनुज मोदी, मनोहर केडिया, किशन शर्मा, रणधीर जायसवाल, रोशन खेमका, विशाल पौदार, निखिल नारनोली, दिनेश अग्रवाल, प्रकाश सरावगी, रतन शर्मा आदि ने एक से बढ़कर एक भजनों की श्रीगंगा प्रवाहित की। भजनों की श्रीगंगा में भक्तजन झूमते - नाचते रहे। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भजन -संकीर्तन। का संचालन किया। देर रात महाआरती के साथ एकादशी आयोजन का समापन हुआ। भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।



# सीविल एवीयेशन उप समिति की बैठक, एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं के बारे में हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के सीविल एवीयेशन उप समिति की बैठक चैंबर भवन में हुई। एयरपोर्ट पर यात्री सुविधा से जुडे बिंदुओं के साथ ही कई प्रमुख शहरों के लिए सीधी विमान सेवा की आवश्यकता पर चर्चा हुई। यह भी कहा गया कि एयरपोर्ट पर पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए 200 एकड़ भूमि एक्वायर की गई है जिसका उपयोग अब तक नहीं हो पा रहा है। एयरपोर्ट ऑथोरिटी को इसके समुचित उपयोग पर विचार करना चाहिए। सीविल एवीयेशन उप समिति चेयरमेन दिनेश प्रसाद साहू ने कहा कि पार्किंग को लेकर आये दिन यात्रियों के साथ होनेवाली समस्या के निदान की पहल होनी चाहिए। पार्किंग शुल्क लेने के लिए भी उचित मापदंड तय हो और यह व्यवस्था ऑटोमेटेड हो। यह भी बताया गया कि रांची एयरपोर्ट पर इनलैंड बैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम चालू हो गया है, इससे यात्रियों का समय बच रहा है। पूर्व में एक्स रे की व्यवस्था से चेक-इन में अधिक समय लगता था। उप समिति चेयरमेन श्रवण राजगढिया ने कहा कि यात्री यह जरूर ध्यान रखें कि वे चेक-इन बैगेज में पावर बैंक या कोई भी बैटरी ऑपरेटेड वस्तु ना रखें अन्यथा चेक-इन के बाद अनावश्यक परेशानी हो सकती है। चचाओं के क्रम में यह भी कहा गया कि एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर यात्रियों को छोडने अथवा पिकअप करने आनेवाले लोगों के लिए सुविधा असंतोषजनक है। उनके लिए न बैठने की व्यवस्था है ना शौचालय की सुविधा है। एयरपोर्ट प्रबंधन को इस मामले में कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द सुविधा बहाल करनी चाहिए। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने सभी एयरलाइंस ऑपरेटर से समन्वय बनाकर रांची से नई यात्री सेवाएं चालू करने की भी मांग की। यह कहा कि रांची से जयपुर, गोवा, रायपुर, गुवाहाटी, बागडोगरा के लिए सीधी विमान सेवा के लिए निरंतर यात्रियों के सुझाव हमें प्राप्त हो रहे हैं। सदस्यों के अग्रह पर उन्होंने यह भी कहा कि एयरपोर्ट ऑथोरिटी और नागर विमानन मंत्रालय से समन्वय बनाकर चैंबर द्वारा जमशेदपुर और बोकारो में एयरपोर्ट शुरू करने की दिशा में आवश्यक पहल करने का आग्रह किया जायेगा। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने रांची से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा आरंभ करने की आवश्यकता बताई। उपाध्यक्ष राहुल साबू और ज्योति कुमारी ने संयुक्त रूप से सभी एयरलाइंस कंपनियों से आग्रह किया कि वे हर समय एक उचित किराया मेंटेन करें तथा सीजनल बेतहासा वृद्धि से यात्रियों को राहत दें। मौके पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, सीविल एवीयेशन उप समिति चेयरमेन दिनेश प्रसाद साहू, श्रवण राजगढिया (चिंटू), सदस्य कौशल मिततल, रमेश रामनाथन, दिलीप कुमार समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।




**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
**(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)**
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice – 2nd Call**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Construction of Boundary Wall at District Institute of Education and Training (DIET), Chakulia located in East Singhbhum District of Kolhan Division of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 11.12.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Sd/-
(Shashi Ranjan)
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

Ref. No.: JEPC/CIV/03/659/2021/ 4418 Ranchi, Date: 26 .11.2024
PR.NO.340415 Jharkhand Education Project Council(24-25):D

**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 21/2024–25**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 03.12.2024 को (अपराह्न 01:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 04.12.2024 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 05.12.2024 को (04:00 बजे अपराह्न तक)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी | एस०एस०+2 उच्च विद्यालय, खूँटी में स्थित अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का जीणोद्धार कार्य। | 2499600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 04 माह |
| 2 | खूँटी | एस०एस०+2 उच्च विद्यालय, खूँटी में स्थित अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में शौचालय निर्माण एवं बोरिंग कार्य। | 1410000.00 | 29000.00 | 2500.00 | 03 माह |

नोट :–विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

1. उपरोक्त निविदा का निष्पादन Double Bid System के अनुसार किया जायेगा।
2. जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत वैसे संवेदक जिनका कार्य Work Program के अनुसार नहीं चल रहा है। वे इस निविदा में भाग लेने हेतु अयोग्य समझें जायेगे।
3. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 2146 (एस) दिनांक 09.09.2024 में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक द्वारा 10 प्रतिशत से ज्यादा Below दर Quote करने Additional Performance Security की राशि निम्नवत जमा करनी होगी।
4. (i) 10 से 20 प्रतिशित Below की राशि का 20 प्रतिशत तथा
(ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
5. जिला परिषद, खूँटी के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा एवं निविदा लेने समय 2 प्रतिशत F.D. GST, Registration Copy, Pan Card देना अनिवार्य होगा तभी B.O.Q दिया जायेगा।
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 340374 (District) 24-25 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)**
ई–मेल– nagarpanchayatbundu@gmail.com पता – ब्लॉक कैम्पस, ब्लॉक रोड, बुण्डू

पत्रांक – NPB/NULM/SUSV/Vending zone/2024-25/02….. दिनांक –....................

**आम सूचना**

झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) योजना 2017 नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड सरकार के अधिसूचना के अध्याय VI में वर्णित पथ विक्रेताओं हेतु आधारभूत संरचनाओं का विकास एवं विकसित मार्केट के दुकानों के आवंटन की रीति / प्रक्रिया के अनुसार बजरंग दल स्थित वेंडिंग जोन के दुकानों का आवंटन किया जाना है । जिस तत्क्रम में कार्यालय द्वारा निर्गत आम सूचना संख्या 1517 दिनांक 27.09.2024 के माध्यम से सर्वेक्षित / निबंधित / LOR प्राप्त फुटपाथ विक्रेताओं से दुकान आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिसके अंतर्गत अभी तक कुल 56 आवेदन पत्र प्राप्त हैं। उपलब्ध दुकानों के आवंटन हेतु आवेदनों की कमी के कारण पुनः दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM), नगर पंचायत बुंडू क्षेत्र अंतर्गत सभी सर्वेक्षित फुटपाथ–विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वे दुकान प्राप्त करने हेतु अपना आवेदन नगर पंचायत बुंडू के DAY-NULM कोषांग में दिनांक 26-11-2024 से 10-12-2024 तक कार्यालय अवधि के दौरान जमा कर सकते हैं।

**बजरंग दल वेंडिंग जोन में दुकान आवंटन हेतु अनिवार्य कागजात :–**

1. फुटपाथ विक्रेताओं की सूची में नाम अथवा नगर पंचायत बुंडू कार्यालय द्वारा निर्गत विक्रेता पहचान पत्र / विक्रेता प्रमाण –पत्र / LOR
2. पहचान पत्र / विक्रेता प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
3. दुकान आवंटन का आवेदन पत्र।
4. शपथ–पत्र (नोटरी पब्लिक द्वारा 50 / – का)।
5. आधार कार्ड और पासपोर्ट आकार की फोटो।
6. पूर्व से नगर पंचायत बुंडू द्वारा दुकान आवंटित नहीं होनी चाहिए।

**महत्वपूर्ण सूचना :–** लॉटरी के पश्चात् यदि पाया जाता है कि आपको पहले से दुकान आवंटित है, तो आवंटित दुकान स्वतः रद्द कर दी जाएगी।

**नोट :– आवेदन पत्र हेतु एवं अधिक जानकारी के लिए कृपया DAY-NULM कार्यालय, नगर पंचायत बुंडू से संपर्क करें।**

प्रशासक
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 340432 (Urban Development) 24-25 (D)

ईश्वर से प्रार्थना करें, हे प्रभु, आप सृष्टि के स्वामी हैं, इसलिये मैं आपके पास आया हूँ। जब तक आप मुझसे बात नहीं करेंगे और मुझे अपने अस्तित्व का बोध नहीं करायेंगे, मैं प्रयास करना नहीं छोड़ूंगा। मैं आपके बिना नहीं जिऊँगा। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'मानव की निरन्तर खोज'



संपादकीय

# संविधान के 75 वर्षों का संकल्प

संविधान शब्द का जिस तरह राजनीतीकरण हुआ है वह चिंता का विषय है। 75 वर्ष पहले 26 नवंबर, 1949 को हमने अपने संविधान को विधिवत अधिनियमित, अंगीकृत तथा आत्मार्पित किया था। यह हमारी आकांक्षाओं का दर्पण भी है और हमारे स्वाभिमान का जीवंत दस्तावेज भी।किसी राष्ट्र के जीवन काल में 75 वर्ष बहुत महत्वपूर्ण होते हैं जिनमें जनता जनार्दन की भावनाओं के अनुरूप परिवर्तन भी होते हैं। इसमें कानूनी ढांचे की दिशा तय होती है और उसे आत्मसात करने तथा उनके आदर्शों के मुताबिक आचरण करने की परंपरारा विकसित की जाती है। बीते 75 वर्षों में हमने अपने संविधान के आदर्शों की ओर मजबूती से कदम बढ़ाया है। हमारे साथ आजाद हुए करीब 50 देशों में जनतंत्र ने वहां के जनजीवन में वह पैठ नहीं बना पाई, जिसे हमने कर दिखाया है। हमारे पड़ोसियों जैसे- पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे किसी भी देश में लोकतंत्र कभी खुली हवा में सांस नहीं ले पाया। वे सैनिक तानाशाही के दबाव से कभी मुक्त नहीं रहे, जबकि हम पिछले 75 वर्षों में 18 बार आम चुनावों के माध्यम से केंद्र में सत्ता के शालीन हस्तांतरण के साक्षी रहे हैं। राज्यों में भी शताधिक बार लोकतांत्रिक तरीके से सरकारों का गठन हुआ है। हमने इस क्षेत्र में पूरे विश्व के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है। इसमें विश्व में लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ऊंचे आदर्शों के नए मानक दिए हैं। आजादी के बाद हमने अपनी संप्रभुता की नई संस्कृति विकसित की है। युद्ध, सूखा और महामारी का मजबूती से सामना किया। वर्ष 1971 के युद्ध में तो हमने न केवल विजय प्राप्त की, अपितु 97,000 सैनिकों को युद्ध बंदी भी बनाया। सूखे के शुरूआती झटकों से उबरकर अब हम दूसरे देशों को अन्न की मदद करने की आदत और परंपरा पर आगे बढ़ रहे हैं।हमने अपने संविधान में समाज कल्याणकारी राष्ट्र की कल्पना की है और अंत्योदय का संकल्प लिया है। कोरोना महामारी में हमने इसे मूर्त रूप दिया। दुनिया के बड़े हिस्से में जब लोग दवाओं की कमी और भुखमरी से जूझ रहे थे, उस समय हमने असंभव को संभव कर दिखाया। पूरे यूरोप की आबादी करीब 79 करोड़ है। हमारे देश में 80 करोड़ लोगों को पूरी महामारी के दौरान निःशुल्क राशन मिला। इतना ही नहीं, कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण के मामले में हमने नए प्रतिमान स्थापित किए। करीब दो अरब टीके निःशुल्क लगाए गए और दुनिया के करीब 96 देशों को भी हमने मदद दी।अपने संविधान की प्रस्तावना में हमने सामाजिक और आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। नीति निर्देशक तत्वों में सरकारों से अपेक्षा की गई है कि सार्वजनिक पूंजी को कुछ लोगों के हाथों में संचित न होने दें। इसे लागू करने के मामले में भी हमने मिसाल कायम की है। आजादी के समय हमारे यहां जमींदारी प्रथा लागू थी, जिसमें ज्यादातर जमीन कुछ जमींदारों के पास थी। आजादी के पांच वर्षों के भीतर ही हमने कानून बनाकर पूरे देश में जमींदारी प्रथा को समाप्त कर दिया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि थी। विश्व के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि कुछ मुट्ठी भर जमींदारों से जमीन लेकर उसे लाखों भूमिहीनों में बांट दिया गया। यह सब कुछ शांतिपूर्वक और बगैर एक कतरा खून बहाए संपन्न हुआ।

**विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत चुनावों चाहे वे लोकसभा के हों या राज्यों की विधानसभाओं के देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

# उच्च शिक्षा की परपंरा और प्रयोग



गिरीश्वर मिश्र

भारत में उच्च शिक्षा का बड़ा समृद्ध प्राचीन इतिहास है जहां नालंदा, विक्रमशिला, ओदंतपुरी और तक्षशिला आदि कई विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों की श्रृंखला थी, जहां अनेक विषयों का अध्यापन और अनुसंधान किया जाता था। ये सभी संस्थान समाज द्वारा पोषित किंतु व्यवस्था की दृष्टि से स्वायत्त थे। यहां के प्राध्यापक अपने विषयों के प्रामाणिक विद्वान थे और उनकी उपलब्ध कृतियां उनकी प्रतिभा और बुद्धि का कायल बनाती हैं। वैदिक ज्ञान परम्परा से जो धारा प्रवाहित हुई वह काल क्रम में ज्ञान की साधना को दिशा देती रही। इसका प्रमाण ज्ञान का प्रतिमान स्वरूप अष्टाध्यायी, योगसूत्र, नाट्यशास्त्र, चरक संहिता, अर्थशास्त्र, कामसूत्र और सूर्य सिद्धांत आदि अनेकानेक ग्रंथों में उपलब्ध होता है। दर्शन, धर्मशास्त्र, गणित, धातु-विद्या, साहित्य और कला आदि के क्षेत्रों में प्रचुर सामग्री आज भी उपलब्ध है। यह निश्चित है कि अध्ययन का क्षेत्र अत्यंत व्यापक था और वह कोरा सैद्धांतिक न होकर जीवन से जुड़ा होता था। वह शिक्षा विद्यार्थी को व्यवसायों के लिए तैयार करती थी। ज्ञान की यह परम्परा विकसित होती रही, उन पर चर्चा, खंडनझमंडन और टीका-टिप्पणी का भी अवसर बना रहा। यदि ज्ञान की शास्त्रीयता बहुलतामूलक थी तो बहुज्ञता शास्त्र जानने वाली की प्रवीणता या दक्षता की कसौटी थी। भर्तृहरि के शब्दों में ह्यसिर्फ अपनी ही ज्ञान-परम्परा का ज्ञान अपर्याप्त होता हैह्व। विचारों और सिद्धांतों में पर्याप्त विविधता थी और ज्ञान की प्रामाणिकता उसके प्रयोग से जांची-परखी जाती रही। कुशलता और दक्षता को बढ़ावा दिया जाना प्रमुख सरोकार था। ज्ञान-विज्ञान के अर्जन को अवलोकन तथा तर्क की सहायता से आगे बढ़ाने का प्रयास ज्ञान की यात्रा की मुख्य विशेषता के रूप में उभरती है। सिद्धांतों को यथार्थ की ओर उन्मुख एक आलोचक दृष्टि द्वारा सतत प्रमाणित किया जाता रहा। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य जीवन के क्लेशों से पार पाना था। विद्यार्जन का कार्य सभी तरह की समस्याओं का समाधान करने वाले उपाय के रूप में स्थापित हुआ। मनुष्य का सर्वतोमुखी विकास इस शिक्षा का उद्देश्य था। शिक्षा मूल्य-सृजनका माध्यम थी। भारतीय परंपरा में शिक्षा को सामाजिक जीवन से जोड़े रखने को प्राथमिकता दी गई थी। शिक्षा और दीक्षा के द्वारा शास्त्र तथा लोक दोनों को पुष्ट किया जाता रहा और दोनों एक दूसरे को प्रभावित करते रहे । शिक्षा की चर्चा कैसे हो इस पर भी वैदिक काल से ही चिंतन-मनन होता रहा। ज्ञान को आत्मसात करना और दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाना ही आचार्य और उपाध्याय का मुख्य कार्य होता था। अध्यापक का प्रवचन यदि 'संधान' था तो गुरु (पूर्वपक्ष) तथा शिष्य



(उत्तरपक्ष) के बीच विद्याविषयक सम्बन्ध को 'संधि' कहा गया। ज्ञान की सामाजिक भूमिका थी तो ज्ञानसृजन भी समाज की आशा-आकांक्षा के प्रति संवेदनशील था। अपने व्यापक अर्थ में दोनों का संचालन 'धर्म' की परिधि में करने पर जोर दिया गया। इसे जीवन-विस्तार और समाज में स्थापित किया जाता रहा । विभिन्न शास्त्रों, विद्याओं और कला-कौशलों का विस्तार आज भी विभिन्न ग्रंथों या टेक्स्ट में उपलब्ध है जो यह बताने के लिए पर्याप्त आधार प्रदान करता है कि भौतिक जगत, सामाजिक व्यवहार और आध्यात्मिक अनुभव सभी दृष्टियों से ज्ञान के उद्घाटन का प्रयास मुख्य है । इन सबके केंद्र में मनुष्य समेत समस्त प्राणिजगत के साथ प्रकृति की रक्षा और संवर्धन का प्रयास है । इस सोच में शिक्षा मानव पूंजी में स्थायी निवेश है जिसका उद्देश्य दायित्वपूर्ण मनुष्य निर्मित करना है।यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि आधुनिक भारत में उच्च शिक्षा का वर्तमान रूप अंग्रेजी औपनिवेशिक काल की देन है जिसे योजनाबद्ध रूप में युक्तिपूर्वक प्रस्तुत और स्थापित किया गया । यह शिक्षा को देश की ज्ञान-परम्परा से काट कर और उसे अप्रासंगिक बना कर लागू की गई। अपरिचित विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था ने शिक्षा तक पहुँच को न केवल सीमित कर दिया बल्कि अंग्रेजी तहजीब और तौर तरीकों को मानक के रूप में स्थापित किया। संस्कृति और ज्ञान का नया आदर्श अनिवार्य रूप से श्रेष्ठ बना कर प्रचारित किया गया। उस अंग्रेजी परस्त भारत से परे वाला शेष भारत बड़ी आसानी से हाशिए पर पहुंचा दिया गया। अपने सामान्य रूप में यह शिक्षा ज्ञान के निर्माण और प्रसार की जगह सरकारी काम-काज के लिए जरूरी मुलाजिमों को तैयार करने लायक पढ़ाई पर ही केंद्रित रही। इस तरह वह एक तरह की बाबूगिरी को तरजीह देने वाली ज्ञानप्रणाली थी और उसका विस्तार उसी रूप में किया जाता रहा । इस शिक्षा में विद्यार्थी का एकांगी विकास हो रहा था। उसकी विषयवस्तु बाहर से उधार ली गई थी और शिक्षा के नाम पर उसी के अनुकरण तथा पुनरुत्पादन का काम जोर-शोर से शुरू हुआ जो बाद में भी चलता रहा। पश्चिम को ही मानक माना गया और उसकी मान्यता पाने पर जोर दिया जाता रहा। ऐसे में नवोन्मेष, सृजनात्मक पहल, मौलिकता और विचार-स्वातंत्र्य जैसे मानदंडों में देश पिछड़ता गया। शिक्षा की प्रक्रिया विशेषतया अध्यापन और परीक्षा के ढाँचा का प्रावधान इसी के अनुरूप किया गया।ज्ञान-सृजन और प्रसार की दृष्टि से अंग्रेजों द्वारा आरम्भ की गई और उनके वर्चस्व के प्रभाव में स्वतंत्र भारत में भी कायम रही। यह उच्च शिक्षा ज्ञान के क्षेत्र में भारत को सदा के लिए दोयम बनाये रखने का पक्का नुस्खा बन गया। यह मॉडल ज्ञान की प्रक्रिया का भारतीय आदर्श बन गया और अभी तक जारी है। लगातार अभ्यास के कारण दूसरे विकल्पों के प्रति हम उदासीन और तटस्थ होते गए। ज्ञान, कौशल और तकनीक के क्षेत्रों में परजीवी हो जाना स्वावलम्बन और विकास के लक्ष्य के विरुद्ध जाता है। उद्यमिता और सामाजिक प्रासंगिकता की दृष्टि से भी यह मॉडल अधिक उपयोगी नहीं रहा। हम स्थानीय प्रश्नों को भी दरकिनार रखे और वैश्विक संदर्भ के प्रति भी आवश्यकतानुसार संवेदनशील नहीं हो सके। आज जब उदारीकरण, वैश्वीकरण और अंतरराष्ट्रीयकरण का दौर आ चुका है तथा 'डिजिटल' और 'स्मार्ट' विश्वविद्यालयों की बात हो रही है हमारे देश के अनेक विश्वविद्यालय सोचझविचार और प्रणाली की दृष्टि से स्तब्ध और किंकर्तव्यविमूढ़ बने हुए हैं। भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा इस अर्थ में शिक्षा की दृष्टि से निरपेक्ष रहता है कि वह जो है उसके साथ अपना समायोजन बैठाने लगता है और शिक्षा यथास्थितिवाद का शिकार हो जाती है। सैद्धांतिक रूप से विश्वविद्यालय स्वायत्त संस्था होते हैं इसलिए सब अपने ढंग से कार्य करते हैं जिससे अच्छे बुरे हर तरह की पहल की छूट होती है। राज्य सरकार की अपनी मनमानी चलती है। वे अपने विवेक से काम करती है। उदाहरण के लिए कई प्रदेशों की सरकारें पूरे प्रदेश के विश्वविद्यालयों के लिए एक पाठ्यक्रम लागू करती हैं जिससे सर्जनात्मकता और विविधता को धक्का लगता है। आज उच्च शिक्षा की दृष्टि से देश संक्रमण की स्थिति में है। जिसके पास संसाधन हैं वह अपने बच्चों को जल्दी से जल्दी विदेश पढ़ने को भेजने की जुगत में है। देशी सरकारी संस्थान व्यवस्थागत कठिनाइयों से ग्रस्त हो रहे हैं। उनकी संख्या कम है और जो हैं वे संसाधनों के अभाव से जूझ रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात

## चरित्र निर्माण में अध्यात्म की भूमिका



डॉ दीपक प्रसाद
सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय, कार्तिक उरांव महाविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय, रांची।

चरित्र निर्माण किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व और समाज में उसकी पहचान का महत्वपूर्ण आधार होता है। यह केवल बाहरी आचरण तक सीमित नहीं है, बल्कि आंतरिक गुणों, आदर्शों और मूल्यों का समग्र रूप है। इस संदर्भ में, अध्यात्म की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और गहन है। अध्यात्म व्यक्ति के अंतर्मन को शुद्ध करता है, उसकी सोच को सकारात्मक दिशा देता है, और उसे मानवीय गुणों की ओर प्रेरित करता है। अध्यात्म का अर्थ है आत्मा का ज्ञान, आत्मनिरीक्षण, और स्वयं के भीतर छिपी शक्ति को पहचानना। यह व्यक्ति को अपने अस्तित्व के उद्देश्य को समझने और सत्य, अहिंसा, प्रेम, करुणा, और दया जैसे उच्च आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। चरित्र निर्माण न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के उत्थान में भी सहायक होता है। चरित्रवान व्यक्ति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाता है और दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। अध्यात्म व्यक्ति को आंतरिक शुद्धता प्रदान करता है। योग, ध्यान, प्रार्थना, और आत्मचिंतन जैसे आध्यात्मिक अभ्यास मन को शांत करते हैं और नकारात्मक विचारों को हटाकर सकारात्मकता का संचार करते हैं। जब व्यक्ति का मन और आत्मा शुद्ध होते हैं, तो उसके विचार, वचन, और कर्म भी स्वाभाविक रूप से श्रेष्ठ हो जाते हैं। अध्यात्म नैतिक मूल्यों की स्थापना में सहायक होता है। यह व्यक्ति को सही और गलत के बीच का भेद सिखाता है और सत्य, न्याय, और करुणा जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उदाहरण के लिए, भगवद्गीता में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश न केवल युद्ध की परिस्थिति के लिए प्रासंगिक थे, बल्कि उनमें जीवन के हर क्षेत्र के लिए नैतिक शिक्षा और आत्मिक उन्नति का संदेश छिपा है। चरित्र निर्माण के लिए स्व-अनुशासन अनिवार्य है, और अध्यात्म इस अनुशासन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित ध्यान और साधना व्यक्ति को अपनी इच्छाओं और प्रवृत्तियों पर नियंत्रण रखना सिखाते हैं। यह आत्मसंयम और आत्मनियंत्रण के माध्यम से व्यक्तित्व को सशक्त बनाता है। अध्यात्म व्यक्ति में सकारात्मक दृष्टिकोण और सेवा भावना का विकास करता है। यह सिखाता है कि जीवन का उद्देश्य केवल स्वयं का उत्थान नहीं, बल्कि दूसरों की भलाई में योगदान देना भी है। महात्मा गांधी, मदर टेरेसा, और स्वामी विवेकानंद जैसे महान व्यक्तित्व इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित किया। इस दिशा में चरित्र निर्माण के लिए आध्यात्मिक उपाय भी सुझाए गए हैं। ध्यान और योगः मानसिक शांति और आत्मनिरीक्षण के लिए। प्रार्थना और स्वाध्यायः आत्मा को पवित्र करने और नैतिक मार्गदर्शन के लिए। सेवा और परोपकारः समाज के प्रति कर्तव्यबोध को मजबूत करने के लिए। संतों और महापुरुषों के विचारों का अध्ययनः प्रेरणा और मार्गदर्शन के लिए। आचरण की शुद्धताः सत्यनिष्ठा और सदाचरण के अभ्यास से। अध्यात्म व्यक्ति को बाहरी भौतिकता से परे ले जाकर आंतरिक विकास की ओर प्रेरित करता है।

आपकी बात

## बरही से आईआईटी मद्रास तक का कठिन सफर



सौरव कुमार
गौरिया कर्मा, बरही।

मैं गोरिया कर्मा गांव का रहने वाला हूं। आज जब मैं आईआईटी मद्रास में पढ़ाई कर रहा हूं, तो पीछे मुड़कर अपने सफर को देखने पर दिल भर आता है। यह सफर आसान नहीं था, लेकिन हर चुनौती ने मुझे और मजबूत बनाया। यह कहानी उन सभी के लिए है जो सपने देखते हैं, लेकिन कभी-कभी उन्हें पूरा करने का हौसला खो बैठते हैं। मैंने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई बरही के भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से की। मेरे गांव में पढ़ाई के साधन सीमित थे। पुस्तकालय में किताबें कम थीं और स्कूल में सुविधाएं न्यूनतम थीं। लेकिन मेरे माता-पिता ने कभी मेरे सपनों को मरने नहीं दिया। मेरे पिता, ज्ञानदेव पंडित, एक साधारण एलआईसी एजेंट हैं, लेकिन उनका समर्पण और संघर्ष किसी महानायक से कम नहीं है। उन्होंने मुझे कोटा भेजने के लिए पैसों का इंतजाम कर्ज लेकर किया, ताकि मैं जेईई की तैयारी कर सकूं।जब मैंने कोटा जाने का फैसला लिया, तो यह आसान नहीं था। मेरे पिता के पास इतने पैसे नहीं थे कि वे मुझे वहां पढ़ने भेज सकें। गांव में सभी जानते थे कि मेरे पिता का वित्तीय स्थिति कैसी है, लेकिन उन्होंने अपने सभी संसाधनों को दांव पर लगाकर, कर्ज लेकर मुझे वहां भेजा। मेरे पिता का यह त्याग मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्रेरणास्रोत बना। उनके बलिदान ने मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं भी अपने सपनों को साकार कर सकता हूं।कोटा पहुंचने के बाद हर दिन एक नई चुनौती थी। सुबह से रात तक कोचिंग क्लास, देर रात तक पढ़ाई, बार-बार टेस्ट देना और कई बार असफल होकर फिर से खुद को उठाना, यही मेरी दिनचर्या बन गई थी। बहुत से साथी थे, जो मुझसे बेहतर थे, और जब मुझे असफलता का सामना करना पड़ा, तो मन में कई बार सवाल उठते थे–क्या मैं अपने सपनों को पूरा कर पाऊंगा? लेकिन हर बार मेरे पिता का चेहरा और उनका संघर्ष मेरी आंखों के सामने आ जाता। उनके त्याग को देखकर मैं फिर से उठ खड़ा होता और दुगुनी मेहनत करने लगता।जेईई एडवांस्ड का रिजल्ट आने का दिन मेरे जीवन का सबसे बड़ा दिन था। जब मैंने अपना नाम और रैंक रिजल्ट लिस्ट में देखा, तो मेरी आंखों से आंसू बह निकले। ये आंसू सिर्फ मेरी मेहनत के नहीं थे, बल्कि मेरे पिता के संघर्ष, उनके कर्ज लेने की मजबूरी और मेरी मां के बिना बोले किए गए त्याग के थे। उस दिन मैंने समझा कि सफलता केवल व्यक्तिगत प्रयास नहीं है, बल्कि यह उन सभी लोगों का संघर्ष है जो आपके साथ खड़े रहते हैं।आज जब मैं आईआईटी मद्रास का हिस्सा हूं, तो मैं कभी अपने गांव, अपने पिता और उनके संघर्ष को नहीं भूल सकता। यह सफर सिर्फ मेरा नहीं है, यह उन सभी के लिए एक संदेश है जो बड़े सपने देखते हैं लेकिन अपने संघर्ष से घबराते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## नकारात्मक भावनाओं पर विजय प्राप्त करना



बोधि वृक्ष

**स्वयं का सुधार करने में प्रयासरत होते समय भी, अपने सद्गुणों और आत्म-मूल्यों में सुरक्षित अकेले डटे रहना सीखें। यदि आप चाहते हैं कि दूसरे आप पर विश्वास करें, तो यह याद रखें, केवल आपके शब्द ही प्रभावी नहीं होते हैं।**



श्री श्री परमहंस योगानंद

परिपूर्णता निरन्तर अपना सुधार करते रहने में ही निहित है, ताकि आप दूसरों को खोजें इसकी अपेक्षा, दूसरे आपको खोजेंगे। स्वयं का सुधार करने में प्रयासरत होते समय भी, अपने सद्गुणों और आत्म-मूल्यों में सुरक्षित अकेले डटे रहना सीखें। यदि आप चाहते हैं कि दूसरे आप पर विश्वास करें, तो यह याद रखें, केवल आपके शब्द ही प्रभावी नहीं होते हैं, अपितु आप क्या हैं और अपने भीतर क्या अनुभव करते हैं- आपकी आत्मा में क्या है। भीतर में सदैव देवता बनने का प्रयास करें, चाहे दूसरे लोग कैसा भी व्यवहार करें। सच्चे, दयालु, स्नेही और समझदार बनें। जब आपके पास कोई क्रोध में आता है तो स्वयं पर नियन्त्रण रखें। मैं क्रोध नहीं करूँगा। मैं शान्ति को तब तक व्यक्त करता रहूँगा जब तक उसकी भावना नहीं बदलती। जब कोई प्रिय व्यक्ति.... हमारे धैर्य की परीक्षा, हमारी सहनशक्ति की सीमा से अधिक करने का प्रयास करता है, तो हमें चाहिए कि हम किसी एकान्त स्थान में चले जाएँ, द्वार बन्द करके, कुछ शारीरिक व्यायाम करें, और निम्नलिखित विधि से स्वयं को शान्त करें। एक सीधी कुर्सी पर मेरुदण्ड सीधा रखकर बैठें; धीरे-धीरे बारह बार श्वास लें ओर छोड़ें। फिर दस या अधिक बार गहनता से मानसिक प्रतिज्ञापन करें, परमपिता! आप सामंजस्य हैं। मुझे आपके सामंजस्य को प्रतिबिम्बित करने दें।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से




X से




आज का दोहा


**पंछी जब उड़ने लगा, बेहद्दी आकाश।**
**मालिक को आई नहीं, उसकी हरकत रास।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

देश की बात

## पाकिस्तान में इमरान के लिए प्रदर्शन और राजनीतिक संकट



डॉ हिदायत अहमद खान

पाकिस्तान में राजनीतिक संकट खड़ा हो जाना आश्चर्यजनक बात नहीं है। फिलहाल दुनियां में जिस तरह की उथल-पुथल मची हुई है, उस स्थिति में पाकिस्तानी आवाम का सड़कों पर उतर आना वाकई चिंता की बात है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा किए जाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन अपने चरम पर है। हिंसक प्रदर्शन के बीच करीब 6 लोगों की मौत होने की भी खबर है। यह प्रदर्शन देश ही नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों समेत अमेरिका तक को सोचने पर मजबूर कर रहा है। पड़ोसी देश इसलिए चिंतित होते हैं क्योंकि पाकिस्तान में हिंसा होने के बाद सीमा पर घुसपैठ जारी हो जाती है। इससे निपटने के लिए सीमा पर अलर्ट रहना होता है। बहरहाल पाकिस्तान में इमरान समर्थक बड़ी संख्या में सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को असरकारी बनाने के लिए इस्लामाबाद कूच किया, इससे हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आई हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी पहले ही ऐलान कर चुकी हैं कि पति की रिहाई तक इस्लामाबाद में जमी रहेंगी। इससे जनता और सरकार में टकराव की स्थिति बनती जा रही है। इसके चलते शहबाज सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर इस्लामाबाद को रेड जोन घोषित कर प्रदर्शनकारियों को हद में रहने का संदेश दे दिया है। रेड जोन एरिया में प्रधानमंत्री आवास, संसद और दूतावास समेत महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तरों को शामिल किया गया है। पाकिस्तानी सेना की तैनाती कर दी गई है और सरकार ने आदेश जारी किया है कि अगर किसी प्रदर्शनकारी को रेड जोन के अंदर देखा गया तो उसे गोली मार दी जाएगी। खास बात यह है कि मौजूदा प्रदर्शन के दौरान करीब 30,000 से ज्यादा इमरान समर्थक राजधानी में मौजूद हैं। प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने की वजह से कई स्थानों पर झड़पें भी हुई हैं, और इसमें जहां करीब आधा दर्जन लोगों के मारे जाने की खबर है तो वहीं एक पुलिसकर्मी की मौत की भी खबर आई है। ऐसे में कब स्थिति विस्फोटक हो जाए कहा नहीं जा सकता है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पिछले साल से ही रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल के अंदर से ही 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन के लिए करो या मरो का आह्वान किया था। इसी के साथ ही इमरान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सरकार ने संविधान का उल्लंघन किया है। उन्होंने 26वें संशोधन को तानाशाही शासन को बढ़ावा देने वाला बताया। इस समय इमरान के खिलाफ 200 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी भी ठहरा दिया गया है, जबकि कुछ मामलों में सुनवाई जारी है। ऐसे में जारी विरोध प्रदर्शनों का पाकिस्तान के सियासी हलके में खासा असर देखने को मिल रहा है। फिलहाल प्रदर्शनकारियों का मुख्य उद्देश्य इमरान की रिहाई है, लेकिन कब यह वर्तमान सरकार को सत्ता से हटाने वाला बन जाए कहा नहीं जा सकता है। यही वजह है कि पंजाब और इस्लामाबाद में पुलिस ने पीटीआई के 3500 से ज्यादा नेताओं और कार्यकताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई का प्रदर्शन पर उल्टा ही असर पड़ा है। यही वजह है कि गिरफ्तारियों के बावजूद, प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रखे हुए हैं। प्रभावी विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए अब अमेरिका ने भी पाकिस्तान सरकार को नसीहत देनी शुरू कर दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने स्पष्ट कहा है कि पाकिस्तान में प्रदर्शन करने वालों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। बात साफ है कि जब प्रदर्शन शांतिमय ढंग से हो रहा है तो उन पर जोर-जबरदस्ती करने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि सरकार को चाहिए कि वह प्रदर्शनकारियों से बात-चीत के रास्ते खोले, जैसा कि अमेरिका ने पाकिस्तान से अपील की है। पाकिस्तान सरकार प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार दे और हिंसा से बचने का आग्रह करे। सवाल यह है कि इमरान की रिहाई के बगैर प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं हैं और सरकार ऐसा कोई कदम उठा नहीं सकती, जिससे उसकी अपनी पकड़ सत्ता पर कमजोर पड़ने लग जाए। इस स्थिति में पाकिस्तान का वर्तमान राजनीतिक संकट और विरोध प्रदर्शनों का बढ़ना देश की राजनीतिक अस्थिरता को उजागर कर रहा है। एक तरफ इमरान समर्थकों का सरकार के खिलाफ आंदोलन, जो पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिरता पर सवालिया निशान लगा रहा तो दूसरी तरफ हिंसा और गिरफ्तारियों की बढ़ती घटनाएं देश की कानून-व्यवस्था के लिए खतरे की घंटी न साबित हो जाएं, इसकी चिंता भी मौजूदा सरकार को करनी होगी। पाकिस्तान में राजनीतिक असंतोष और विरोध प्रदर्शन के बीच इस्लामाबाद को छावनी में तब्दील कर दिया जाना अपने आप में संकट को उजागर करने जैसा ही है। चूंकि दुनियां में अनेक देशों के हालात भी सही नहीं चल रहे हैं। तृतीय विश्वयुद्ध के मुहाने पर दुनिया खड़ी नजर आ रही है। ऐसे में पाकिस्तान में जो घटनाएं घट रही हैं, वे केवल राजनीतिक असंतोष की नहीं, बल्कि एक देश की कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक प्रणाली की स्थिरता पर गंभीर सवाल खड़ा कर रही हैं।
**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# स्वच्छ, दिव्य-भव्य के साथ डिजिटल कुंभ के भी दर्शन : सीएम योगी

एजेंसी। लखनऊ (आईएएनएस)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को 'संविधान दिवस' की बधाई देते हुए कहा कि भारत का संविधान जिन स्तंभों पर स्थित है, उसका आधार ही संवाद है। सीएम ने आगामी महाकुंभ-2025 को लेकर सरकार के कार्यों, प्रयासों की विस्तृत जानकारी देते हुए यूपी में साढ़े सात वर्ष में हुए सकारात्मक बदलाव की भी चर्चा की। सीएम ने कहा कि स्वच्छ कुंभ के साथ डिजिटल कुंभ के भी दर्शन होंगे। सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज कुंभ की बात करें तो लगता था कि हम सबने कुंभ को गंदगी, भगदड़ और अव्यवस्था का पर्याय बना दिया था। कुंभ मेले के प्रभारी मंत्री का दायित्व भी ऐसे लोगों को दिया जाता था, जिन लोगों में श्रद्धा, परंपरा, संस्कृति व विरासत के प्रति सम्मान नहीं था। हमने विरासत के प्रति सम्मान, श्रद्धा का भाव रखा। प्रयागराज कुंभ की व्यवस्था को देखकर पीएम मोदी की प्रेरणा से 2019 में यूनेस्को ने मानवता के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में कुंभ को मान्यता दी है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा का स्नान होगा। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का शाही स्नान होगा। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 3 फरवरी बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा व 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का स्नान होगा। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयोजन में से एक प्रयागराज कुंभ का आयोजन इस बार 45 दिन का होगा।

सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले गंगा की पहचान गांगेय डॉल्फिन थी, वह समाप्त हो गई थी। अब फिर से वह देखने को मिली थी। अब कोई भी ड्रेनेज, सीवर गंगा जी में नहीं जाएगा। श्रद्धालुओं को अविरल व निर्मल गंगा के दर्शन होंगे। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अस्थायी रूप से नए हॉस्पिटल का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। गवर्नमेंट हॉस्पिटल व मेडिकल कॉलेज को विशेष रूप से तैयार किया गया है। 2019 के कुंभ में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। उस समय 1.14 लाख शौचालय बनाए थे। इसकी नियमित सफाई होती थी। 2025 महाकुंभ में डेढ़ लाख शौचालय बनाए जा रहे हैं। स्वच्छ कुंभ के साथ डिजिटल कुंभ के भी दर्शन होंगे। डिजिटल स्वच्छता, सुरक्षा, डिजिटल पार्किंग व कुंभ की पूरी मैपिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मिलेगी।



### 45 दिन में 35-40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

सीएम ने महाकुंभ-2025 को लेकर सरकार की तैयारियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही है। 2019 कुंभ में 23-24 करोड़ श्रद्धालु आए थे। इस बार 45 दिन में 35-40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। वायु, रेल के साथ ही सड़क मार्ग के जरिए प्रयागराज फोर व सिक्स लेन से जुड़ सके। इसकी तैयारी भी युद्ध स्तर पर चल रही है। कुंभ के क्षेत्रफल में भी विस्तार किया गया है। 2019 कुंभ का क्षेत्रफल 3,200 हेक्टेयर था, 2025 महाकुंभ का क्षेत्रफल 4,000 हेक्टेयर में होगा। इसे 25 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इसके अलावा पार्किंग की भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सरकार इंतजाम कर रही है कि संगम तट तक पहुंचने के लिए डेढ़-दो किमी. से अधिक की यात्रा न करनी पड़े। सरकार ने अलग-अलग रूट पर 1,850 हेक्टेयर से अधिक में पार्किंग स्थल चिह्नित किया है। यह स्थल संगम तट से दो से पांच किमी. के दायरे में होंगे। वहां से इलेक्ट्रॉनिक, परिवहन निगम के 7,000 बस से कुंभ स्थल तक लाने की व्यवस्था होगी। सीएम योगी ने बताया कि 2019 कुंभ में 9 रोड फ्लाईओवर व 6 अंडरपास बनाए गए थे। इस बार 14 रोड ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है। गत कुंभ में चार पक्के घाट थे, महाकुंभ में 9 पक्के स्नान घाट बनाए जा रहे हैं। इन पर युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। 30 नवंबर तक इन कार्यों को संपन्न कर लिया जाएगा। रिवर फ्रंट का भी निर्माण हो रहा है। 2019 में अस्थायी घाट 8 किमी. के थे, इस बार 12 किमी. के होंगे। इस बार 550 शटल बस लगाई जाएंगी। बस स्टैंड भी सात स्थान पर बनाए गए हैं। सड़क चौड़ीकरण के दृष्टिगत सिंगल लेन को डबल लेन, टू लेन की सड़क फोर, फोर लेन को सिक्स लेन बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है।

# मंत्रोच्चार से 'यशोदा' ने बचाई 'कृष्णा' की जान

एजेंसी। मुंबई (आईएएनएस)


दुबई से मुंबई आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या 984 को अचानक मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग के लिए कराची उतारने की सभी तैयारी पूरी हो चुकी थी। अधेड़ महिला की सांसें थमने लगी थीं, लेकिन ऐसे वक्त में ही सनातन पर अटूट विश्वास और मंत्रोच्चार के सहारे उन्हें बचा लिया गया। और, ये काम कर दिखाया यशोदा नाम की सनातन के प्रति समर्पित महिला ने। जानकारी के मुताबिक, शनिवार रात करीब लगभग डेढ़ बजे एयर इंडिया का विमान दुबई से मुंबई आ रहा था। जब विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में था, तो विमान में मौजूद कृष्णा नाम की महिला अचानक बेहोश होकर गिर गई। उनकी सांसें थमने लगी थीं। विमान में मौजूद डॉक्टर ने ये कह कर और टेंशन बढ़ा दी कि महिला यात्री की पल्स रेट तेजी से नीचे जा रही है। ऐसे में पायलट और स्टाफ को ये फैसला करना पड़ा कि विमान को कराची में लैंड कराना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में विमान में बैठे यात्रियों के बीच अफरातफरी का माहौल था। विमान में बैठी महिला यात्री यशोदा ने हालात को समझते हुए पायलट से आग्रह किया किया कि मैं महिला यात्री की मदद करना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि मेरी मदद से शायद वे ठीक हो जाएं।



दुबई से मुंबई आने वाली एयर इंडिया फ्लाइट इमरजेंसी लैंडिंग को थी तैयार

### भाजपा मुख्यालय में आयोजित 'संविधान दिवस समारोह' में बोले जेपी नड्डा

# प्रधानमंत्री ने की संविधान की रक्षा



एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि हमारे संविधान की व्याख्या को दुर्भावनापूर्ण प्रयासों के माध्यम से विकृत और गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत एजेंडों को पूरा करना और संविधान की आत्मा को कमजोर करना है। नड्डा यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित 'संविधान दिवस समारोह' को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो लंबे समय तक सत्ता में रही, उसने बाबा साहब आंबेडकर का हमेशा अपमान किया। कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में ही दो साल के लिए आपातकाल लगाया गया था। हम सभी जानते हैं कि आपातकाल के दौरान अनुच्छेद 19, 21 और 22 को निलंबित कर दिया गया था। इन मौलिक अधिकारों को प्रभावी ढंग से छीन लिया गया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबा दिया गया था और धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता से वंचित किया गया था।उन्होंने कहा कि देश को पता होना चाहिए कि देश के सामने संविधान को सही तरीके से पेश करने में किस पार्टी का योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान की रक्षा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया, जबकि देश में लंबे समय तक कांग्रेस सत्ता में थी लेकिन बाबा साहब को भारत रत्न तब मिला, जब भाजपा सत्ता में आई। जेपी नड्डा ने कहा, आज के दिन हम बाबा साहब आंबेडकर को याद करते हैं। आज के ही दिन जब हम 26 नवंबर को याद करते हैं, तो आवश्यक यह भी हो जाता है कि हम 26/11 को भी याद करें। आज के ही दिन मुंबई में जो हमले हुए, उसमें आम लोग, हमारे नागरिक बंधु और विदेशी पर्यटक भी कुछ हताहत हुए। साथ में कुछ सुरक्षा कर्मचारी भी शहीद हुए। आज उनको भी याद करना आवश्यक है। अगर हम संविधान दिवस की बात करें, तो बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की तरफ से हम लोगों को संविधान बहुत बड़ा गिफ्ट है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उसका सदुपयोग करते हुए देश को आगे बढ़ाने का काम करें।उन्होंने कहा कि संविधान गौरव यात्रा की शुरुआत नरेंद्र मोदी (मौजूदा प्रधानमंत्री) ने उस वक्त की थी, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। इसके साथ ही यह भी ऐतिहासिक सत्य है कि जब वह 2014 में भारत के प्रधानमंत्री बने, तो 19 नवंबर 2015 को हमारे सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय ने नोटिफिकेशन निकाला कि संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाएगा।

### दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों की राह में दीवार खड़ी कर रही भाजपा : राहुल गांधी

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को एक बार फिर जाति जनगणना का मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की प्रगति के रास्ते में दीवार खड़ी करने का आरोप लगाया।



राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी की ओर से संविधान दिवस पर आज दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़ों से कहा जाता है कि देश आपका है और इसमें आपकी भागीदारी है, लेकिन जब हम डाटा देखते हैं, तो यह झूठा साबित होता है। डाटा बताता है कि देश का पूरा बजट 90 लोगों के हाथ में है। इनमें से तीन दलित, तीन ओबीसी और एक आदिवासी वर्ग के लोग हैं। भाजपा के लोग इस वर्ग के विकास के रास्ते में दीवार खड़ी कर रहे हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के संसाधन 25 अरबपतियों के पास हैं। टाटा, बिड़ला अंबानी और अडानी ना दलित हैं और ना ही आदिवासी हैं। कार्यक्रम के दौरान एक बार के लिए बिजली कट के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भाषण बीच में रुक गया। माइक दोबारा चालू होने पर उन्होंने कहा कि पिछले तीन हजार साल से इस देश में दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के मुद्दे उठाने वालों का माइक बंद कर दिया जाता रहा है।

# संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर ₹75 का विशेष सिक्का व डाक टिकट

- ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने का 75वां वर्ष मंगलवार (26 नवंबर) को पूरा हुआ। इस अवसर पर संविधान दिवस का एक विशेष कार्यक्रम संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया गया। यहां राष्ट्रपति ने संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर 75 रुपये का एक विशेष सिक्का व एक डाक टिकट जारी किया। यह डाक टिकट संविधान की उन मूल भावनाओं का प्रतीक है, जो भारत को एकजुट करती है और हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है।

राष्ट्रपति ने इस 'संविधान दिवस' के अवसर पर संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। आज हम सब इस ऐतिहासिक अवसर के भागीदार बने हैं और साक्षी भी बने हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि 75 वर्ष पहले संविधान सदन के इसी केंद्रीय कक्ष में आज ही के दिन संविधान सभा ने नवस्वाधीन देश के लिए संविधान निर्माण का बहुत बड़ा कार्य संपन्न किया था। उस दिन संविधान सभा के माध्यम से हम भारत के लोगों ने इस संविधान को अपनाया था। हमारा संविधान हमारे व्यक्तिगत और सामूहिक स्वाभिमान को सुनिश्चित करता है। संविधान सदन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही मंगलवार को ही यहां राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के संस्कृत और मैथिली संस्करण का संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में विमोचन किया। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय संसदीय मंत्री किरण रिजिजू, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राज्यसभा के नेता सदन जेपी नड्डा, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश भी उपस्थित रहे। संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राज्यसभा और लोकसभा के सांसद व अन्य वरिष्ठ लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे। मालूम हो कि बीते सोमवार 25 नवंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हुआ है, जो 20 दिसंबर तक चलेगा।

## संविधान पर दो दिवसीय चर्चा चाहता है विपक्ष

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

कांग्रेस ने संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर संसद के दोनों सदनों में दो दिवसीय चर्चा कराए जाने की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने सदनों में क्रमशः सभापति और अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपना आग्रह प्रकट किया है।कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में आज इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसे अवसरों पर विशेष चर्चा कराई गई है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन चाहता है कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर दोनों सदनों में सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को संविधान पर अपना श्रद्धा प्रकट करने का अवसर मिले।



उन्होंने कहा कि डॉ बीआर अंबेडकर की 125वीं जन्म जयंती, भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ और स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर भी इस तरह की चर्चाएं आयोजित की जा चुकी हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट‌ए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 26/11 के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कहा

# भारत आतंकवाद को हराने के लिए है प्रतिबद्ध

एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)

26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों की 16वीं बरसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम नेताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी है। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी उन्हें याद करते हुए कहा- मैं उनकी वीरता को सलाम करता हूं। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पोस्ट में कहा, 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमलों की वर्षगांठ पर मैं पूरे देश के साथ उन बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने अपनी जान गंवाई। एक कृतज्ञ राष्ट्र अपने उन बहादुर सुरक्षाकर्मियों को सलाम करता है, जिन्होंने हमारे लोगों की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यह इस बात को दोहराने का भी दिन है कि भारत सभी प्रकार के आतंकवाद को हराने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, साल 2008 में आज ही के दिन मुंबई में कायर आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की हत्या कर मानवता को शर्मसार किया था। 26/11 के मुंबई हमलों में आतंकियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और अपना जीवन गंवाने वाले लोगों को नमन करता हूं। आतंकवाद समूची मानव सभ्यता के लिए कलंक है। आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को पूरे विश्व ने सराहा है और आज भारत आतंक विरोधी पहलों में विश्व में अग्रणी बना है।




### भाजपा ने मुंबई हमले की बरसी पर मां भारती के सपूतों को किया नमन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को 26/11 मुंबई हमले की बरसी का स्मरण करते हुए वर्ष 2008 की इस आतंकी घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा ने एक्स हैंडल पर लिखा, 'मुंबई आतंकी हमले में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले मां भारती के सभी सपूतों को सादर नमन।' उल्लेखनीय है कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक था। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोग मारे गए थे और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। आतंकवादी पाकिस्तान के कराची से आए थे।

### पीएम के 'विकसित भारत' पहल से जुड़े आयुष्मान खुराना व पीवी सिंधु

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के एपिसोड में 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' की विशेषता वाले 'राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025' की घोषणा की थी। दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना भी राष्ट्र निर्माण पहल में जुड़ गए हैं। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने भारतीयों और खासकर युवाओं से देश को मजबूत बनाने में मदद करने के लिए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।आयुष्मान और पीवी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर युवाओं से भारत के विकास और प्रगति में योगदान देने का आग्रह किया। पीएम मोदी का वीडियो शेयर करते हुए, आयुष्मान ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, क्विज खेलो, पीएम साहब से मिलो और विकसित भारत युवा नेता संवाद में एक मजबूत भारत के लिए अपने विचार साझा करो।

### बिहार उपचुनाव में मिले करीब दस प्रतिशत मत

# प्रशांत किशोर की पार्टी का चुनावी आगाज विफल

एजेंसी। पटना (हि.स.)

बिहार विधानसभा की चार सीटों के लिए बीते 23 नवंबर को आया चुनाव परिणाम प्रशांत किशोर की पार्टी 'जेएसपी' के लिए उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। उनकी पार्टी चारों में से कोई सीट नहीं जीत पाई। तीन सीटों पर तीसरे स्थान और एक सीट पर चौथे स्थान पर रहकर करीब दस प्रतिशत मत प्राप्त किया। गया जिले के इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में जन सुराज पार्टी (जेएसपी) के उम्मीदवार जितेंद्र पासवान को 37,103 मत प्राप्त हुआ। वे यहां तीसरे स्थान पर रहे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र राम मांझी की बहू और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की दीपा मांझी ने 53,435 वोट पाकर सीट पर कब्जा किया। तरारी विधानसभा क्षेत्र में जन सुराज पार्टी की उम्मीदवार किरण सिंह 5,592 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि 78,564 मतों के साथ भाजपा उम्मीदवार विशाल प्रशांत विजयी हुए।रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जेएसपी उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह 6,513 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे। भाजपा उम्मीदवार अशोक कुमार सिंह ने 62,257 वोट पाकर सीट पर कब्जा किया। बेलागंज से जेएसपी उम्मीदवार मोहम्मद अमजद तीसरे नंबर पर रहे। उन्हें 17,285 वोट मिले। इस सीट से जदयू उम्मीदवार मनोरमा देवी 73,334 वोट पाकर जीतीं। बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी के लिए प्रशांत किशोर के पास पूरा एक साल है। बिहार के मतदाताओं को स्वच्छ राजनीति देने का वादा करते हुए प्रशांत किशोर ने दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर जन सुराज पार्टी का गठन किया था। चार विधानसभा उपचुनाव में एनडीए और आईएनडीआईए ब्लॉक के बीच द्विध्रुवीय मुकाबला माना जा रहा था, लेकिन जब जन सुराज पार्टी ने सभी चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे तो उपचुनाव त्रिकोणीय हो गया। खुद को पार्टी अध्यक्ष के रूप में नामित करने के बजाय, किशोर ने एक पूर्व आईएफएस अधिकारी मनोज भारती को इस पद पर नियुक्त किया। उपचुनाव अभियान के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चार और लालू प्रसाद ने एक सभा को संबोधित किया, जबकि प्रशांत किशोर ने चार निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करते हुए 125 सभाओं को संबोधित किया। अपने संबोधनों में उन्होंने मतदाताओं से कहा कि लालू और नीतीश ने तीन दशकों से अधिक समय तक बिहार पर शासन किया है और उनका समय समाप्त हो गया है।



जन सुराज पार्टी चार विस सीटों में से कोई नहीं जीत पाई

## एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले और मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राज्यपाल ने एकनाथ शिंदे को नया मुख्यमंत्री बनने तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करने को कहा है। राज्यपाल जल्द ही राज्य की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी को सरकार बनाने का न्योता देंगे। राज्य में 14वीं विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इसी वजह से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार आज दिन में 11 बजे मुंबई में राजभवन में पहुंचे थे और एकनाथ शिंदे ने अपना इस्तीफा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को सौंप दिया।



## चार राज्यों की छह राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव 20 दिसंबर को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को चार राज्यों की 6 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की है। इसमें आंध्र प्रदेश की तीन और ओडिशा, पश्चिम बंगाल तथा हरियाणा की एक-एक सीट शामिल है। चुनाव आयोग के अनुसार उपचुनाव के लिए अधिसूचना 3 दिसंबर को जारी की जाएगी और मतदान 20 दिसंबर को होगा। उसी दिन नतीजे आएंगे। उल्लेखनीय है कि ये सभी सीटें वेंकटरमण राव मोपीदेवी, जवाहर सरकार और कृष्ण लाल पंवार के इस्तीफे के कारण रिक्त हुई थीं।

## बनारस के 'दादा' के निधन पर पीएम मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी के वाराणसी की राजनीति के 'दादा' उपनाम से प्रसिद्ध भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता श्यामदेव राय चौधरी के निधन पर शोक जताया। पीएम मोदी ने कहा कि श्यामदेव राय चौधरी ने ना केवल संगठन को सींचने और संवारने में अहम योगदान दिया था, बल्कि काशी के विकास के लिए भी वे पूरे समर्पण भाव से जुटे रहे। पीएम मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जनसेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता श्यामदेव राय चौधरी जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। स्नेह भाव से हम सभी उन्हें 'दादा' कहते थे।

## तेलंगाना सीएम ने प्रियंका गांधी को वायनाड में जीत पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने मंगलवार को कांग्रेस महासचिव और केरल की वायनाड सीट से नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रियंका गांधी को वायनाड लोकसभा उपचुनाव में मिली प्रचंड जीत पर बधाई दी और शुभकामनाएं दी।

## संभल की हिंसा को स्वीकारा नहीं जा सकता : नरेंद्र कश्यप

**मैनपुरी।** पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग कल्याण राज्यमंत्री और मैनपुरी जिला के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को संभल की घटना पर बयान दिया है। संभल की घटना को नरेंद्र कश्यप ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था तीन ध्रुवों पर चलती है न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका। न्यायपालिका हमारे लोकतंत्र का सबसे सर्वोत्तम घटक है।

## स्वदेश लौटे गौतम गंभीर

**पर्थ (हि.स.)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर पारिवारिक आपात स्थिति के कारण वापस दिल्ली लौट गए हैं। वह 6 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया वापस लौटेंगे। इस बीच, रोहित शर्मा की टीम बुधवार को कैनबरा जाएगी, जहां 30 नवंबर और 1 दिसंबर को मनुका ओवल में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ मैच खेला जाएगा। गंभीर की अनुपस्थिति में सहायक कोच अभिषेक नायर, रेयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल कैनबरा में गुलाबी गेंद से होने वाले मैच के लिए टीम की कमान संभालेंगे। यह मैच 6 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट से पहले खेला जाएगा।

## विश्व शतरंज चैंपियनशिप: गुकेश ने दूसरी बाजी ड्रॉ कराई

**सिंगापुर(आईएएनएस)।** भारतीय चैलेंजर गुकेश डोमराजू ने मंगलवार को यहां सैंटोसा रिसॉर्ट्स में विश्व चैंपियनशिप 2024 के अपने मुकाबले की दूसरी बाजी में चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को ड्रा पर रोक दिया, इस 14 गेम के मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद उन्होंने अपना खाता खोला। 18 साल की उम्र में खिताब जीतने और सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने के प्रबल दावेदार माने जा रहे गुकेश को सोमवार को पहले गेम में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए, काले मोहरों के साथ डिंग को ड्रॉ पर रोकना उनके आत्मविश्वास के लिए अच्छा रहा। दूसरे गेम में, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने पहले दिन की अपनी घबराहट को शांत किया। मंगलवार को, भारतीय किशोर विश्व चैंपियन द्वारा किए गए एक आश्चर्यजनक हमले से बच गए, जिन्होंने किंग पॉन ओपनिंग में शायद ही कभी खेली जाने वाली लाइन चुनी, लेकिन चालों की तीन गुना पुनरावृत्ति के माध्यम से खेल को बराबरी पर लाने के लिए स्थिति को बेअसर कर दिया। मैच 23 चालों में समाप्त हुआ। सफेद मोहरों के साथ खेलने वाले डिंग को लगा कि वे कुछ लाइनों से चूक गए, जो उन्हें बड़ा लाभ दे सकती थीं।




**चीनी जीएम जो अपने प्रतिद्वंद्वी से 14 साल बड़े हैं, ने खुद को ज्यादा थका नहीं और समय की कमी से बचा लिया और गुकेश से हाथ मिलाकर खुशी-खुशी अंक साझा किया।**

आईपीएल 2025

# मेगा नीलामी में पांच सबसे महंगे खिलाड़ी और पांच अनसोल्ड खिलाड़ी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित आईपीएल 2025 की नीलामी में कई रिकॉर्ड तोड़ने वाले सौदे देखने को मिले। 72 खिलाड़ियों पर 467.95 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ, फ्रेंचाइजी ने अपनी टीमों को मजबूत करने के लिए पैसे लुटाने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। नीलामी का मुख्य आकर्षण ऋषभ पंत रहे, जिन्होंने नीलामी के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस स्टार विकेट कीपर को 27 करोड़ रुपये में खरीदा।

### महंगे खिलाड़ी



**ऋषभ पंत (27 करोड़, लखनऊ):** ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा। लखनऊ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स जैसी टीमों के खिलाफ बोली लगाई, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स अपने पूर्व कप्तान को वापस पाने की होड़ में सबसे आगे थी। पंत, 111 मैचों में 3,284 रन और 148.9 की स्ट्राइक रेट के साथ एक शानदार बल्लेबाज हैं। साथ ही वह एक अच्छे कप्तानी विकल्प हैं, जो लखनऊ की बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करेगी ।



**श्रेयस अय्यर (26.75 करोड़ रुपये, पंजाब):** कोलकाता नाइट राइडर्स को 2024 में आईपीएल खिताब जिताने वाले श्रेयस अय्यर, अब पंजाब किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे। पंजाब ने 26.75 करोड़ रुपये की मोटी रकम देकर उन्हें खरीदा है। इस बोली में पंजाब, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता ने हिस्सा लिया था। अय्यर ने सबसे ज्यादा पैसे पाने वाले खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल 2024 में मिशेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ दिया।



**वेंकटेश अय्यर (23.75 करोड़ रुपये, केकेआर):** टीम से पहले रिलीज किए जाने के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स ने वेंकटेश अय्यर को 23.75 करोड़ रुपये में फिर से हासिल करने के लिए हर संभव कोशिश की। अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले अय्यर ने केकेआर की सफलता में अहम भूमिका निभाई और फ्रेंचाइजी के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं। 2021 में डेब्यू करने के बाद से अपने 51 आईपीएल मैचों में अय्यर ने 137.13 की स्ट्राइक रेट से 1,326 रन बनाए हैं।



**अर्शदीप सिंह (18 करोड़ रुपये, पंजाब):** भारत के टी20 टीम के मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का प्रदर्शन पिछले कुछ साल में शानदार रहा है। उम्मीद के मुताबिक नीलामी में उन पर कई टीमों ने दाव खेला। चेन्नई, दिल्ली, राजस्थान और गुजरात जैसी टीमों ने आक्रामक पेशकश की। हालांकि, पंजाब सुपर किंग्स ने उन्हें रिटेन करने के लिए अपने राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल किया और 18 करोड़ रुपये में इस खिलाड़ी को एक बार फिर अपने साथ जोड़ा। 25 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज है।



**युजवेंद्र चहल ( 18 करोड़ रुपये, पंजाब)।** आईपीएल में 205 विकेट लेने वाले गेंदबाज युजवेंद्र चहल 18 करोड़ रुपये में पंजाब के सबसे बड़े स्पिन गेंदबाज बन गए। गुजरात, चेन्नई और लखनऊ ने शुरूआत में इस स्टार लेग स्पिनर के लिए प्रतिस्पर्धा की, लेकिन पंजाब ने आखिरकार जीत हासिल की। 160 आईपीएल मैचों में शानदार रिकॉर्ड के साथ चहल पंजाब के गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव और मैच जीतने का हुनर दोनों लेकर आते हैं। मुंबई, बेंगलुरु और राजस्थान के साथ खेलने के बाद यह चहल की चौथी आईपीएल टीम होगी।

### अनसोल्ड खिलाड़ी



**पृथ्वी शॉ (बेस प्राइस 75 लाख रुपये):** दिल्ली कैपिटल्स से रिलीज किए जाने के बाद कोई भी इस ओपनर को नहीं खरीदना चाहता था। उन्होंने कैपिटल्स के साथ अपने करियर की शुरूआत की और 79 मैच खेले, जिसमें 1893 रन बनाए। पिछले दो सीजन में वे केवल 16 मैच ही खेल पाए। पिछले सीजन में उन्होंने केवल 198 रन बनाए। वह गलत कारणों और फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण चर्चा में रहे।



**एंडरसन** को उम्मीद थी कि कोई ना कोई टीम तो उन्हें आईपीएल ऑक्शन में जरूर खरीदेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। 1.25 करोड़ के बेस प्राइस के एंडरसन को खरीदना तो छोड़िए, उनका नाम ही ऑक्शन में नहीं लिया गया।



**डेरिल मिचेल (बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये):** न्यूजीलैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी ने 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के लिए खुद को रजिस्टर किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईपीएल के पिछले संस्करण में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेला था लेकिन वह भी इस बार अनसोल्ड रहे।



**शार्दुल ठाकुर (बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये):** इस स्टार ऑलराउंडर का अनसोल्ड रहना एक बहुत बड़ा आश्चर्य था। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपनी छाप छोड़ने के बाद, शार्दुल को अच्छी डील मिलने की उम्मीद थी। हालांकि, वह नीलामी के दूसरे दिन आए जब टीमों के पास बहुत ज्यादा पैसे नहीं थे।



**डेविड वॉर्नर (बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये):** यह आईपीएल में सबसे यादगार करियर में से एक का अंत है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर को 2 करोड़ रुपये में कोई खरीदार नहीं मिला। अब सवाल यह है कि क्या हम उन्हें कमेंटेटर के तौर पर टूर्नामेंट में देखेंगे? वह पहले दिन की ही तरह दूसरे दिन भी अनसोल्ड रहे। डेविड वॉर्नर का ना बिकना हैरानी की बात रही।

## 'हमने जो टीम चुनी है, उससे बहुत खुश हूं' :आकाश अंबानी

**जेद्दा, (आईएएनएस)।** आईपीएल 2025 की नीलामी के बाद जेद्दा में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने अपनी टीम में शामिल नए खिलाड़ियों पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी टीम के लिए नीलामी सफल रही। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले अपने मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा और अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर को शामिल करने का मकसद जसप्रीत बुमराह को अतिरिक्त सहायता प्रदान करना है और टीम की तेज गेंदबाजी को मजबूत करना था। यह तीन खिलाड़ी एक शानदार तेज गेंदबाजी तिकड़ी बनाते हैं। बल्लेबाजी के मोर्चे पर, विल जैक्स की एंट्री से लाइनअप में गहराई और बहुमुखी प्रतिभा जुड़ गई है, जो आगामी आईपीएल 2025 सीजन के लिए फ्रेंचाइजी के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़ावा है। आकाश ने जियोसिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि हमने जो टीम चुनी है उससे हम बहुत

## 'हमें वो खिलाड़ी मिल गए हैं जिन्हें हम चाहते थे' : कोच बदानी

**जेद्दा (आईएएनएस)।** आईपीएल 2025 नीलामी में 19 खिलाड़ियों को शामिल करने के साथ, दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमांग बदानी दो दिवसीय नीलामी के दौरान खरीदे गए खिलाड़ियों से खुश हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी के पहले दिन अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों का एक संतुलित मिश्रण हासिल किया। उनकी लिस्ट में केएल राहुल (14 करोड़), मिचेल स्टार्क (11.75 करोड़), जेक फ्रेजर-मैकगर्क (9 करोड़- आरटीएम), हैरी ब्रूक (6.25 करोड़), टी नटराजन (10.75 करोड़), करुण नायर (50 लाख), समीर रिजवी (95 लाख), आशुतोष शर्मा (3.80 करोड़) और मोहित शर्मा (2.20 करोड़) शामिल हैं। दिल्ली स्थित फ्रेंचाइजी ने

### आईपीएल 2025 नीलामी खत्म

# दस टीमों के खिलाड़ियों की पूरी लिस्ट जारी

**जेद्दा(आईएएनएस)।** आईपीएल 2025 सीजन की मेगा नीलामी पूरी हो चुकी है और हर फ्रेंचाइजी ने अपने स्क्वॉड तैयार कर लिए हैं। ऋषभ पंत ऑक्शन की लाइमलाइट रहे, जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा है। यह अब तक किसी भी खिलाड़ी को मिली सबसे ज्यादा रकम है। जबकि, 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीद लिया।

**मुंबई इंडियंस:**



हार्दिक पांड्या (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेल्टन, दीपक चाहर, अल्लाह गजनफर, विल जैक, अश्विनी कुमार, मिचेल सेंटनर, रीस टॉपले, श्रीजीत कृष्णन, राज अंगद बावा, वेंकट सत्यनारायण राजू, बेवॉन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर, लिजाद विलियम्स, विग्नेश पुथुर, सूर्यकुमार यादव।

**पंजाब किंग्स:**



श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, शशांक सिंह, प्रभसिमरन सिंह, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, मार्को जेनसन, जोश इंग्लिस, लॉकी फर्ग्यूसन, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर पन्नू, कुलदीप सेन , प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, जेवियर बार्टलेट, पायला अविनाश, प्रवीण दुबे, नेहल वढेरा।

**बेंगलुरु:**



विराट कोहली, रजत पाटीदार, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख डार, सुयश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

**हैदराबाद:**



पैट कमिंस (कप्तान), ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन, नितीश रेड्डी, इशान किशन, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, राहुल चाहर, एडम जम्पा, अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट , ब्रायडन कार्से, कामिंदु मेंडिस, अनिकेत वर्मा, ईशान मलिंगा, सचिन बेबी।

**चेन्नई:**



ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉन्वे, सैयद खलील अहमद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सम करन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ।

**दिल्ली:**



केएल राहुल, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, टी नटराजन, मिचेल स्टार्क, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस, मुकेश कुमार, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, दुष्मंता चमीरा, डोनोवन फरेरा, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी।

**गुजरात:**



शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, राहुल तेवतिया, राशिद खान, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वाशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएट्जी, मोहम्मद अरशद खान, गुरनूर सिंह बराड़, शेरफेन रदरफोर्ड, आर. साई किशोर, इशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया।

**लखनऊ:**



ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, निकोलस पूरन, मिचेल मार्श, आवेश खान, मयंक यादव, मोहसिन खान, रवि बिश्नोई, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, आकाश दीप, हिम्मत सिंह, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, मैथ्यू ब्रीत्जके।

**राजस्थान:**



यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, जोफ्रा आर्चर, शिमरोन हेटमायर, वानिंदु हसरंगा, महेश तीक्षणा, संदीप शर्मा, आकाश मधवाल, कार्तिकेय सिंह, नीतीश राणा, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, युद्धवीर चरक, फजलहक फारूकी, वैभव सूर्यवंशी, क्वेना मफाका, कुणाल राठौड़, अशोक शर्मा।

**कोलकाता:**



वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, एनरिक नॉत्र्जे, हर्षित राणा गेंदबाज, रमनदीप सिंह, क्विंटन डिकॉक, अंगकृष रघुवंशी, रहमनुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, मयंक मार्कंडेय, रोवमन पॉवेल, मनीष पांडे, स्पेंसर जॉनसन, लवनीथ सिसोदिया, अनुकूल रॉय, मोईन अली, उमरान मलिक, अजिंक्य रहाणे।

**62** विदेशी खिलाड़ी **182** भारतीय खिलाड़ी शामिल है।




## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत में 2030 तक 970 मिलियन तक पहुंच जाएगा 5जी सब्सक्रिप्शन

**नई दिल्ली(आईएएनएस) ।** भारत में 5जी सब्सक्रिप्शन 2030 के अंत तक लगभग 970 मिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जो कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 74 प्रतिशत है। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष के अंत तक 5जी सब्सक्रिप्शन 270 मिलियन से अधिक हो जाने का अनुमान है, जो इस सेक्टर में कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 23 प्रतिशत है।

साथ ही, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में प्रति स्मार्टफोन औसत मासिक उपयोग सबसे अधिक है, जो 32 जीबी है और 2030 तक इसके 66 जीबी तक बढ़ने की उम्मीद है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने बड़े




पैमाने पर मिड-बैंड को स्थापित किया है और 2024 के अंत तक इसके लगभग 95 प्रतिशत जनसंख्या कवरेज तक पहुंचने की उम्मीद है। एरिक्सन के नेटवर्क समाधान, सॉफ्टवेयर और प्रदर्शन प्रमुख उमंग जिंदल ने कहा कि जेनएआई के कंज्यूमर अपटेक के साथ ट्रैफिक के साथ-साथ बेस लाइन में बढ़ोतरी होगी। भारत में पहले से ही सबसे ज्यादा प्रति स्मार्टफोन औसत मासिक उपयोग 32 जीबी है, जो 13 प्रतिशत सीएजीआर के साथ बढ़ रहा है और 2030 तक 66 जीबी तक पहुंच जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, 67 प्रतिशत 5जी स्मार्टफोन यूजर्स अगले पांच वर्षों में साप्ताहिक आधार पर जेनएआई एप का इस्तेमाल करेंगे।

नई एरिक्सन कंज्यूमरलैब रिसर्च के अनुसार, तीन में से एक जेन जेड स्मार्टफोन यूजर का कहना है कि वे 5जी नेटवर्क पर ज्यादा बेहतर जेन एआई का एक्सपीरियंस की उम्मीद करते हैं। इस रिसर्च में भारत में विश्वसनीय कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में टियर 3 शहरों में 5जी कनेक्टिविटी से उच्च संतुष्टि की रिपोर्ट करने वाले यूजर्स की हिस्सेदारी दोगुनी हो गई।

## सरकार द्वारा बैंक गारंटी में छूट से टेलीकॉम कंपनियों पर आर्थिक बोझ होगा कम : इंडस्ट्री



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** सरकार द्वारा 2022 से पहले जारी स्पेक्ट्रम पर बैंक गारंटी छूट के फैसले का इंडस्ट्री द्वारा स्वागत किया गया। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि इस फैसले से ग्रामीण इलाकों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बल मिलेगा। इस निर्णय से प्रमुख दूरसंचार कंपनियों, विशेष रूप से वोडाफोन आइडिया को महत्वपूर्ण राहत मिलने की उम्मीद है, कंपनी पर सामूहिक रूप से 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक गारंटी बकाया है। सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक,लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एसपी कोचर ने कहा, हम केंद्रीय मंत्रिमंडल के कदम का स्वागत करते हैं और 2022 से पहले खरीदे गए स्पेक्ट्रम पर दूरसंचार ऑपरेटरों के लिए बैंक गारंटी की छूट को मंजूरी देने पर सरकार को धन्यवाद देते हैं। यह ऐतिहासिक निर्णय देश में दूरसंचार ऑपरेटरों पर वित्तीय बोझ को कम करने में काफी मदद करेगा। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने उद्योग जगत की राहत की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए पहले इस कदम का प्रस्ताव रखा था।

# वैश्विक फोल्डेबल स्मार्टफोन बाजार में गिरावट, सैमसंग फिर बना नंबर वन

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** इस साल की तीसरी तिमाही में वैश्विक फोल्डेबल स्मार्टफोन शिपमेंट्स में 1% की गिरावट दर्ज की गई, जो इस तिमाही में पहली बार हुई। हालांकि, सैमसंग ने 56% बाजार हिस्सेदारी के साथ फिर से टॉप पोजीशन हासिल कर ली।

काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक, फोल्डेबल स्मार्टफोन बाजार अब बदलाव के दौर से गुजर रहा है। यह एक छोटे खास वर्ग से निकलकर आम बाजार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इसमें कई चुनौतियां हैं।

फोल्डेबल फोन के बुक-टाइप मॉडल्स को यूजर्स के बीच खासा पसंद किया जा रहा है। लेकिन इनकी ऊंची कीमतें बड़े पैमाने पर इनकी बिक्री में सबसे बड़ी रुकावट बनी हुई हैं।

विश्लेषक जेने पार्क का कहना है



कि अगर निमार्ता कीमतें कम करने, तकनीकी गुणवत्ता बढ़ाने और उपभोक्ता का भरोसा मजबूत करने पर ध्यान दें, तो ये चुनौतियां खत्म हो सकती हैं।

सैमसंग ने जेड6 सीरीज के लॉन्च के साथ अपनी नंबर वन पोजीशन फिर से हासिल की। हालांकि, कंपनी की यूनिट शिपमेंट्स में पिछले साल की तुलना में 21% की गिरावट आई। गैलेक्सी फोल्ड 6 ने औसत प्रदर्शन किया। गैलेक्सी जेड फ्लिप 6 अपने पुराने मॉडल की बिक्री के आंकड़े नहीं छू सका। सैमसंग को अब नॉर्थ अमेरिका में मोटो के रेजर फ्लिप फोल्डेबल और पश्चिमी यूरोप में ऑनर के मैजिक वी सीरीज जैसे स्लिम और आकर्षक डिवाइस से कड़ी प्रतिस्पर्धा मिल रही है।

शाओमी ने 185% की सालाना वृद्धि के साथ सबसे तेज ग्रोथ दर्ज की। इसका कारण था इसके पहले क्लैमशेल मॉडल मिक्स फ्लिप का लॉन्च और चीन के बाहर अन्य बाजारों में एंट्री। शाओमी की बाजार हिस्सेदारी अब 6% तक पहुंच गई है, जो 2021 की शुरूआत से अब तक सबसे ज्यादा है।

## एक नजर

### संविधान भारत के शासन की आत्मा है : प्राचार्य

**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएसएस पदाधिकारी जयप्रकाश राम के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.के. पांडेय ने संविधान को भारत की शासन व्यवस्था की आत्मा बताया। उन्होंने छात्रों को अधिकार, कर्तव्य और न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका की भूमिका समझाई। बीबीए के सहायक प्राध्यापक करण थापा ने संविधान के प्रति आस्था बनाए रखने और इसे मजबूत लोकतंत्र के लिए जनसाधारण तक पहुंचाने की अपील की। इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक रवि रोशन मिंज और एनएसएस स्वयंसेवक कृष जायसवाल ने संविधान की विशालता और विश्व के सबसे बड़े लिखित संविधान के महत्व पर चर्चा की।

### संविधान दिवस पर समाहरणालय में प्रस्तावना का हुआ सामूहिक पाठ

**मेदिनीनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व छत्तरपुर भूमि उप समाहर्ता सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी और जिला कल्याण पदाधिकारी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया और मौलिक कर्तव्यों के पालन का संकल्प लिया। छत्तरपुर भूमि उप समाहर्ता ने शपथ दिलाते हुए कहा कि संविधान दिवस राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। यह दिन हमें हमारे संविधान के महत्व की याद दिलाता है, जो हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है।
संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जिले के अन्य प्रखंडों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए,

### संविधान की जानकारी सभी को रखना चाहिए: लल्लू राम

**भवनाथपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में मंगलवार को भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में भारत का संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर शपथ लिया। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने संविधान पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय संविधान सभी ग्रंथों का एक महाग्रंथ है। संविधान धर्म निरपेक्ष लोकतंत्र है। संविधान की चर्चा हर घर में होनी चाहिए, हर घरों में संविधान होना चाहिए और अनुच्छेदों के बारे में सबको जानकारी रखना चाहिए, ताकि किसी भी कार्य को करने से पहले गलत और सही का एहसास हो। संविधान की जानकारी नहीं रहने के कारण इस देश में लोग कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं, देश में कुछ राजनीतिक दल भारतीय संविधान को बदलना चाहते हैं।

# अवैध लकड़ी के साथ 7 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह के छिपादोहर थाना पुलिस व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त अभियान में मंगलवार की अहली सुबह थाना क्षेत्र के हेहेगड़ा के मंगरधारी वन क्षेत्र में 13 पीस अवैध साल (सखुआ) के बोटा के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि हेहेगड़ा वन क्षेत्र से अवैध तरीके से कीमती इमारती लकड़ियों की कटाई की जा रही है और उसे बाहर बेचा जा रहा है।



सूचना के बाद वन विभाग और छिपादोहर पुलिस संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान हेहेगड़ा के मंगरधारी वन क्षेत्र में कुछ लोगों को साइकिल पर कीमती लकड़ी ढ़ोते देखा गया। पुलिस ने वहां मौजूद सभी सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में कमलेश यादव, कृष्णा यादव, चंद्रदेव यादव, सोनू यादव, नागेंद्र यादव व लालू यादव का नाम शामिल है। सभी छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के चकलवा गांव के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि उनके पास से सात बोटा व सात साइकिल जब्त किया गया है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह के अलावा एसआई रितेश कुमार राव,सरोज दास, एएसआई राजेश कुमार, प्रभारी वनपाल नंदलाल साहू, नवीन प्रसाद गुप्ता, रामनिवास, वनरक्षी अमित प्रसाद, अमर कुमार बड़ाइक, अभिषेक कुमार, दिलीप कुमार, राहुल कुमार दास व सत्यनारायण उरांव समेत पुलिस के कई जवान शामिल थे।

### आलोक चौरसिया की जीत पर दुर्गा प्रसाद जौहरी ने व्यवसायियों और मतदाताओं का जताया आभार

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने विधानसभा क्षेत्र से आलोक चौरसिया के प्रति समर्थन करने वाले सभी व्यवसायियों और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में मिले अभूतपूर्व समर्थन से आलोक चौरसिया की जीत सुनिश्चित हुई है। जौहरी ने बताया कि चुनाव से पहले व्यवसायी वर्ग की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने का आश्वासन दिया गया था। चुनाव परिणामों से यह स्पष्ट हो गया कि बाजार क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को अभूतपूर्व समर्थन मिला है।

## आठवीं बोर्ड परीक्षा का रजिस्ट्रेशन 20 दिसंबर तक

### प्रधानाध्यापकों को सतर्कता से कार्य करने की सलाह दी गई




**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में अध्ययनरत आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने आठवीं बोर्ड परीक्षा के रजिस्ट्रेशन की तिथि घोषित कर दी है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 26 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर 2024 तक चलेगी। बीपीएम नवीन प्रकाश ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सभी विद्यालय प्रधानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन समय पर पूरा हो। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय को अपने यूजर आईडी के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही से विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने में समस्या हो सकती है, इसलिए सभी प्रधानाध्यापकों को सतर्कता से कार्य करने की सलाह दी गई है।

**आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा करने का निर्देश**

रजिस्ट्रेशन के लिए छात्रों से उनके आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, और विद्यालय में उनकी उपस्थिति से संबंधित दस्तावेज मांगे जाएंगे। विद्यार्थियों और अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर विद्यालय में जमा करें। यह रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया राज्य स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए झारखंड सरकार की पहल का हिस्सा है।

## झामुमो की अभूतपूर्व सफलता पर अविनाश देव ने सीएम को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य और संत मरियम आवासीय विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सोमवार को राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस अवसर पर श्री देव ने मुख्यमंत्री सोरेन को उनकी दुबारा सत्ता में वापसी के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने हेमंत सरकार के कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है और हेमंत दुबारा के नारे को स्वीकार किया है।
अविनाश देव ने आगे कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार का पुनर्निर्माण आदिवासी, दलित, पिछड़े और शोषित वर्ग के लोगों के लिए संजीवनी साबित होगा। इस बार की सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य करेगी, और झारखंड में बेटियां अब बोझ नहीं, बल्कि राज्य और समाज की ताकत बनेंगी। उन्होंने कहा कि मईया सम्मान योजना ने इस सकारात्मक बदलाव के लिए एक सशक्त वातावरण तैयार किया है।

**राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार का पुनर्निर्माण आदिवासी, दलित, पिछड़े और शोषित वर्ग के लोगों के लिए संजीवनी साबित होगा : अविनाश देव**

## न्यूज बॉक्स

### टेंपो व बाइक की टक्कर में चार घायल, एक गंभीर

**बरवाडीह (लातेहार)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह-मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित कुल्ही नाला शिव मंदिर के पास टेंपो और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में टेंपो चालक व मोटरसाइकिल चालक समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में अरविंद सिंह (27), देवलाल सिंह, (18), श्रवण सिंह, (22), रमेश सिंह (35) सभी पांकी घायल हो गए। इनमें अरविंद सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे रेफर कर दिया गया है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह भर्ती कराया गया। डॉ, अनुपमा एक्का, ड्रेसर राजेश चंद्र (बबलू), एएनएम आरती रजनी सुरीन, माधुरी कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उपचार किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना की खबर सुन कांग्रेस नेता सह विधायक पुत्र विजय बहादुर सिंह, अंचल निरीक्षक सुरेश राम अस्पताल पहुचें और अपनी देखरेख में प्राथमिक उपचार कराया। कुछ लोगों ने बताया की टेंपो डालटनगंज से बरवाडीह की ओर आ रही थी। बाइक सवार बरवाडीह से डालटनगंज की और जा रहा था। घटना के बाद बरवाडीह पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### निर्धारित दर से तीन से चार गुणा अधिक दर पर लोग खरीद रहे बालू

**महुआडांड।** प्रखंड के किसी बालू घाट में बालू का उठाव नहीं शुरू किया गया है और न ही इसे लेकर कोई सार्थक पहल ही की जा रही है। इस कारण पीएम आवास, अबुआ आवास समेत सभी सरकारी और निजी विकास कार्य योजना पूरी तरह से प्रभावित हो चुकी हैं। बालू का उठाव नहीं होने से बिचौलिए तबके के लोग इसका भरपूर फायदा उठा रहें हैं। बाजार में मनमाने 3 से 4 गुणा उच्चें दामो पर नदी घाट से बालू उठाकर बालू बेचा जा रहा है। इससे राज्य सरकार के राजस्व की क्षति हो रही है। दूसरी ओर लोगों उच्चे दामों पर बालू खरीद रहे हैं। इस संबंध में लातेहार जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने कहा कि बालू घाट समिति द्वारा चलान का पिछले वर्ष का बकाया पैसा अब तक नहीं जमा करने के कारण विलंब हो रहा है। जैसे ही वह पैसा जमा करते हैं। बालू घाट से बालू उठाव का निर्देश दे दिया जायेगा। चोरी कर बालू घाट से बालू उठाव करने से घाटा भी हो जा रहा है। उन्होंने बताया कि बालू घाट से बालू उठाने का निर्देश नहीं मिलने से सबसे बड़ा नुकसान आम गरीब लोगों को हो रहा है। उन्हे निर्धारित रेट से तीन से चार गुणा अधिक मूल्य चुका कर बालू खरीदना पड़ रहा है। इसका फायदा बिचौलिए उठा रहे हैं।

### हाथियों की झुंड ने भैंस को किया घायल

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का आतंक जारी है। हाथी क्षेत्र में उत्पात मचाते रहते हैं, जिससे ग्रामीणों में हमेशा भय बना रहता है। सोमवार की रात भी माल्हन पंचायत के मरमर गांव में हाथियों का झुंड आ धमका और घर के बाहर खूंटे पर बंधे धनेश्वर मुंडा के भैंस को घायल कर दिया। भैंस के चिल्लाने की आवाज सुन गांव वाले जग गए और हाथियों को भगाने का प्रयास किया। थोड़ी देर बाद हाथी जंगल की ओर निकल गए। गांव में हाथियों के आगमन की सूचना मिलते ही ग्रामीण दहशत में आ गए। बता दें कि प्रखंड के चकला,जमीरा, माल्हन,बरवाटोली आदि क्षेत्रों में लगातार जंगली हाथियों का विचरण होता रहता है। जंगली हाथियों के झुंड ने अबतक कई लोगों की जान ले ली है और सैकड़ों किसानों के जान माल की भी क्षति पहुंचाई है।

### संविधान दिवस पर याद किये गये बीआर अंबेडकर

**लातेहार।** बनवारी साहू महाविद्यालय में राष्ट्रीय योजना सेवा एनएसएस के तत्वावधान में मंगलवार के संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो. पीके मिश्रा व एनएसएस के नोडल अधिकारी नवल किशोर प्रसाद समेत अन्य लोगों ने संविधान निमार्ता बाबा भीमराम अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यापर्ण कर दीप जलाकर उद्घाटन किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि 26 नवंबर 1949 के दिन ही भारतीय संविधान के अंतिम संस्करण को कुछ बदलाव के साथ अपनाया गया था। बाद में सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा लोगों को संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देने के लिए 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने की शुरूआत की थी। प्रो. नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया था। भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान लागू किया गया। इसे हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय कर्मचारी, छात्र, छात्राओं ने संविधान की रक्षा करने की शपथ ली। मौके पर प्रो. शत्रुघ्न मेहता, प्रधान सहायक रेणु कुमारी, अनुपम मिश्रा, चंदन कुमार समेंत महाविद्यालय कई कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

### संविधान दिवस पर शपथ दिलायी गयी

**महुआडांड़।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में मंगलवार 26 नवंबर को भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना को राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष मुकेश कुमार ने पढ़कर शपथ दिलायी। इंटर कला के छात्र रजनीकांत ने भाषण दिया। इंटर प्रथम वर्ष कला के अभिषेक व मुकेश ने पीपीटी के माध्यम से संविधान के प्रमुख संशोधन पर प्रकाश डाला। छात्र शशि, अमन ने अपने विचार व्यक्त किया। इंटर द्वितीय वर्ष के छात्र अंकित ने पीपीटी के माध्यम से संविधान सभा के इतिहास और संविधान के महत्व को रेखांकित किया। वरीय शिक्षक अंशुमान चटर्जी ने संविधान की प्रासंगिकता बतलायी।

### नगर निगम आयुक्त ने औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

**मेदिनीनगर।** नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने शहर के विभिन्न स्थलों का औचक निरीक्षण किया और चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समदा आहर और कचरवा डैम के सौंदर्यीकरण कार्यों, अघोर आश्रम स्थित नवनिर्मित शवदाह गृह, पंपू कल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, और स्टेशन रोड सहित अन्य स्थलों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पंपू कल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में आ रही समस्याओं को शीघ्र हल करने का निर्देश दिया, ताकि स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। स्टेशन रोड पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति के नवनिर्माण के लिए भी निर्देश जारी किए। आयुक्त ने विभिन्न तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया और कचरवा डैम तथा समदा आहर में कार्य प्रगति को लेकर संतोष जताया, लेकिन इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, विमेंस कॉलेज रोड पर बनाए जा रहे ग्रीन जोन की प्रगति का भी निरीक्षण किया गया।

## जेंडर आधारित नई चेतना अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** प्रखंड कार्यालय सभागार में पलाश जेएसएलपीएस जिला मिशन प्रबंधन इकाई लातेहार के तत्वावधान में जेंडर आधारित नई चेतना (पहल बदलाव की) को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेमब्रेंम,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी लातेहार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला प्रबंधक रोजालिया लकड़ा, आंगनबाड़ी सेविका दीदियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जेंडर से संबंधित हिंसा को बहुत ही सरल एवं सहज भाषा में बताया। कहा कि हिंसा तो हमारे घर से ही रोजाना शुरूआत होती है जिसपर अंकुश लगाना हमलोगों की पहली प्राथमिकता है, दूसरों को जागरूक कर सकते हैं। साथ ही रोजाना के जीवन शैली के आधार पर बहुत ही सरल भाषा में जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके तहत कैसे हम सभी मिलकर जेंडर आधारित महिलाओं, बच्चों पर हिंसा पर जागरूकता ला सकते हैं। साथ ही उस पर अंकुश लगा सकते हैं। समाज कल्याण विभाग से मिलने वाली महिलाओं व बच्चों के लिए सरकारी योजनाओं को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। पलाश जेएसएलपीएस के सहयोग से इन तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए अपील की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि नई चेतना अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2024 तक चलाया जायेगा। अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं से समन्वय स्थापित कर धरातल पर काम करने की आवश्यकता बल दिया जायेगा, ताकि इस कुरीतियां से महिलाओं और बच्चों को बचाया जा सके। डीपीएम संतोष कुमार ने पूरे एक माह के अभियान का प्रतिदिन का रोड मैप को लेकर विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से बताया। कार्यशाला में मुख्य रूप से पलाश जेएसएलपीएस के सभी प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सामुदायिक समन्वयक, पीआरपी,क्लस्टर मैनेजर, लातेहार प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थे।



## पेज एक के शेष

### जीवंत और प्रगतिशील...

न्यायपालिका के साथ-साथ सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ताकत मिलती है। हमारे संविधान में प्रत्येक नागरिक के मौलिक कर्तव्यों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना, समाज में समरसता को बढ़ावा देना, महिलाओं के सम्मान को सुनिश्चित करना, पर्यावरण की रक्षा करना, वैज्ञानिक सोच विकसित करना, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना और राष्ट्र को उपलब्धियों के नए स्तर पर ले जाना नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों में शामिल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि संविधान की भावना के अनुसार कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका का मिलकर यह दायित्व है कि वे सामान्य लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए मिलजुल कर काम करें। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे निर्णयों से लोगों के जीवन में सुधार हुआ है और उन्हें विकास के नए अवसर मिल रहे हैं।

### संविधान व संविधान...

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा संविधान देश की हर अपेक्षा और जरूरत पर खरा उतरा है। संविधान की ताकत के कारण ही आज बाबा साहेब का संविधान जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह लागू हो पाया है। पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया गया। आज भारत परिवर्तन के एक बड़े दौर से गुजर रहा है और भारत का संविधान हमें रास्ता दिखा रहा है। यह हमारे लिए एक मार्गदर्शक बन गया है।

### शपथ ग्रहण की...

यही कारण है कि रांची पुलिस और जिला प्रशासन शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रहा है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए मोरहाबादी मैदान में बड़ा मंच बनाया जा रहा है, जिसमें 50- 60 लोग बड़े आराम से बैठ सकते हैं। मैदान को पांच लेयर में रखा गया है, जिसमें बैठने की व्यवस्था की जा रही है। मंच के सामने की जगह को पूरी तरह से खुला रखा जा रहा है, ताकि जिन्हें बैठने की जगह न मिले वे सामने से खड़ा होकर शपथ ग्रहण देख सकें। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह को लेकर एयरपोर्ट, होटल, सर्किट हाउस और मोरहाबादी मैदान की सुरक्षा काफी सख्त और कड़ी रहेगी। शपथ ग्रहण में कई राज्यों के मुख्यमंत्री सहित 10-12 वीवीआईपी गेस्ट आने वाले हैं। कुछ गेस्ट 27 नवंबर को ही रांची पहुंच जाएंगे। ऐसे में रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल तक और सर्किट हाउस तक सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। वीआईपी अतिथियों के लिए एस्कॉर्ट वाहन तैयार हो चुके हैं। इसकी जिम्मेदारी डीएसपी रैंक के अधिकारियों के जिम्मे होगी। एसपी ने बताया कि रांची एयरपोर्ट, होटल, सर्किट हाउस, मोरहाबादी मैदान और रूट में तैनाती के लिए लगभग चार हजार से ज्यादा जवानों को तैनाती की जाएगी। ट्रैफिक को लेकर स्पेशल जवानों को जिम्मेदारी दी जाएगी। कार्यक्रम को लेकर पुलिस मुख्यालय से भी अतिरिक्त बल मुहैया कराया जा रहा है।

### कैबिनेट में जगह...

कांग्रेस 16 सीटें जीतने में सफल रही है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को 4 सीटों पर जीत मिली है। सीपीआईएमएल को भी दो सीटें मिली हैं। जानकारी के अनुसार, मंत्री पद को लेकर नव निर्वाचित झामुमो विधायक मथुरा महतो ने भी अपनी दावेदारी जताई है। पूर्व में मथुरा महतो कृषि और राजस्व मंत्री रह चुके हैं। पिछली हेमंत सरकार में मथुरा महतो विधानसभा में पार्टी के सचेतक थे। मथुरा महतो के अलावा अन्य विधायकों ने भी मंत्री बनने के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। सूत्रों के अनुसार, इस बार के कैबिनेट में पुराने चेहरों के साथ-साथ कुछ नए चेहरे भी दिख सकते हैं। झामुमो, कांग्रेस और राजद में नए और पुराने चेहरे दोनों मंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। झामुमो से दीपक बिरूआ, हफीजुल हसन, रामदास सोरेन, मथुरा महतो, सुदिव्य सोनू, बंसत सोरेन, हेमलाल मुर्मू और लुईस मरांडी मंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। जबकि, कांग्रेस से डॉ रामेश्वर उरांव, अनूप सिंह, इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, प्रदीप यादव, शिल्पी नेहा तिर्की, नमन विक्सल कोंगाड़ी, राजेश कच्छप का नाम मंत्री बनने की दौड़ में आगे हैं। राजद से सुरेश पासवान मंत्री बन सकते हैं। राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने सुरेश पासवान के नाम की घोषणा भी कर दी है।

### हेमंत सोरेन का...

पीएम मोदी से मिलने से पहले हेमंत व उनकी पत्नी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने संसद भवन पहुंचे थे। मालूम हो कि इस महीने हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो ने झारखंड के 81 में से 34 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, भाजपा को 21, आजसू को एक, लोजपा (रामविलास) को एक, जनता दल यूनाइटेड को एक तथा झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) को एक सीट पर जीत मिली है। इससे पहले, हेमंत सोरेन व उनकी पत्नी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी से भी मुलाकात की। झामुमो के झारखंड जीत पर हेमंत सोरेन की तो चर्चा है ही, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की चर्चा सबसे ज्यादा प्रचार करने को लेकर है। इसके पहले कोई कल्पना भी नहीं कर रहा था कि यह महिला महाशक्तिशाली केंद्रीय सत्ताधारी मोदी-शाह के तमाम दाव-पेंच, तिकड़मों व केंद्रीय सत्ता व एजंसियों के हर तरह के उपक्रम को ध्वस्त करते हुए झामुमो की सबसे बड़ी खेवनहार बनकर उभरेगी। उसके आगे देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों के लाइजनरों की फौज व धन के कंटेनरों का खुला मुंह भी मुंह की खा गया। जो कि किसके-किसके केलेजे में कांटा बन चुभा होगा, यह जानने वाले अच्छी तरह जानते हैं।

### सोरेन सरकार ला...

परिणाम आने के बाद इंटरव्यू की तारीख भी जारी होनी है। इसके अलावा, झारखंड में असिस्टेंट प्रोफेसर, जेआरएफ व पीएचडी एडमिशन के लिए जेट परीक्षा का भी आयोजन होना है। सरकारी विश्वविद्यालयों में 2404 असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर और कॉलेज प्रिंसिपल की नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूरी होनी है। बीएयू में टीचर्स की भर्ती व डीन की नियुक्ति होनी है। इसके अलावा, जो सबसे जरूरी काम होने वाला है, वह है झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति का, क्योंकि यह पद अभी खाली है। डॉ नीलिमा केरकेट्टा का कार्यकाल इस वर्ष 22 अगस्त को समाप्त हुआ था और उसके बाद से यह पद खाली है।

### 14वें मुख्यमंत्री के...

हेमंत सोरेन झारखंड में मुख्यमंत्री के रूप में चौथी बार शपथ लेने वाले पहले नेता होंगे। इसके पहले उन्होंने पहली बार 13 जुलाई 2013 को झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन के सहयोग से बनी सरकार में सीएम पद की शपथ ली थी। इस सरकार का कार्यकाल 23 दिसंबर 2014 तक था। दूसरी बार उन्होंने 29 दिसंबर 2019 में शपथ ली थी। 31 जनवरी 2024 को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। जमानत पर बाहर आने के बाद 04 जुलाई 2024 को उन्होंने तीसरी बार सीएम पद की शपथ ली थी। हेमंत सोरेन के पहले उनके पिता शिबू सोरेन और भाजपा के अर्जुन मुंडा तीन-तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं।

### लोकतंत्र के रक्षकों...

झारखंड लव-जिहाद लैंड-जिहाद के बाद अब पत्थरबाजों की गिरफ्त में आ चुका है। हाल यह है कि पत्थर चलाए जा रहे हैं। लाठी मारी जा रही है। घर तोड़े जा रहे हैं। वोट देने के आधार पर जनता को पीटा जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ऐसी ही घटना ग्राम मोहम्मदपुर, जिला साहिबगंज में सामने आई है, जहां एक व्यक्ति को सिर्फ इसलिए पीटा गया, धमकाया गया, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, क्योंकि उसने अपना विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर जताया था, वोट कमल के फूल पर दिया था। परिणाम आते ही झामुमो के गुंडे भाजपा समर्थित कार्यकताओं और वोटरों को पीट रहे हैं। गांव से बेदखल करने की धमकी दे रहे हैं और कह रहे हैं कि उनके हाथ में मुख्यमंत्री से लेकर थाना प्रभारी सभी हैं। इसलिए उनके कुकृत्यों के लिए कोई उनका बाल भी बांका नहीं कर सकता है। मरांडी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री के क्षेत्र में जनता को पूरा राशन नहीं मिल रहा है, पीने का पानी नहीं है, अबुवा आवास का पैसा नहीं मिल रहा है। कहा कि देश की जनता अपने संविधान प्रदत शक्तियों के कारण पांच साल में अपना जनप्रतिनिधि चुनती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## लेबनान पर इजरायल के हवाई हमले में 36 लोगों की मौत, 17 हुए घायल



**बेरूत।** दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने सोमवार को बताया कि पूर्वी लेबनान के बालबेक-हर्मेल प्रांत पर इजरायली एयर स्ट्राइक में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें नबी चिट गांव के एक रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में आठ और हर्मेल में तीन अन्य लोग शामिल हैं।

## जापान के अंतरिक्ष केंद्र में लगी आग, रॉकेट इंजन का परीक्षण रोका गया

**टोक्यो (हि.स.)।** जापान की अंतरिक्ष एजेंसी 'एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन' (जेएएक्सए) ने दक्षिण-पश्चिमी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र में आग लगने के बाद एप्सिलॉन एस रॉकेट इंजन का परीक्षण रोक दिया। एस रॉकेट इंजन का प्रक्षेपण अगले साल मार्च के अंत में होना था। इस विफलता के कारण अब इस प्रक्षेपण में देरी हो सकती है। जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार, तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र में इंजन का जमीनी दहन परीक्षण शुरू होने के तुरंत बाद विस्फोट हुआ। इंजन परीक्षण में प्रज्ज्वलन के 49 सेकेंड बाद 'दहन असामान्यता' का सामना करना पड़ा।

## बीआरआई प्रोजेक्ट को ले चीन जाएंगी नेपाल की विदेश मंत्री

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल की विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के दिसंबर के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित चीन दौरे के पहले गुरुवार को बीजिंग के लिए रवाना होंगी। डॉ राणा के दौरे का उद्देश्य बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन समझौते को अंतिम रूप देना है। प्रधानमंत्री ओली के चीन दौरे में इस प्रोजेक्ट पर हस्ताक्षर किया जाएगा। काठमांडू में मंगलवार को ओली कैबिनेट की बैठक में विदेश मंत्री डॉ राणा की चीन यात्रा को मंजूरी दी गई। नेपाल सरकार के एक मंत्री के अनुसार यात्रा के दौरान डॉ राणा के साथ विदेश मंत्रालय के कुछ अधिकारी भी होंगे और शुक्रवार को बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मिलेंगे।

### पीटीआई कार्यकर्ताओं के साथ हिंसक झड़पों में छह सुरक्षाकर्मियों की मौत

# इस्लामाबाद में हालात बिगड़े, बुलाई गई सेना

- पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का विरोध प्रदर्शन जारी
- बुशरा बीबी ने विरोध स्थल बदलने से किया इनकार



**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और उसके आसपास, सुरक्षा स्थिति गंभीर होती जा रही है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ हिंसक झड़पों में कम से कम छह सुरक्षाकर्मियों की मौत के बाद देश के आंतरिक मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि संविधान के अनुच्छेद 245 के तहत सेना को तैनात किया गया है।

यह कदम बढ़ते तनाव, सरकार और पीटीआई नेताओं के बीच दूसरे दौर की वार्ता की विफलता के बीच उठाया गया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने राजधानी के डी-चौक की ओर मार्च करना जारी रखा है। पीटीआई प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में अब तक दो पुलिस अधिकारी और चार पाकिस्तानी रेंजर्स के जवानों की मौत हो चुकी है। सुरक्षा स्थिति तब और बिगड़ गई, जब इस्लामाबाद-श्रीनगर हाईवे पर पीटीआई प्रदर्शनकारियों का एक वाहन रेंजर्स से टकरा गया। इस्लामाबाद की चुंगी नंबर 26 पर हिंसक झड़पों में प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी की और उसके बाद गोलीबारी में एक रेंजर घायल हो गया। नवीनतम निर्देशों के अनुसार, अधिकारियों ने सुरक्षा कर्मियों को उपद्रवियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने और जरूरत पड़ने पर किसी भी दंगाई को गोली मारने जैसे चरम उपायों का इस्तेमाल करने को कहा है।

पाकिस्तान के गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में सेना को कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जब भी उचित लगे, कर्फ्यू लगाने का अधिकार भी दिया गया है। इस बीच, इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने विरोध स्थल बदलने से इनकार कर दिया। पीटीआई के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपने संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से अदियाला जेल में कम से कम दो बार मुलाकात की।

### कोई और अधिकारी चला रहा शो : मोहसिन

गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि इमरान खान की जगह पीटीआई में कोई बड़ा अधिकारी है, जो इस शो को चला रहा है। उन्होंने बुशरा बीबी का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, मेरी जानकारी के अनुसार, संगजानी में विरोध प्रदर्शन करने का हमारा प्रस्ताव अदियाला जेल में उनकी (पीटीआई) बैठक के दौरान स्वीकार कर लिया गया था। लेकिन, ऐसा लगता है कि अब पीटीआई में कोई बड़ा अधिकारी इस मामले को चला रहा है।

### बांग्लादेश में पुजारी की गिरफ्तारी पर बोले कृष्णम

# 'सनातन' को मिटाने की चल रही साजिश

**एजेंसी । गाजियाबाद**



बांग्लादेश में हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को ढाका में गिरफ्तार किए जाने की कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने तीखी आलोचना की है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि दुनिया में 'सनातन' को खत्म करने की साजिश चल रही है। आईएएनएस से बात करते हुए प्रमोद कृष्णम ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार इस्लाम की शिक्षाओं के खिलाफ हैं। इस्लाम घरों को जलाने, निर्दोष लोगों का खून बहाने या मंदिरों को नष्ट करने का समर्थन नहीं करता। जो लोग इस्लाम के नाम पर हिंदुओं की हत्या कर रहे हैं, वे आतंकवाद में लिप्त हैं। वे महिलाओं की इज्जत लूट रहे हैं और समुदाय में आतंक फैला रहे हैं। कृष्णम ने भारत सरकार से भी अपील की कि हिंदुओं की रक्षा के लिए कूटनीतिक कार्रवाई की जाए और बांग्लादेश के साथ बातचीत की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि जब तक नरेंद्र मोदी सत्ता में हैं, दुनिया में कहीं भी सनातन धर्म के किसी भी अनुयायी को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा।

### भारत ने चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर जताई चिंता

भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और चटगांव में पुंडरीक धाम के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी और बाद में उन्हें जमानत न दिए जाने पर 'गहरी चिंता' जताई है। दास को सोमवार को शाम 4:30 बजे हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) द्वारा हिरासत में लिया गया था। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, दास को 31 अक्टूबर को दर्ज एक मामले के संबंध में कड़ी सुरक्षा के बीच चटगांव के छठे मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट काजी शरीफुल इस्लाम के समक्ष मंगलवार को पेश किया गया। उनकी जमानत याचिक खारिज कर दी गई और उन्हें जेल भेज दिया गया। दास की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई जब मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार बांग्लादेश के हिंदू समुदाय पर अत्याचार करने के कई आरोपों का सामना कर रही है। भारत सरकार ने मंगलवार (26 अक्टूबर) को इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'हम चिन्मय कृष्ण दास, जो 'बांग्लादेश सम्मिलित सनातन जागरण जोत' के प्रवक्ता हैं।

## फेडरल जज ने ट्रंप के खिलाफ 'चुनाव में हस्तक्षेप मामले' को किया खारिज

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी राहत मिली है। फेडरल जज ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के बाद बदली हुई परिस्थितियों का हवाला देते हुए डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चुनाव में हस्तक्षेप का मामला खारिज कर दिया है।

विशेष अभियोजक जैक स्मिथ ने ट्रंप के खिलाफ 6 जनवरी के दंगों में कथित भूमिका और व्हाइट हाउस से गोपनीय दस्तावेजों को हटाने के संबंध में दो मामलों में न्यायाधीशों के समक्ष अनुरोध दायर किए थे। वाशिंगटन में न्यायाधीश तान्या चुटकन ने इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया और चुनाव हस्तक्षेप मामले में ट्रंप के खिलाफ सभी आरोपों को खारिज कर दिया। गोपनीय दस्तावेजों के मामले में न्यायाधीश ऐलीन कैनन ने स्मिथ द्वारा दायर मामले को खारिज कर दिया था, जिस पर उन्होंने उच्च न्यायालय में अपील की थी। उन्होंने कोर्ट को लिखा कि वह अपील को वापस लेते हैं और उन पर लगाए गए आरोपों को भी वापस ले रहे हैं। उम्मीद है कि अदालत इसका अनुपालन करेगी। स्मिथ ने कहा कि वह मौजूदा राष्ट्रपति पर मुकदमा चलाने के खिलाफ न्याय विभाग की नीति के कारण मामले को वापस ले रहे हैं, लेकिन वह अभियोजन पक्ष की वैधता का समर्थन करते हैं।

## अयोध्या से जनकपुर के लिए निकली राम बारात

**एजेंसी । अयोध्या**




गाजे-बाजे के साथ रामसेवक पुरम से जनकपुर के लिए श्री राम बारात ने मंगलवार को प्रस्थान किया। बारात में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए सैकड़ों की संख्या में बाराती शामिल हैं। बारात में भगवान श्री सीताराम के स्वरूप श्रीराम और माता सीता की प्रतिमा के साथ 51 तीर्थ स्थलों का पवित्र जल भी जनकपुर जा रहा है।

बारात की अगुवाई श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव एवं विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष चंपत राय कर रहे हैं, जो भगवान राम के पिता दशरथ की भूमिका में हैं। भगवान श्री राम के विवाह में कलियुग में त्रेता का नजारा देखने को मिल रहा है। बारातियों के उत्साह से लग रहा है कि कलियुग में भी इस तरह की बारात कभी नहीं निकाली होगी। भांगड़ा, ढोल की धुन पर जगह-जगह लोग नाचते हुए झूम रहे हैं और सीताराम विवाह के गीत, भजन गा रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री व श्रीराम बरात के संयोजक राजेंद्र सिंह 'पंकज' ने बताया कि श्रीराम विवाह में साधुओं और श्रद्धालुओं की सहभागिता है आज रामसेवकपुरम परिसर से बरात ने जनकपुर के लिए प्रस्थान किया है। बारात बक्सर, पटना, कांटी, सीतामढ़ी पुनौरा धाम, आदि स्थानों पर विश्राम लेते हुए 3 दिसंबर को जनकपुर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि 4 दिसंबर को समधी मिलन, 5 दिसंबर को मटकोर और 6 दिसंबर को राम जानकी मंदिर 12 छत बीघा मैदान में विवाह समारोह का आयोजन होगा। विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के संरक्षण में यह आयोजन हो रहा है। इस आयोजन में प्रमुख रूप से नरेंद्र बिंदल, रघुनाथ शाह, राम प्रकाश मिश्र, रमेश मिश्र व राजकिशोर सिंह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

## एजुकेशन/करियर

भारतीय वायु सेना ने एएफसीएटी-1 2025 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल और नॉन टेक्निकल) शाखाओं में ग्रुप 'ए' गैजेटेड अधिकारियों के लिए 336 वैकेंसी की घोषणा की गई है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 2 दिसंबर, 2024 से शुरू होगी और 31 दिसंबर, 2024 तक जारी रहेगी। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट afcat.cdac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**नोटिफिकेशन में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी दोनों ब्रांचेज में अवसरों की रूपरेखा :** नोटिफिकेशन के मुताबिक, एएफसीएटी 1 2025 रजिस्ट्रेशन का उद्देश्य फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल और नॉन टेक्निकल दोनों) ब्रांचेज में ग्रुप 'ए' गैजेटेड अधिकारियों के लिए 336 वैकेंसी को भरना होगा, जिसका कोर्स जनवरी 2026 में शुरू होगा। एएफसीएटी-1 2025 परीक्षा फरवरी 2025 में आयोजित की जाएगी, और एडमिट कार्ड परीक्षा तारीख से लगभग एक सप्ताह पहले जारी होने की उम्मीद है। नोटिफिकेशन में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी दोनों ब्रांचेज में अवसरों की रूपरेखा दी गई है, जो उम्मीदवारों को कमीशन अधिकारी के रूप में भारतीय वायु सेना में शामिल होने का एक शानदार मौका प्रदान करती है। डिटेल नोटिफिकेशन में पात्रता मानदंड, सिलेबस, एग्जाम पैटर्न और आवेदन संबंधी गाइडलाइन्स के बारे में जानकारी शामिल है, जो आधिकारिक वेबसाइट afcat.cdac.in पर उपलब्ध है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट रहें और लेटेस्ट अपडेट पाने के लिए लगातार वेबसाइट देखें।

# एयरफोर्स में भर्ती के लिए करें आवेदन



**रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 2 दिसंबर, से शुरू होगी और 31 दिसंबर, 2024 तक जारी रहेगी**

- **एएफसीएटी आवेदन फीस :** एएफसीएटी 1 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले उम्मीदवारों को 550/- रुपये प्लस जीएसटी (नॉन रिफंडेबल) का एग्जाम फीस का भुगतान करना होगा। यह फीस एनसीसी स्पेशल एंट्री के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को छोड़कर सभी उम्मीदवारों पर लागू होती है। एग्जाम फीस सभी आवेदकों के लिए जरूरी है और यह वापस नहीं की जाएगी।

## एएफसीएटी 2025 का आवेदन फॉर्म

- भारतीय वायु सेना फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल और नॉन टेक्निकल दोनों) ब्रांचेज में ग्रुप 'ए' गैजेटेड ऑफिसर पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन करने के लिए साल में दो बार वायु सेना कॉमन एडमिशन टेस्ट आयोजित करती है। 336 वैकेंसी के लिए एएफसीएटी 1 2025 विज्ञापन 21 नवंबर को जारी किया गया था।
- एएफसीएटी 1 2025 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 2 दिसंबर, 2024 को सुबह 11:00 बजे से शुरू होगा। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट careerindianairforce.cdac.in या afcat.cdac.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
- **एएफसीएटी फॉर्म:** afcat.cdac.in पर रजिस्ट्रेशन कैसे करें
- एएफसीएटी 1 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 2 दिसंबर, 2024 से शुरू होगी. अपना आवेदन सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए इन स्टेप का पालन करें:
- आधिकारिक वेबसाइट afcat.cdac.in या careerindianairforce.cdac.in पर जाएं।
- यदि आप नए यूजर हैं, तो अकाउंड बनाने के लिए 'रजिस्टर' पर क्लिक करें। रजिस्टर करने के लिए अपना ईमेल एड्रेस और मोबाइल नंबर जैसी जरूरी जानकारी प्रदान करें।
- अपने अकाउंट में लॉगिन करें और सटीक पर्सनल डिटेल, एजुकेशनल और प्रोफेशनल जानकारी के साथ एएफसीएटी 1 2025 आवेदन फॉर्म भरें।
- गाइडलाइन्स के मुताबिक अपनी फोटो, साइन और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट की स्कैन कॉपी अपलोड करें।
- ऑनलाइन पेमेंट मैथड का इस्तेमाल करके आवेदन फीस का भुगतान करें।
- सभी सेक्शन को पूरा करने और डिटेल को वेरिफाई करने के बाद अपना आवेदन जमा करें।
- आवेदन जमा करने के बाद एप्लिकेशन फॉर्म डाउनलोड कर लें।